रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 06 जून 2024, वर्ष-25, अंक-124, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




**सेंसेक्स**
74,382.24 ↑ +2,303

**डॉलर**
83.435 ↓ -0.152

**रांची सर्राफा**
10 ग्राम 68,100
01 किलो 98,000

## साढ़े तीन करोड़ का डोडा और दस लाख जब्त, तीन गिरफ्तार



**रामगढ़।** पुलिस को तीन जून की रात पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची की ओर से एक लाल रंग के छोटे ट्रकमें भारी मात्रा में डोडा कुज्जू ओपी क्षेत्र से हजारीबाग की ओर ले जाया जा रहा है। एक सफेद रंग का चार पहिया वाहन (जेएच01डीएच-9760) से ट्रक की निगरानी करते हुए उसे आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्त्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हजारीबाग जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कोरिया घाटी के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। तभी कोरिया घाटी मुख्य पथ पर रांची की ओर से एक सफेद रंग का महिन्द्रा एक्सयूवी कार और उसके पीछे एक लाल रंग का छोटा ट्रक जिसके उपर तिरपाल बांधा हुआ आते दिखाई दिया। शेष पेज 11 पर

**आज | कल**




# एनडीए की बैठक में नेता चुने गए मोदी
# आठ जून को लेंगे शपथ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री आवास पर बुधवार को हुई एनडीए की बैठक में सभी दलों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है। बताया गया कि आठ जून को एनडीए- 3 सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। इधर पीएम आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई बैठक में एनडीए नेताओं ने प्रस्ताव पारित कर कहा, भारत के 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। बहुत लंबे अंतराल, लगभग 6 दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता एकनाथ शिंदे, टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से चिराग पासवान, एनसीपी (अजित पवार गुट) से प्रफुल्ल पटेल एवं सुनील तटकरे, अपना दल (एस) से अनुप्रिया पटेल, आरएलडी से जयंत चौधरी, जेडीएस से एचडी कुमारस्वामी, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से जीतन राम मांझी, असम गण परिषद से अतुल बोरा, आजसू से सुदेश महतो, जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा सहित एनडीए में शामिल अन्य सहयोगी दलों के भी कई नेता मौजूद रहे।

**सात को चुने जाएंगे भाजपा संसदीय दल के नेता:** बताया गया कि 7 जून को भाजपा संसदीय दल की बैठक में भाजपा के सभी सांसद मिलकर नरेंद्र मोदी को पार्टी के संसदीय दल के नेता के तौर पर चुनेंगे। इसके बाद एनडीए के सभी सांसदों की बैठक होगी, जिसमें नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना जाएगा।

**06** दशक के बाद जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना | बैठक में नीतीश, चंद्रबाबू व सभी प्रमुख नेता शामिल रहे



### हमने बहुत अच्छा काम किया, और बेहतर करेंगे : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में अपने मंत्रियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा है कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बहुत अच्छा काम किया, आगे और बेहतर काम करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पीएम आवास में मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में उतार-चढ़ाव तो आता रहता है, संख्या का खेल चलता रहता है। लेकिन, सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बहुत अच्छा काम किया है, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण काम किए, जिसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवें नंबर की बड़ी अर्थव्यवस्था बनी और एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में हम देशहित में और भी बेहतर काम करके दिखाएंगे। विपक्षी दलों के दावे को नकारते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए की जीत हुई है। लेकिन, दूसरे लोग उछल रहे हैं। इससे पहले बुधवार को ही प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्तमान लोकसभा (17वीं लोकसभा) को भंग करने की सिफारिश को मंजूरी दी गई थी।



## मोदी ने राष्ट्रपति को सौंपा मंत्रिपरिषद का इस्तीफा

कैबिनेअ और मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर अपना और अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा। राष्ट्रपति मुर्मू ने पीएम मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नई सरकार के कार्यभार संभालने तक उनसे पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को गुलदस्ता भेंट किया। इस गुलदस्ते में 3 कमल के फूल थे, जो उनके लगातार तीसरे कार्यकाल का प्रतीक थे।

## राष्ट्रपति ने तत्काल प्रभाव से भंग की 17वीं लोकसभा

17वीं लोकसभा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है, राष्ट्रपति ने बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर यह निर्णय लिया। बुधवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में राष्ट्रपति को 17वीं लोकसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करने की सलाह दी गई थी। राष्ट्रपति भवन की ओर से बताया गया कि राष्ट्रपति ने कैबिनेट की सलाह स्वीकार कर ली और संविधान के अनुच्छेद 85 के खंड (2) के उप-खंड (बी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 17वीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

## बंधक बना बांग्लादेशी लड़कियों से कराई जा रही थी जिस्मफरोशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बंबू स्पा से जिस्मफरोशी के आरोप में तीन विदेशी सहित कई लड़कियों की गिरफ्तारी के एक सप्ताह के अंदर ही बरियातू के हिल व्यू रोड स्थित ब्यूटी पार्लर सह होटल बाली रिसोर्ट से बुधवार को पुलिस ने तीन बांग्लादेशी लड़कियों का रेस्क्यू किया है। बताया जा रहा है कि होटल में लड़कियों को बंधक बना रखा गया था और उनसे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। बुधवार सुबह इन लड़कियों में से एक ने किसी तरह होटल से निकल रांची एसएसपी को सूचना देकर अपने स्थिति से अवगत कराया।

> *बंधक बनाकर रखी गई लड़कियों में एक लड़की ने चोरी छुपे पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद एसएसपी के नेतृत्व में एक टीम बनाकर छापेमारी की गई तो पता चला कि वहां तीन लड़की ओर है जो बंगलादेश से यहां लायी गई हैं। उन लड़कियों को यहां किसने लाया इन बातों की जांच-पड़ताल की जा रही है।*
> ***एसपी राजकुमार मेहता***

इसके बाद बरियातू थाना पुलिस ने छापेमारी कर तीनों लड़कियों को मुक्त कराया। बरियातू थाना की जांच में पता चला कि तीनों लड़कियों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराया गया था। वहां से उन्हें किसी ने रांची लाया। शेष पेज 11 पर

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा**

## लोगों की इच्छा साकार करने के लिए समय पर हम उठाएंगे उचित कदम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल बुधवार शाम दिल्ली में एकत्र हुए। यहां गठबंधन के नेताओं ने आगे की रणनीति तय करने के लिए करीब डेढ़ घंटे तक बैठक की। बैठक में गठबंधन की ओर से कहा गया कि वे उचित समय पर उचित कदम उठाएंगे। हालांकि, गठबंधन ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि वे क्या कदम उठाने जा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक के दौरान सभी की ओर से एक संयुक्त बयान में कहा, लोगों ने भाजपा के शासन के खिलाफ वोट किया है। हम, भाजपा सरकार द्वारा शासित न होने की लोगों की इच्छा को साकार करने के लिए उचित समय पर उचित कदम उठाएंगे। शेष पेज 11 पर



## राज्य ही नहीं, देश के एससी एसटी सीटों पर भाजपा पिटी

**उपेंद्र गुप्ता । नवीन मेल**

- राज्य की पांचों एसटी सीट पर हार, देश स्तर पर 6 सीटें कम

**रांची।** झारखंड की पांचों आदिवासी लोकसभा सीट पर भाजपा को भारी पराजय का सामना करना पड़ा है। हाल ये है कि भाजपा के सबसे बड़े आदिवासी चेहरा और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी भाजपा के अभेघ किला खूंटी से हार गए। इतना ही नहीं आदिवासी सीटों पर कब्जा करने के लिए दुमका से भाजपा ने शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन और सिंहभूम की कांग्रेस सांसद रही गीता कोड़ा को पार्टी में शामिल कराया, लेकिन भाजपा की सीता-गीता भी चुनाव हार गई। लोहरदगा से सीटिंग सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट कर भाजपा ने एससी-एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव को मैदान में उतारा, लेकिन वे भी चुनाव हार गए। यहीं हाल रोजमहल में रहा, जहां भाजपा ने पूर्व अध्यक्ष ताला मरांडी को टिकट दिया, लेकिन वे भी झामुमो प्रत्याशी के सामने टिक नहीं सके। जबकि इन पांचों आदिवासी सीट पर इंडिया गठबंधन ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए जहां अपने सीट पर कब्जा बरकरार रखा, वहीं अन्य दो सीट भाजपा से छीन ली।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**



**सुनील बादल**

*भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में वोट दिया गया है, लेकिन वह अपने बल पर 272 के जादुई आंकड़े को पार करने में विफल रही।*

# राष्ट्र प्रथम, पहचान प्रथम और वर्चस्व प्रथम की राजनीतिक लड़ाई

भारत में हर महत्वाकांक्षी व्यक्ति राजनीति में आना चाहता है । किसी के लिए यह राष्ट्रधर्म है तो किसी के लिए अपनी जात या धर्म सबसे ऊपर है तो कोई अपना काला धंधा छिपाने के लिए या अपने परिवार का वर्चस्व बनाए रखने के लिए रणनीति को साधन बनाना चाहता है । मोटे तौर पर इन तीन खेमों में बंटी भारतीय राजनीति के इन तीन विचारधाराओं से एक चौथी धारा भी निकली है जो प्रगतिशील,बौद्धिक,तटस्थ या कुछ हद तक भ्रमित भी है जो किताबी ज्ञान के आधार पर भाषण और बातें बहुत अच्छी करने वालों की है पर ये सुविधाभोगी भी है जो वोट देने की अनिवार्यता नहीं मानता या नोटा में वोट करता है। भारत ताजा चुनाव परिणामों के बाद एक मोड़ पर खड़ा है जहां जाति,हिंसा और भय बनाकर आश्रय देने वाले या छोटे मोटे मुफ्त जैसी रेवड़ियां बांटने वाले से लेकर अपनी जाति धर्म और वर्चस्व को देश से ऊपर रखने वाले लोग भी हैं तो कट्टर ईमानदारी या भारतीय बहुसंख्यक धर्म को संरक्षण देने वाले भी। भारत वैश्विक आंकड़ों में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहे या रैंकिंग सुधार कर अमेरिका से आगे निकल जाए इससे आगे हमारी पहचान,वर्चस्व और स्थानीय मुद्दे जिनपर क्षेत्रीय पार्टियों का अस्तित्व टिका है महत्वपूर्ण है। भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में वोट दिया गया है, लेकिन वह अपने बल पर 272 के जादुई आंकड़े को पार करने में विफल रही है। केंद्र में सरकार चलाने के लिए उसे एनडीए के घटकों के समर्थन की आवश्यकता होगी। नरेंद्र मोदी के लिए यह पहला मौका होगा, क्योंकि गुजरात में अपना पहला विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से उन्हें कभी किसी सहारे की जरूरत नहीं पड़ी।



वर्तमान म अनिवार्यता है गठबंधन सरकार चलाना जो एक कठिन काम है और संतुलन ही इसकी कुंजी है।अटल बिहारी वाजपेयी, जिनसे मोदी को राजनीतिक विरासत मिली, गठबंधन सरकार चलाने के लिए विनम्र धारा के नेता थे। वाजपेयी की अनूठी शैली और ममता के किस्से बहुत हैं पर देश ने 32 साल गठबंधन सरकार देखी है। इसके विपरीत, इसने 31 साल तक बहुमत वाली सरकार देखी है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तहत 10 साल शामिल हैं।स्वतंत्र भारत में पहली बार 1977 में आपातकाल के ठीक बाद पार्टियों ने केंद्र में गठबंधन सरकार बनाई थी। भाजपा के पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ सहित ग्यारह दलों ने मिलकर जनता सरकार बनाई। यह विविधरंगी गठबंधन 1979 तक चला। इंदिरा गांधी ने 23 दिन बाद ही चरण सिंह को सत्ता से हटा दिया था। इंदिरा जी हत्या के सहानुभूति वोट से 1984 के ऐतिहासिक जनादेश के बाद गठबंधन के 25 साल कांग्रेस के लिए शिखर था। पार्टी की सीटें उसके बाद से लगातार गिरती चली गईं।2004 से 2014 तक यूपीए कऔर यूपीए क्कदोनों में कांग्रेस ने गठबंधन सरकारें चलाईं। 25 साल के लंबे अंतराल के बाद 2014 में ही किसी एक पार्टी को लोकसभा में बहुमत मिला। एनडीए सहयोगियों के चुनाव पूर्व गठबंधन का नेतृत्व करने वाली भाजपा ने 2014 में नरेंद्र मोदी की लहर पर सवार होकर 282 सीटें जीतीं और 272 का जादुई आंकड़ा पार किया। पांच साल की सत्ता विरोधी लहर के बावजूद, भाजपा 2019 में 303 सीटें जीतकर अपने दम पर सत्ता में लौटी।गठबंधन बचाने के लिए कोलकाता गए पीएम वाजपेयी पर पूर्व राजनयिक पवन के वर्मा ने वाजपेयी की मृत्यु के बाद 2018 में टाइम्स ऑफ इंडिया में लिखा, रवहाँ पहुँचने के बाद, उन्होंने ज्यादातर समय ममता की माँ से बात करने, उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछने और यह बताने में बिताया कि उनकी बहुत प्रतिभाशाली बेटी कभी-कभी ज़िद्दी हो जाती है, एक आकलन जिससे बुजुर्ग महिला पूरी तरह सहमत थीं।

कोलकाता में उनके अर्ध-पक्के घर में वाजपेयी के जाने से ममता को राहत मिली, उन्होंने संदेश दिया कि वे एनडीए की अमूल्य सदस्य हैं। उन्हें यह भी एहसास हुआ कि वाजपेयी सिर्फ. कैबिनेट के मुखिया की तरह नहीं बल्कि पिता की तरह काम करते हैं। वाजपेयी ने 'गठबंधन धर्म' शब्द गढ़ा, जिसका अर्थ है गठबंधन सहयोगियों को उचित सम्मान देना।

सितंबर 2020 में किसानों के आंदोलन के बीच अकाली दल अलग हो गया, जबकि अक्टूबर 2019 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद को लेकर हुए विवाद के बाद उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना अलग हो गई। 2024 में कहानी बहुत अलग है।विपक्षी भारत ब्लॉक, जिसमें कांग्रेस एक प्रमुख घटक है, का मुकाबला करने के लिए भाजपा ने दो दर्जन से अधिक दलों को एक साथ लाया।चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार, क्रमशः 16 और 12 सीटों के साथ, भाजपा के लिए केंद्र में सरकार बनाने और उसे जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण हो गए हैं। फिर चिराग पासवान जैसे अन्य सहयोगी हैं, जो उन चार-पांच सीटों को ला रहे हैं जो एनडीए के लिए 295 सीटें बनाती हैं। इन गठबंधन सहयोगियों को अच्छे मूड में रखने की आवश्यकता होगी, जिन्हें वाजपेयी के स्पर्श की आवश्यकता होगी। भारतीय राजनीति में गठबंधन की राजनीति लौट आई है, और संभवतः इसके बाद 'गठबंधन धर्म' भी लौट आएगा।

## एक नजर

### नीरजा सहाय डीएवी में समर कैंप का हुआ आयोजन



**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बुधवार को पहले दिन सर्वप्रथम 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया गया। इसमें आज के बदलते वातावरण एवं उसके कारणों की चर्चा की गई। विभिन्न कार्यक्रमों यथा भाषण, कविता वाचन एवं पर्यावरण को बचाने के शपथ इत्यादि के माध्यम से छात्र-छात्राओं में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थी बैडमिंटन, खो-खो, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस आदि खेलों के साथ-साथ तबला वादन, हार्मोनियम, गिटार इत्यादि वाद्ययंत्रों एवं ज्ञान के साथ ही साथ नृत्य की भी अतिरिक्त जानकारियां प्राप्त की। बच्चों ने क्ले के सामान बनाने एवं सुई-धागे से कढ़ाई के साथ ही स्पोकेन इंग्लिश में भी पूरे जोश एवं उत्साह से भाग लिया।

### वंडरलैंड पब्लिक स्कूल में पौधरोपण



**मांडर।** प्रखंड के वंडरलैंड पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को पौधारोपण किया गया। यूनियन बैंक मांडर के संतोष कुमार और डायरेक्टर नेसार आलम ने संयुक्त रूप से कई पौधे लगाए। इस मौके पर बोलते हुए संतोष कुमार ने कहा कि पौधे हमारे जीवन को आसान बनाती है। पौधे की काफी अहमियत है, लेकिन कोरोना के समय हमलोगों ने महसूस किया है। ना सिर्फ पौधा लगाना है, बल्कि देखभाल भी करना है। मौके पर अफसाना, खालिद अंसारी, पप्पू राजा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### केडीएच खदान में खनन के दौरान सुरंग की तरह खुला भूमिगत बंद खदान

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच खदान में खनन के दौरान सुरंग की तरह भूमिगत बंद खदान दिखने लगा। जामुनदोहर बस्ती की ओर केडीएच खदान का विस्तारीकरण किया जा रहा है। यह पूरा क्षेत्र बंद भूमिगत खदान के उपर स्थित है। काफी पहले ही जमीन के अंदर तीन तल्ला तक खनन किया जा चुका है। बुधवार को मशीनें ओबी हटा रही थी इसी दौरान अचानक एक जगह मिट्टा धंस गई और एक बड़ा सा सुरंग दिखाई देने लगा। कामगार तुरंत समझ गए कि बंद भूमिगत खदान का सतह खुल गया है। आनन फानन में डोजर मशीन से मिट्टी डालकर इसे बंद किया गया। मालुम हो कि जामुनदोहर बसती में पूर्व में भी कई बाद जमीन धंसने की घटना हो चुकी है। इस घटना से जामुनदोहर में रह रहे ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया है।

### मेधा डेयरी के किसान लगाएंगे पौधे, विश्व पर्यावरण दिवस पर हुई शुरूआत

**खलारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर मेधा डेयरी परिवार द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत कर सराहनीय व अनुकरणीय पहल की गई है। इस संबंध में मेघा डेयरी के अधिकारी अनुजकुमार पांडेय ने बताया कि हर दूध शीतक केंद्र में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसे भविष्य में एक अभियान का रूप देना है। इस अवसर पर झारखंड मिल्क फेडरेशन के महाप्रबंधक एम गोपालन ने भानु महतो द्वारा संचालित पतरातु बीएमसी के दूध उत्पादक महिला पुरुष किसान सदस्यों के साथ पौधारोपण किया। इसी क्रम में कंडेर बीएमसी व खलारी-बुढ़मू पथ के अन्य बीएमसी में पौधारोपण का शुभारंभ किया गया। पांडेय ने बताया कि इसका एकमात्र उद्देश्य पर्यावरण में संतुलन के लिए समाज में जागरूकता लाना है। राज्य के समस्त जिलों में मेधा डेयरी से जुड़े लगभग 45000 किसान परिवार द्वारा पौधारोपण कराया जाएगा।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत जीत के बाद पहुंचे मुड़मा

# जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर खुशहाली की प्रार्थना की

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

झारखंड के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतकर सांसद बने। इधर सांसद बनने के उपरांत सबसे पहले सुखदेव भगत मुड़मा पहुंचकर वहां पर स्थित जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर क्षेत्र में शांति ,समरसता और भाईचारा कायम रहने के लिए प्रार्थना किये। इससे पूर्व लेदा पाहन के द्वारा विधिवत पूजा पाठ संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के उपरांत ऐतिहासिक राजी पड़या जतरा समिति मुड़मा के द्वारा नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने सबसे पहले उपस्थित जतरा समिति के सभी लोगों का उनका अभिनंदन करने एवं चुनाव में पूरा सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किये। नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि



चुनाव में आदिवासी समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए पूरा काम करेंगे। लाखों की संख्या में सरना धर्म के मानने वाले लोग हैं। आदिवासियों की प्राकृतिक आस्था, पूजा पद्धति और विशिष्ट रीति रिवाज के संरक्षण हेतु जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड को शामिल करने की मांग को आने वाले मानसून सत्र में संसद में प्रमुखता से रखेंगे। मौके पर सीताराम भगत, कमले किस्पोट्टा, रंथू उरांव, अनिल उरांव, लच्छू उरांव , वीरेंद्र उरांव , सुमित उरांव ,सुका उरांव, सुशील उरांव, सुमित्रा उरांव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इससे पहले नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत को अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर ने मुड़मा में जोरदार स्वागत किया गया। चुनाव जीतने के तुरंत बाद सुखदेव भगत ने मुड़मा जतरा स्थित जतरा खूंटा में पूजा अर्चना किया। साथ ही झारखंड और पूरे देश की खुशहाली के लिए दुआ किया । उन्होंने चुनाव में सहयोग करने के लिए जनता का आभार भी व्यक्त किया। मौके पर जावेद अंसारी, जुनैद अंसारी, होसे उरांव, मुखिया लक्ष्मण भगत, शेख समसुल, सुका उरांव, धर्म बहन कमले उरांव, बिहारी उरांव, बहादुर उरांव समेत बहुत से लोग मौजूद थे।

### पर्यावरण जीवन को आसान बनाती है : आशुतोष तिवारी



**चान्हो।** प्रखण्ड के करकट में घासीराम महली स्मारक समिति के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथि के रुप में बोलते हुए जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। पृथ्वी को बचाना हैं तो अधिकाधिक पौधे लगाए। साथ ही पौधे को बड़ा होने तक देखभाल भी करें। पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण का संकल्प लिया गया। समाजसेवी अजित सिंह ने भी पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। इससे पहले सभी अतिथियों ने महाकवि घसीराम महली की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर पूर्व डीडीसी परमेश्वर भगत, प्रखण्ड प्रमुख होलिका देवी,अजीत सिंह, मकेश्वर महली, रौशन एमानुएल तिग्गा, डॉ नाफर अली, अजित सिंह, हरिराम करमाली, जितेंद्र महली, योगेंद्र यादव, संतोष महली, हहेमन्त कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन समेत क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**मांडर।** प्रखण्ड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनएसएस के तहत महाविद्यालय द्वारा गोद लिये गाँव करकरा में पौधारोपण का किया गया। शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि समुदायों को संगठित करे, जागरूकता बढ़ाये और प्लास्टिक प्रदुषण को दूर करने तथा स्वस्थ एंव अधिक टिकाउ पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु सहयोगी प्रयासों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम सुरक्षित रहेगें साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय लगातार इस गाँव के विकास के लिए प्रयासरत है। मांडर कॉलेज में बुधवार को एन सी सी कैडेट्स ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। सर्वप्रथम कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में नीम, करंज एवं अमरूद जैसे कई सारे पौधों का रोपण किया। उसके बाद पर्यावरण दिवस से संबंधित बिषयों पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में और इसके चारों ओर प्लाष्टिक मुक्त अभियान चलाया। अंततः कॉलेज गेट तक पैदल मार्च करते हुए पर्यावरण एवं वृक्षों को संरक्षित करने तथा प्लाष्टिक से पर्यावरण को होने वाले हानियों के बारे में जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मांडर कॉलेज की प्रभारी प्रचार्या प्रो० डॉ० कुनुल कांदिर, उत्तम साही, मन्टु उरांव सहित कुल 54 कैडेट्स उपस्थित थे। हुरहुरी दुग्ध शीतलक केंद्र में झारखंड मिल्क फेडरेशन के जनरल मैनेजर एम गोविंदम के द्वारा पेड़ लगाया गया एवं लोगों को संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की गई। मौके पर राकेश राय, मनोज कुमार गुप्ता, विनीता चैधरी, मधु रंजन, विकास प्रसाद, , कर्मचारी तुलसी दास, सुरेन्द्र कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार, सलमान अंसारी, इत्यादि ने पौधेरोपण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

### रुद्राक्ष यज्ञ के छठे दिन देवताओं का किया गया पूजन



**सिल्ली/मुरी।** आम बगान लोदमु उत्तरी सिल्ली, राँची में चल रहे रूद्र महायज्ञ के षष्ठं दिवस पर काशी से पधारे वैदिक विद्वानो के द्वारा आवाहित देवताओं का पुजन, पाठ, हवन और आरती का कार्य संपन्न किया गया। संध्याकालीन सत्र में जगद्गुरु वनांचलधर्मपीठाधीश्वर स्वामी दीनदयालजी महाराज ने कहा कि सनातनधर्मी से बड़ा प्रकृति पुजक कोई नहीं है। हम पशुओं का देवस्वरुप में पुजन करते है। गाय को माता के रुप में, वृषभ को शिवजी के वाहन के रुप में, सिंह को दुगार्जी के वाहन के रुप में, गरूड़ को विष्णु के वाहन के रुप में, हंस का ब्रम्हा जी के वाहन के रुप में। यहाँ तक कि हम गदहे का भी पूजन करते हैं शीतला माता के वाहन के रुप में। हम वृक्षो का भी पुजन पीपल, बरगद, आँवला, शमी, तुलसी आदि का पुजन देवस्वरुप में करते हैं हम नदियों का भी माता के रुप में जैसे गंगा माँ, यमुना महारानी, नर्मदा महारानी देवस्वरुप में पुजन करते हैं। हम तो नाग को भी नागपंचमी के दिन दुध और लावा का भोग लगाते है तो हमसें बड़ा प्रकृतिपूजक कौन है? समाधी बाबा ने कहा कि राम ही केवल प्रेम प्यार। भगवान की प्राप्ति प्रेम से ही होती है। भक्त के वश में भगवान होते हैं। चित्रकुट से पधारी हुई रामलीला के द्वारा सीताहरण की दिब्य लीला का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया। इस महायज्ञ में नौ दिवसीय अखण्ड भंडारे का भी आयोजन किया गया है। समस्त यज्ञ समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण और क्षेत्रीय जनता इस महायज्ञ को सफल बनाने हेतु तन मन धन से लगे हुये हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित

# बच्चों व शिक्षकों ने घर के आसपास एक हजार से अधिक लगाये पौधे

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों और शिक्षकों द्वारा 1000 से अधिक पौधे अपने घरों के आस पास लगाए गए जिसमें आम, कटहल,लीची, नीम, पीपल इत्यादि लगाए गए। गर्मी की छुट्टी होने के कारण सभी बच्चे अपने घरों के आस पास पौधा लगाए और उसका फोटो और वीडियो स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा और बच्चों ने पेड़ के महत्व के बारे में स्पीच देकर उसका वीडियो बनाकर भी भेजा। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि वृक्ष के बिना इस पृथ्वी पर मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वृक्ष हमें प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करती



है। फल फूल, लकड़ी भी प्रदान करती है जिसके बिना जीवन संभव नहीं है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगानी चाहिए और उसकी सेवा भी करनी चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को पेड़ पौधों के महत्व के बारे में जानकारी होती है और पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता होती होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के मैनेजर श्रवण कुमार,एवं शिक्षक, गुलशन कुमार, रवि सिंह, संदीप सिंह, सोमा सरकार, आरती कुमारी,प्रीस्का खेस, सावित्री देवी, प्रियंका सिंह, हंसिका कुमारी, सीमा खेस, सोमी खाखा, अंजू पांडे, रियांशु पांडे, जयंतो चौधरी, सविता कुमारी, अनीता कुमारी, ज्योति धीर, शैली गुप्ता, गायत्री देवी, विजय महतो, भारती कुमारी, संचिता साहू, तारा देवी, रंजन चंद्रा साहिन,संदीपा , शिवानी, सोमा सरकार, सोसन, सुमति, सुशीला, एवम सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## मलखंब एसोसिएशन ने बच्चों को दिया निःशुल्क प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पंद्रह दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में चल रहा है। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह के दौरान बुधवार को प्रशिक्षणार्थियों ने पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलंखब एवं पोल पिरामिड बालक-बालिका तथा रोप मलखंब पर सिर्फ बालिकाओं ने पिरामिड का निर्माण किया। पूरे प्रशिक्षण अवधि में पोल मलखंब, रोप मलखंब एवं हैंगिंग मलंखब पर नए-नए कौशल सभी बालक-बालिका को मुख्य प्रशिक्षक अजय झा एवं सहायक प्रशिक्षक वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार, निखिल कुमार, कौशल कुमार एवं सरिता कुमारी, खुशबू कुमारी द्वारा प्रतिदिन सुबह साढ़े पांच बजे से सुबह आठ बजे प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 70 बालक-बालिकाओं ने प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर सभी वर्गों से सत्र 2024-2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जो नियमित रूप से झारखंड मलखंब अकादमी रांची के खिलाड़ी होंगे। इनको सारी सुविधाएं अकादमी के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। पूरे कार्यक्रम का संचालन रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि युवा नाट्य परिषद संगीत अकादमी के निदेशक ऋषिकेश लाल, रेलवे स्टेशन रांची में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी हिमांशु तिर्की ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

## बीएयू में विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के एनएसएस सेल एवं वानिकी संकाय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखापन' विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने कहा कि मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा एक मूक और अदृश्य संकट है, जो लोगों और ग्रह को प्रभावित करता है। चूंकि मानव जीवन को कई आवश्यक गतिविधियों के लिए उपजाऊ और उत्पादक भूमि की आवश्यकता होती है, इसलिए मरुस्थलीकरण सतत विकास के लिए एक बड़ी बाधा है और गरीबी, खराब स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा की कमी, जैव विविधता की हानि, पानी की कमी, जबरन पलायन और जलवायु परिवर्तन या प्राकृतिक आपदाओं के प्रति कम लचीलापन को बढ़ाता है। अनुमान बताते हैं कि मानव-प्रेरित भूमि क्षरण दुनिया भर में कम से कम 1.6 बिलियन हेक्टेयर को प्रभावित करता है, जिसका सीधा असर 3.2 बिलियन लोगों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल पेड़-पौधे लगाने से ही नहीं होगी। इसके लिए हम लोगों को अपने आसपास के वातावरण को भी सुरक्षित करना होगा। पर्यावरण की सुरक्षा का मतलब मात्र पेड़-पौधा लगाना ही नहीं है। इसमें बिजली बचाना, पानी बचाना भी शामिल है। हम सबों को प्रतिज्ञा लेनी होगी कि अपने घरों के आसपास कम से कम पांच पौधे लगायें एवं उसे संरक्षित रखें।

## लापुंग फार्म हाउस में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

# फार्म में रोजगार के खुलेंगे द्वार पलायन पर लगेगा अंकुश : मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग फार्म में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुशीला फाउंडेशन फॉर एग्रीकल्चरल एंड रूरल डेवलपमेंट के द्वारा समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला लापुंग के प्रांगण में मुख्य अतिथि सापुकेरा मुखिया सविता उरांव हुए उन्होंने लापुंग में विश्व पर्यावरण दिवस की जानकारी दिया कहा कि पर्यावरण बचेगा तभी मनुष्य का जीवन बचेगा। लापुंग के इस फार्म में वर्षों से बंजर पड़ी 26 एकड़ जमीन हरा भरा हो गया। इससे यहां के किसानों मजदूरों को पलयान पर रोक लगेगी व खेती का नया तकनीक की जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर शपथ दिलाया गया कि हम सभी को




पर्यावरण को बनाए रखने के लिए परिवार व अन्य लोगो को रोजमर्रा की जिंदगी में लागू करना है। फार्म में वृक्षा रोपण किया गया साथ ही लापुंग के किसानों को नई जानकारी के अलावे पशु पालन, बकरी पालन, सुकर पालन, मधुमक्खी पालन,उन्नत तकनीकी से खेती करने की जानकारी भविष्य में दिया जाएगा जिससे किसान स्वावलंबी बनकर आय में वृद्धि करेंगे। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार,लापूँग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव , पूर्व पंचायत समिति नसीम आलम , समाज सेवी नंदलाल साहू वृक्षारोपण का कार्य किया गया । जिसमें संस्था के प्रतिनिधि अभिषेक नागवंशी, कृषक पाठशाला के कार्यक्रम प्रबंधक बलराम कुमार , अरुण पांडा , अभिषेक मिश्रा , राजन कुमार , सोमरा के आले किसान मित्र भी भाग लिए। एवं कृषक पाठशाला अन्तर्गत कार्यरत सभी कर्मी मौजूद रहे ।

### हिंडालको मुरी में विश्व पर्यावरण सप्ताह बड़े धूमधाम से मनाया गया



**सिल्ली/मुरी।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी में विश्व पर्यावरण सप्ताह बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 31 मई को श्री गणेश पूजन के साथ विश्व पर्यावरण दिवस का शुभारंभ किया गया। हिंडाल्को के ठेकेदार एवं कर्मचारियों ने मिलकर इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए पोस्टर, स्लोगन, कविता लेखन, वायो डायवर्सिटी फोटोग्राफी, स्टेप काउंट इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 2 जून को छोटे-छोटे बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता एवं महिलाओं के लिए पर्यावरण नाटक का आयोजन किया गया। संध्या में कॉलोनी के बच्चों द्वारा आर एम पी3 में वृक्षारोपण किया गया। 4 जून को कर्मचारियों के लिए प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही साथ बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभात फेरी साउथ प्लॉट कॉलोनी से जागरूकता अभियान निकालते हुए एलुमिना क्लब पहुंचे। तत्पश्चात झंडोंतोलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के बाद सभी को पर्यावरण सुरक्षा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई। अंत में हिंडाल्को के एमडी सतीश पाई के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों के बीच संदेश दिया गया एवं बच्चों के द्वारा एलुमिना क्लब में वृक्षारोपण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को फूल का पौधा एवं वर्मी कंपोस्ट खाद का वितरण किया गया।

## जश्न का माहौल

## लापुंग प्रखंड में सुखदेव भगत की जीत पर खुशी की लहर

# सुदर्शन भगत की निष्क्रियता भाजपा को ले डुबी : कंचन उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव परिणाम आने के बाद लापुंग प्रखंड में सर्वत्र कांग्रेस के कार्यकताओं में भारी उत्साह और उल्लास देखा जा रहा है। वहीं भाजपा खेमे में उदासी छायी हुई है। लापुंग प्रखंड से लोहरदगा के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को अपने वोटों से विजयी बनाने को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। वहीं समीर उरांव की हार से भाजपा कार्यकताओं में उदासी सी छा गई है। लापुंग के प्रखंड प्रमुख और कांग्रेसी नेता कंचन उरांव ने कहा कि लापुंग की जनता ने कांग्रेस के



प्रत्याशी सुखदेव भगत पर भरोसा जताया और उन्हें लापुंग के गांव गांव से भारी संख्या में वोट मिला है। कंचन उरांव ने कहा कि यहां की जनता पूर्व सांसद सुदर्शन भगत से भारी नाराज थी लगातार 15 सालों तक सांसद होने के बावजूद उन्होंने लापुंग में दर्शन नहीं दिया। कभी कभार सिर्फ चुनाव के दौरान आते थे लेकिन जनता उन्हें पहचानती तक नहीं थी। इसका खामियाजा भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव को भुगतना पड़ा। वहीं डाडी. पंचायत निवासी और किंग मेकर मनोज साहु उर्फ बजरंग ने कहा कि लापुंग प्रखंड की जनता कांग्रेस की नीतियों और उनके वायदे पर भरोसा किया। उन्होंने कहा संविधान को बचाने, आदिवासियों की जमीन व आरक्षण को बचाने के लिए यहां की जनता ने सुखदेव भगत को भारी मतों से विजयी दिलाया। वहीं पूर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की ने कहा कि सुखदेव भगत की जीत के पीछे लापुंग की जनता, यहां के कांग्रेसी कार्यकर्ता और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री बंधु तिर्की तथा स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की बहुत बड़ी भूमिका है। संतोष तिर्की ने कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत को शुभकामनाएं और बधाई दी।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने सिपेट पौधरोपण के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, एनएमएल, रांची में केंद्रीय पेट्रो रसायन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी) के नए परिसर में बुधवार को बड़े पैमाने पर फल देने वाले पौधों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब के सहयोग से बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर सामूहिक पौधरोपण किया गया। स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन ने फलदार पौधे लगाने की शुरुआत की, जिसके बाद शिखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष, सुनीता पांडे, वरिष्ठ सदस्य, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव, दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा रानी मांझी और सपना पारीक सहित अन्य ने पौधरोपण



किया। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं में पकरी बरवाडीह, चट्टीबरियातु, केरनदारी, बादाम, बनारडीह, दुलंगा और तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजनाओं की ओर से बड़ी संख्या में छात्रों सह परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) ने अभियान में भाग लिया। ये छात्र वर्तमान में सिपेट में प्लास्टिक प्रसंस्करण पाठ्यक्रमों पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो एनटीपीसी के जरिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत प्रायोजित है।

### समरीन और नूर ने नीट में बेहतर अंक लाकर कांके का नाम रोशन किया





**पिठोरिया।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2024 परीक्षा में कांके प्रखंड के पिरुटोला की रहने वाली समरीन सदफ ने 599 अंक लाया है। वहीं, इचापीड़ी नयाटोली के नूर मोहम्मद 639 अंक ला कर क्वालीफाई किया है। ऑल इंडिया (ओबीसी कैटेगरी) में समरीन सदफ को 38664 रैंक व नूर मोहम्मद को 18248 रैंक प्राप्त हुआ है। समरीन सदफ और नूर मोहम्मद के रिजल्ट की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी उपलब्धि पर पूर्व जिप सदस्य ऐनुल हक अंसारी, कांके प्रखंड प्रमुख अंजय बैठा, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर, जिप सदस्य हिना परवीन, आजसू जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, कांग्रेस नेता सुरेश बैठा, मोहम्मद महताब आलम ने बधाई देते हुए दोनों के उज्वल भविष्य की कामना की है। समरीन सदफ ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पिता डॉ अतीक अहमद और मां जिन्नत परवीन सहित परिवार के अन्य सदस्यों को दिया है। समरीन सदफ ने कहा कि मैं डॉक्टर बन कर गरीबों की सेवा करना चाहती हूं।



# झाग से भरी सिसकती स्वर्णरेखा

विश्व पर्यावरण दिवस पर भी रांची में स्वर्णरेखा नदी की सतह पर जहरीला झाग तैर रहा है।

## रांची में न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने किया पौधरोपण

**रांची।** पर्यावरण दिवस पर रांची सिविल कोर्ट में बुधवार को प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने अर्जुन, चंदन और रुद्राक्ष के पौधे लगाए। मौके पर न्यायायुक्त ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र के जरिये प्रकृति को समर्पित दुनियाभर में मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण दिन है। पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। दिवाकर पांडे ने कहा कि आज हमें पर्यावरण के संरक्षण, संवर्द्धन और विकास का संकल्प लेने की जरूरत है। प्रकृति और मानव का रिश्ता पुराना है। यह एक अटूट संबंध है, लेकिन आधुनिकता और बढ़ती व्यस्तता के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। बढ़ती आबादी और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध इस्तेमाल से आज विश्व का तापमान चिंतित स्तर पर बढ़ रहा है। न्यायायुक्त ने कहा कि पर्यावरण अस्थिरता और बढ़ती आबादी द्वारा जल के अंधाधुंध उपयोग के कारण जल का स्तर भी गिरता जा रहा है। पर्यावरण दिवस पर हमें अपनी वायु, जल तथा पृथ्वी को बचाने के लिए सभी व्यक्तियों की भागीदारी की आवश्यकता है।

# जलवायु परिवर्तन के लिहाज से झारखंड सबसे संवेदनशील क्षेत्र : वंदना दादेल

**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**

वन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कहा कि देश में जलवायु परिवर्तन के लिहाज से सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है, जो लगातार सुखाड़ और भू-क्षरण की तीव्र दर की समस्या का सामना कर रहा है। इस लिहाज से इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम झारखंड के लिए विशेष महत्व रखती है। बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्य वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम बोल रही थीं। पर्यावरण दिवस की थीम के अनुरूप गत 26 मई को शुरू हुए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भूमि संरक्षण को बढ़ावा देना, सुखाड़ की स्थिति से निबटने और भू-क्षरण को रोकने के मुद्दे पर जन जागरूकता फैलाना एवं सामुदायिक पहल को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि राज्य सरकार समावेशी विकास प्राप्त करने, पर्यावरण संरक्षण एवं सततशील प्रयासों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड को पारम्परिक रूप से हरित एवं सुरम्य प्रदेश है, इसलिए हमारे सम्मलित प्रयासों से राज्य को पर्यावरण संरक्षण एवं सततशील विकास का एक उच्च मानदंड कायम रखना चाहिए। पर्यावरण एवं समाज की उन्नति के लिए हमें सततशील जीवनशैली पर आधारित पारंपरिक ज्ञान और आदिवासी समुदायों की विरासत का अनुकरण करना चाहिए।




झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष शशिकर सामंत ने कहा कि वैज्ञानिक समाधानों और स्थानीय स्तर पर सततशील कदम उठा कर हम जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम कर सकते हैं, वातावरण में कार्बन फुटप्रिंट को कम कर सकते हैं और सभी के लिए खुशहाल भविष्य तैयार कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वन संरक्षक-अनुसंधान श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी, राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल एवं सीड के सीईओ श्री रमापति कुमार ने भी जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण सरंक्षण पर अपने विचार रखें।

अभियान के व्यापक संदर्भ एवं उद्देश्य के बारे में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख डॉ. संजय ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस एक प्रेरणादायी दिन है, जो हरेक व्यक्ति के योगदान के महत्व को रेखांकित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों एवं देशी ज्ञान के अनुरूप स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से हम सार्थक बदलाव ला सकते हैं। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने, भूमि, जल एवं वन सम्पदा के नुकसान को रोकने, लोगों की आजीविका सुरक्षित करने के लिए एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का होना नितांत आवश्यक है। ज्ञातव्य हो कि राज्य के सभी 24 जिलों में गत 26 मई को शुरू हुए इस अभियान ने एक हजार से अधिक गतिविधियों के जरिये दस लाख से अधिक लोगों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया। अभियान के तहत वन विभाग, अन्य विभागों तथा शहरी स्थानीय निकायों के तत्वावधान में सार्वजनिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिन्हें राज्य भर के सिविल सोसाइटी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं और युवा समूहों और नागरिकों द्वारा व्यापक रूप से समर्थन मिला। कार्यक्रम में राज्य के विविध ग्रामीण इलाकों में कार्यरत संयुक्त वन प्रबंधन समितियों एवं वन सुरक्षा समितियों के प्रतिनिधियों श्री गंगाधर महतो, चिंता देवी, अम्बिका महतो, श्री अभिषेक आनंद, बद्री महतो एवं शम्भू बड़ाईक को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# मारवाड़ी युवा मंच ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान स्थित ऑक्सीजन पार्क के सामने पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मंच के सदस्यों ने आमजनों के बीच तुलसी एवं मिर्च के पौधों का वितरण किया तथा आमजनों से पर्यावरण की रक्षा के लिए अपील की। लोगों को पर्यावरण की महत्व को समझाते हुए उनसे अपील की कि पौधरोपण के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा के लिए जो भी संभव कदम हो, उसे दैनिक जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय पर्यावरण एवं स्वच्छता संयोजिका स्वेता भाला ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के संयोजक उज्ज्वल मुरारका एवं कुशल टेकरीवाल थे।



मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम को अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिन सोनित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल के साथ निकुंज पोद्दार, विशाल महल्का, अजय खेतान एवं अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

### रांची के एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई

# चुटिया थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे संदीप की गोली मारकर हत्या करने के मामले में चुटिया थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। एसएसपी की अनुशंसा पर रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह को सस्पेंड कर दिया। वहीं, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चुटिया थानेदार के बॉडीगार्ड शशि कुमार और घटना के समय अरगोड़ा थाना के पेट्रोलिंग वाहन के एक दरोगा सुभाष कुमार को सस्पेंड किया है।



*एक्स्ट्रीम बार में गोली मार कर डीजे संदीप की हत्या कर दी गई थी*

रांची के एक्स्ट्रीम बार में हुई गोलीबारी और डीजे संदीप की हत्या के बाद यह जानकारी बाहर आई थी कि चुटिया थाना प्रभारी ने अपने बॉडीगार्ड को ही मामले की जांच के लिए भेजा था। वह खुद मौके पर नहीं पहुंचे। इस वजह से इतनी बड़ी वारदात हो गई। पूरे मामले में चुटिया पुलिस की अनुशासनहीनता सामने आई थी। इस कांड के बाद यह निर्णय लिया गया कि सभी थानों में पदस्थापित बॉडीगार्ड को लाइन क्लोज किया जाएगा और उन्हें नए सिरे से अलग-अलग थानों में पदस्थापित किया जाएगा। इससे पूर्व डीजीपी ने राजधानी में बढ़ रहे अपराध पर अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में एक्स्ट्रीम बार हत्याकांड पर नाराजगी जताई थी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची विवि में संगोष्ठी सह पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

# आज से शुरू करें पर्यावरण संरक्षण : डॉ अजीत सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को इस वर्ष के थीम 'भूमि बहाली, सूखा, लचीलापन एवं मरुस्थलीकरण नियंत्रण' पर आर्यभट्ट सभागार में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संगोष्ठी सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार, प्रियेश कुमार वर्मा, डॉ सुदेश कुमार साहू, डॉ बिनोद नारायण एवं डॉ ब्रजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आज से पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 40 वर्ष पूर्व रांची का पर्यावरण बहुत ही मनोरम था। वर्तमान समय में पृथ्वी का तापमान 1 डिग्री ज्यादा है, इसमें इतना और वृद्धि होने से ग्लेशियर समाप्त हो जाएगा। उन्होंने सभी को समय रहते सचेत होने का आह्वान किया। झारखंड के पूर्व प्रधान वन संरक्षक आईएफएस प्रदीप कुमार ने कहा कि सभी को व्यक्तिगत ऑक्सीजन की पूर्ति स्वयं करनी चाहिए। इसके लिए हम जहां रहते हैं, वहां जैसा जगह मिले, वैसा पौधा लगाकर इस पर ध्यान रखना सबका नैतिक कर्तव्य होना चाहिए। कहा कि जंगल हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन विकास के नाम पर आजकल वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। बड़े- बड़े इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। यह मानव जीवन के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है।




आईएफएस सह पूर्व प्रधान वन संरक्षक प्रियेश कुमार वर्मा ने कहा कि पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने एवं उनको बचाने से काफी हद तक पर्यावरण को बचाया जा सकता है।आज के कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत रांची विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने किया। विषय के संबंध में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस की टीम लीडर्स आस्था दीप ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रांची विवि के कुलसचिव डॉ बिनोद नारायण ने किया।

मौके पर 04 जून को संपन्न विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को अतिथियों के ने स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आज के कार्यक्रम में शामिल 300 से ज्यादा एनएसएस के स्वयंसेवकों को रांची नगर निगम द्वारा पौधा दिया गया।

## एचडीएफसी बैंक ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एचडीएफसी बैंक, झारखंड क्षेत्र ने हाइड्रोपोनिक खेती की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए अपने ग्राहकों के साथ झारखंड क्षेत्र की सभी शाखाओं में जश्न मनाया। एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड, झारखंड अभिषेक कुमार ने मीडिया से कहा कि यह कृषि तकनीक जहां पौधों को मिट्टी की पूर्ण अनुपस्थिति में पोषक तत्वों के घोल में उगाया जाता है और अच्छी बात यह है कि यह जैविक भोजन प्रदान करती है जिसमें कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता है। इस अवसर पर राहुल विजय सिंह जोनल हेड, पर्सनल लोन, ईस्ट जोन ने कहा कि इस प्रकार की अनूठी खेती कॉरपोरेट्स, सरकारी कार्यालयों, अपार्टमेंट, अस्पतालों, स्कूलों और कॉलेजों में उपयोगी हो सकती है।

# न्यूज बॉक्स

## आवश्यकता है दूषित वातावरण को बदलने की : निर्मला बहन



**रांची ।** हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में बुधवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि अभी दूषित वातावरण को बदलने की आवश्यकता है। अगर हम प्रकृति पति परम पुरुष से योग लगा कर वातावरण को ही बदल दें, तो उस वातावरण में रहने वालों को श्रेष्ठ बनने की प्रेरणा आएगी और हम एक नए विश्व का निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नई दुनिया के निर्माण के लिए एक सांस्कृतिक मन गढ़ने की जरूरत है, जिसके लिए मन रूपी घोड़े को संस्कारित करना जरूरी है। वर्तमान समय मानव के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए समाज के बुद्धिमान व्यक्तियों को इस पर विचार करना आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण को मानव स्वास्थ्य से जोड़ते हुए स्वास्थ्य की परिभाषा दी। उन्होंने कहा कि वही मनुष्य स्वस्थ है, जो स्व की स्थिति में हो, अर्थात वह इंसान जो आत्मिक स्थिति में स्थित हो। इस स्थिति में सातों गुण ज्ञान, पवित्रिता, शांति, प्रेम, सुख, आनंद और शक्ति की अनुभूति होती है।

## सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने नीट में प्राप्त की सफलता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की भूमि केशरी, निवेदिता राज, कृतिका और दीपशिखा बनर्जी ने नीट (यूजी) 2024 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों एवं अपने शिक्षकों को दिया है। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि भविष्य की सफलता के लिए आज का परिश्रम महत्वपूर्ण है। कठोर परिश्रम के परिणामस्वरूप ही छात्रों ने मनचाही सफलता अर्जित की है।

## पर्यावरण दिवस पर समर्पण शाखा ने पौधों का किया वितरण



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रातः 6.30 बजे मोराबादी मैदान चिल्ड्रन पार्क के सामने पौधों का वितरण किया। सदस्यों ने तुलसी के पौधे आम नागरिकों के बीच वितरण किया। साथ ही, पेड़ लगाने और पर्यावरण बचाने की जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में प्रांतीय संयोजिका पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता श्वेता भाला उपस्थित थीं। शाखा ने दुपट्टा और तुलसी का पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने लोगों के बीच पौधा वितरण भी किया। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता प्रभारी रितु पोद्दार एवं संयोजिका राधा ड्रोलिया ने संपन किया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला और कंचन सोमानी, रितु पोद्दार, राधा ड्रोलिया, कविता सोमानी, स्मिता अग्रवाल, कोमल पोद्दार उपस्थित थीं।

## इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को एक जागरूकता सत्र और पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रवीण बी. कच्छप, संयुक्त निदेशक और प्रमुख, सीआईपीईटी : सेंटर फॉर स्किलिंग एंड टेक्निकल सपोर्ट, रांची ने प्लास्टिक के पुनर्चक्रण और अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया के महत्व पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। यह जागरूकता सत्र भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने पर केंद्रित था। इस अवसर पर इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रमन कुमार झा ने अपने विचार साझा किए। रजिस्ट्रार प्रो (डॉ) जेबी पटनायक ने अतिथि और दर्शकों का स्वागत किया। डीन (छात्र कल्याण) डॉ शोवोना चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डीन अकादमिक प्रो अरविंद कुमार, संकाय, कर्मचारी सदस्य और इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के छात्रों ने इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सत्र का समापन विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण के साथ हुआ।

## ट्रेन से बैग चोरी करने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**रांची ।** ट्रेन से बैग चोरी करने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम शिव प्रकाश चौधरी है। वह चुटिया का रहने वाला है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची सुरक्षा नियंत्रण से आरपीएफ पोस्ट को एक शिकायत मिली कि ट्रेन संख्या 18635 से एक अज्ञात व्यक्ति काले रंग के ट्रॉली बैग की चोरी कर ली है। शिकायत प्राप्त होने के बाद निरीक्षक डी शर्मा ने आरपीएफ पोस्ट और सीआईबी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सीसीटीवी फुटेज की मदद से स्टेशन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक व्यक्ति को काले रंग के बैग के साथ ऊपरी पुलिया पर जाता हुआ देखा गया। संदेह के आधार पर उस व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ की गई। बैग के बारे में पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने यह बैग ट्रेन संख्या 18635 के कोच से चोरी की थी। बैग में एक डेल कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, ईयरफोन, कीबोर्ड, माउस और कुछ कपड़े थे, जिसे जब्त कर लिया गया। इसके बाद शिकायतकर्ता के जरिये ट्रॉली बैग का सत्यापन किया गया और काले रंग के ट्रॉली बैग के साथ व्यक्ति को जीआरपी रांची को सौंप दिया गया।

## हटिया डैम से युवक का शव बरामद

**रांची।** रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के हटिया डैम से बुधवार को पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवक दस नंबर का झारखंड लिखा हुआ खिलाड़ी वाला टी शर्ट पहने हुए है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से युवक का शिनाख्त कराया, लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। युवक की पहचान अबतक नहीं हो पाई है।

## डीजीपी नशा के कारोबार को लेकर आज करेंगे समीक्षा

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह गुरुवार को नशा कारोबार के खिलाफ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम जिले के एसएसपी, एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान सभी जिलों में नशा के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। अफीम सहित अन्य नशीले पदार्थ के उत्पादन को लेकर राज्य सवालों के घेरे में रहा है। इसके उत्पादन और उपभोग में वृद्धि देखी गई है। इस संबंध में हाई कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निदेश दिए हैं। हालांकि, लगातार अफीम और नशीले पदार्थ राज्य के किसी ना किसी जिले में बड़े पैमाने पर पकड़े जा रहे हैं।

# संजय सेठ की जीत पर राजधानी में निकला भव्य विजय जुलूस

एजेंसी

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से भाजपा के संजय सेठ ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। जिसके बाद बुधवार को सांसद ने जनता प्रति आभार व्यक्त किया। संजय सेठ की जीत पर भाजपा कार्यकताओं ने राजधानी में भव्य विजय जुलूस निकाला किया । फूलों से सजी जीप पर सवार होकर सांसद अपने आवास से निकले। उनके साथ रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिला मोर्चा कार्यकर्ता शामिल थे। सांसद का विजय जुलूस पंडरा के ओटीसी मैदान से होते हुए रातू रोड, अपर बाजार, मेन होकर गुजरा। इस दौरान सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का सांसद ने हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। गौरतलब है कि संजय सेठ 2024 के लोकसभा चुनाव में भी शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को एक लाख से भी अधिक मतों से हराया। इसके पहले 2019 में संजय सेठ ने कांग्रेस के ही सुबोध कांत सहाय को हरा कर पहली बार सांसद बने थे। 2019 में भाजपा ने सीटिंग सांसद रामटहल चौधरी का टिकट काट कर मैदान में उतारा था। संजय सेठ दोनों बार भाजपा की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरे उतरे हैं।




## कालीचरण का तोरपा में स्वागत



खूंटी से नवनिर्वाचित कांग्रेस के सांसद कालीचरण मुंडा का बुधवार को तोरपा पहुंचने पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर कालीचरण मुंडा ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जन समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उनकी यह जीत खूंटी संसदीय क्षेत्र की जनता की जीत है। नव निर्वाचित सासंद ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर भरोसा जताया। इसके लिए वे मतदाताओं का आभारी हैं। कालीचरण मुंडा कांग्रेस नेता पीटर मुंडू, मदन मिश्रा आदि के साथ सिमडेगा जाने के क्रम में कुछ देर के लिए तोरपा में रुके थे। इंडी गठबंधन के कार्यकताओं ने थाना गेट कें सामने उनका स्वागत किया और जुलूस के रूप में उन्हें ब्लॉक गेट तक ले गये। मौके पर कांग्रेस के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, कैसर खान, इमरान अंसारी, कुणाल कच्छप, रोहित सुरीन, जॉन कंडुलना, पवन साहू, परवेज खान सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता मौजूद थे।






तस्वीर 1: विजय जुलूस के दौरान राष्ट्रीय नवीन मेल की प्रति का प्रदर्शन करते नवनिर्वाचित सांसद संजय सेठ व विधायक सीपी सिंह। तस्वीर 2 : समाजसेवी कृष्णा सिंह एवं भाजपा पंडरा मंडल की अध्यक्षा अंबालिका तिवारी, माला कुमारी, सोनी कुमारी सुनीता देवी, ममता देवी, मधु सिंह, बबीता सिंह, संगीता मुंडा, सरिता रानी सहित अनेकों महिलाओं संजय सेठ को दी बधाई।



संजय सेठ के विजय जुलूस में हनुमान और पारंपरिक वेशभूषा व अस्त्र-शस्त्र के साथ पहुंची महिलाएं।

### झारखंड में एनडीए की नौ और पांच पर इंडी गठबंधन की जीत

# वीडी राम, विजय हांसदा, विद्युत की हैट्रिक, निशिकांत का चौका

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव-2024 के परिणाम घोषित हो चुके हैं। झारखंड की 14 सीटों पर हुए चुनाव में भाजपा को झटका लगा है। पिछले चुनाव में 11 सीट जीतने वाली भाजपा को तीन सीटों का नुकसान हुआ है। आजसू ने गिरिडीह में दूसरी बार चुनाव जीता। एनडीए से आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपनी जमीन बचा ली। भाजपा राज्य की सभी पांच आदिवासी सुरक्षित सीट हार गई है।



## कालीचरण ने डेढ़ लाख से दी अर्जुन को तगड़ी शिकस्त

राज्य की सबसे हाई प्रोफाइल खूंटी सीट से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को बड़ी हार हुई। कांग्रेस के कालीचरणन मुंडा को 511647 वोट मिले, जबकि भाजपा के अर्जुन मुंडा को 361972 मतों से संतोष करना पड़ा। अर्जुन मुंडा को कालीचरण मुंडा ने 2,20,959 मतों से हराया।झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाली शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन दुमका सीट से मैदान में थीं। उन्हें झामुमो के नलिन सोरेन ने 22,527 वोटों से हरा दिया। सीता सोरेन को 354936 वोट मिले जबकि नलिन सोरेन को 367992 वोट मिले। सिंहभूम से कांग्रेस की सांसद रहीं गीता कोड़ा पाला बदल भाजपा से चुनाव लड़ीं। इस सीट पर झामुमो की जोबा माझी ने गीता कोड़ा को 1,68,402 वोटों से हराया।

## निशिकांत दुबे ने बाजी मारी

गोड्डा सीट पर निशिकांत दुबे को कुल 6,93,140 वोट मिले। वहीं प्रदीप यादव को 5,91,327 मिले हैं। दोनों के बीच काफी कड़ा मुकाबला चला। दोनों ही बीच-बीच में आगे और पीछे होते रहे, लेकिन अंत में निशिकांत दुबे ने बाजी मार ली। भाजपा ने पलामू, चतरा, कोडरमा, जमशेदपुर और हजारीबाग में बड़ी जीत हासिल की है। पलामू में वीडी राम 2,88,807 वोटों से तीसरी बार चुनाव जीते हैं। जमशेदपुर से विद्युतवरण महतो ने भी झामुमो के समीर मोहंती को 2,59,782 वोटों से हराकर तीसरी बार सांसद बने। कोडरमा में अन्नपूर्णा देवी ने भी माले विधायक और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह को 3,77,014 वोटों से हराया।

# खूंटी और लोहरदगा के नवनिर्वाचित सांसदों का कांग्रेस भवन में भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में खूंटी और लोहरदगा लोकसभा के नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा एवं सुखदेव भगत का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और अध्यक्ष राजेश ठाकुर मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने दोनों नवनिर्वाचित सांसदों को गुलदस्ता देकर माला पहनाकर एवं संविधान की प्रति देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में गुलाम अहमद मीर ने कहा कि इस बार के चुनाव में इंडिया गठबंधन का जो मुद्दा रहा, वह आम आदमी के लिए था, उनके अधिकारों को बचाने की लड़ाई थी,संविधान की रक्षा की लड़ाई थी, हमने आपके सहयोग से सभी सीटों पर अच्छी लड़ाई लड़ी, हमें उम्मीद ज्यादा थी, लेकिन हम थोड़े कम रहे। लक्ष्य से जो कम सीटें हमने पाई, उसकी हम सुक्ष्मता से अध्ययन करेंगे ताकि उन कमियों को भविष्य में दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जिन जिन को जिम्मेवारियां दी गई थी उसकी पूरी समीक्षा की जाएगी और जो जिम्मेवारियों को निर्वहन में सफल नहीं रहे, उस पर भी संज्ञान लिया जाएगा।




जिन लोगों ने चुनाव में अच्छा कार्य किया है, उनको चिह्नित करके उन्हें उचित सम्मान दिया जाएगा और जिन्होंने पार्टी से पद प्रतिष्ठा प्राप्त करने के बाद भी उदासीनता दिखाई उनकी पहचान की की जाएगी।

राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड की जनता ने हमें सम्मान दिया है।देश की संसद में अपनी आवाज बुलंद करने के लिए कांग्रेस के नुमाइंदों को अपना प्रतिनिधि चुना है और सर्व समाज की अवधारणा को मजबूत करते हुए सिर्फ क्षेत्र विशेष की नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की जनता की ये आवाज बनेंगे। हम उम्मीद से संख्या बल थोड़ा कम मिला है लेकिन जो भी मिला पूरा मजबूत मिला। इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ जनता के हक की आवाज उठाती रहेगी और झारखंड के लिए देश के सदन में अपनी आवाज इनके माध्यम से बुलंद रखेगी। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है,राहुल गांधी के प्रयासों की जीत है। चुनाव एक जंग की तरह है और सबके सामूहिक प्रयास से तथा प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में इस चुनाव में हमने सफलता पाई है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जितनी बड़ी जीत होती है उतनी बड़ी जिम्मेवारी होती है और मैं अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन बखूबी करूंगा। खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि मैं कांग्रेसी हूं और कांग्रेस पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है ,कांग्रेस के दिए सम्मान को मैं भूल नहीं सकता और अब जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसे निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। खूंटी की जनता का सामाजिक संगठनों का खूंटी के नेताओं कार्यकताओं का इंडिया गठबंधन के साथियों का मैं आभार व्यक्त करता हूं यह मेरी नहीं उनकी जीत है।

### चुनाव आयोग

### 2024 लोकसभा चुनाव प्रकिया समाप्त, जल्द खत्म होगा आचार संहिता

# आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कमी : रवि कुमार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्य चुनाव आयुक्त के. रवि कुमार ने कहा है कि चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश मिलते ही झारखंड में आदर्श आचार संहिता के निष्प्रभावी होने की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले दो लोकसभा चुनावों की अपेक्षा इस बार सबसे कम आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज किये गये हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 318 मामले दर्ज किये गये थे। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में यह संख्या 193 रही थी। जबकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में यह संख्या महज 101 रही है। उन्होंने कहा कि यह सब जागरूकता अभियानों और मीडिया की सकारात्मक भूमिका के कारण संभव बन पड़ा है। उन्होंने कहा कि आगे के चुनावों में प्रयास रहेगा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले न्यूनतम हो। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में चुनावी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे।




## चुनाव में नक्सली घटना भी रहा शून्य

**चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही इसे सफल बनाने में सहभागी बने चुनाव कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, पुलिसकर्मियों, बाहर से आये सुरक्षाबलों, मतदाताओं, सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों समेत मीडियाकर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मीडिया का निर्वाचन आयोग के हर संदेश को घर-घर तक पहुंचाने में काफी सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि फार्म 20 के तहत विधानसभावार मतदान का आंकड़ा सार्वजनिक किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पूरे चुनाव के दौरान राज्य में कही भी हिंसक घटना नहीं हुई। सबसे संतोष की बात यह रही कि इस चुनाव में नक्सली घटना भी शून्य रही।**

## आदिवासी समाज ने भाजपा और बाबूलाल को पूरी तरह नकारा

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि राज्य में बहुसंख्यक आदिवासी वर्ग के लोगों ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताते हुए सभी पांचों एसटी लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कराकर ऐतिहासिक संदेश दिया है। यादव ने कहा कि राज्य में आदिवासी और अल्पसंख्यक के लोगों ने बीजेपी और बाबूलाल मरांडी के नकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को अस्वीकार्य कर इंडिया गठबंधन पर पूर्ण उम्मीद करते हुए एनडीए को कड़ा संदेश देने का काम किया है। विदित है कि राज्य में झामुमो,कांग्रेस, राजद का संयुक्त सरकार ने सामाजिक न्याय की नींव को काफी मजबूती से काम किया है।

## न्यूज बॉक्स



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धुर्वा रांची में पौधारोपण के बाद झारखंड आई ए एस ऑफिसर्स वाइफ्स एसोशियेशन के पदाधिकारी कलाकारो के साथ।

### एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने पौधरोपण अभियान के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



**रांची ।** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और चांसलर के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के आदेश के तहत एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (एआईबी) और एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन (एएससीओ) ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण अभियान चलाया। एमिटी विवि के कुलपति डॉ अशोक के. श्रीवास्तव ने पौधरोपण करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और सभी शिक्षकों एवं सहकर्मियों को अपने कार्यस्थलों एवं निवासस्थल पर कम से कम दो पौधे लगाने का सुझाव दिया। इस अभियान में रजिस्ट्रार प्रभाकर त्रिपाठी, डीन (अकादमिक) डॉ अजीत कुमार पांडे और डॉ निशांत मणि के साथ-साथ विभिन्न फैकल्टी सदस्यों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही।

### बीआईटी मेसरा लालपुर कैंपस में किया गया पौधरोपण

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआईटी मेसरा लालपुर केंद्र में बुधवार को पौधरोपण किया गया। इस दौरान गुलमोहर के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। केंद्र की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने कहा कि हर मनुष्य यदि अपने जीवनकाल में एक पौधा लगाए, तो धरा की सुंदरता और बढ़ जाएगी। अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाएं। डॉ प्रणव कुमार ने पौधरोपण करने और उनको संरक्षण देने की बात कही। उन्होंने इस दिवस की महता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ संदीप नाथ शाहदेव, डॉ विनोद कुमार शर्मा, डॉ अमृता सरकार, डॉ मानसी गुप्ता, सुभाशीष रॉय, मनोज कुमार, अनामिका कुमारी, सरिता तिग्गा, मिनी दुबे, ऐलिस टोप्पो, सोनी कुमारी, अजय कुमार, बासुदेव सिंह, डॉ महुआ बनर्जी, राणा प्रताप मिश्रा और बिनोद कुमार उपस्थित थे।

### एसआर डीएवी पुंदाग में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**रांची।** एस. आर. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, पुंदाग के प्रशस्त प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ' पर्यावरण संरक्षण ' विषय पर आकर्षक पोस्टर बनाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य एस.के.मिश्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय परिसर में उपस्थित विद्यार्थियों तथा शिक्षिकाओं के संग मिलकर प्रदूषण नियंत्रण हेतु विद्यालय की वाटिका में वृक्षारोपण किया ,साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के विषय ' भूमि बहाली,मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता ' के संबंध में जानकारी साझा किया।उन्होंने बताया कि पूरा विश्व जिस 'ग्लोबल वार्मिंग' की समस्या से जूझ रहा है,उसका एक मात्र समाधान वृक्षारोपण है। इसलिए हम सबको अपने आस - पास अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। सभा में बड़ी संख्या में शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के विज्ञान विभाग का विशेष योगदान रहा।

### पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पति दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने बुधवार को पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपित पति मोहम्मद सद्दाम को दोषी ठहराया है। दोषी की सजा के बिंदु पर कोर्ट 12 जून को सुनवाई करेगी। मामले के एक आरोपित मोहम्मद असलम को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि यह मामला अनगड़ा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बताया जाता है कि मो. सद्दाम की पत्नी ने वर्ष 2018 में आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद मोहम्मद सद्दाम पर पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। इसे लेकर अनगड़ा थाना में कांड संख्या 22/2018 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### जमीन घोटाला मामले में आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 22 को

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले के आरोपित मोहमद अफसर अली की जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत सुनवाई हुई। अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। अब पीएमएलए कोर्ट में अगली सुनवाई 22 जून को होगी। अफसर अली की ओर से 14 मई को जमानत की गुहार अदालत से लगाई गई थी। उल्लेखनीय है कि 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में ईडी ने उसे 17 अप्रैल को कोर्ट की अनुमति पर गिरफ्तार किया था। अफसर बरियातू में सेना की 4.5 एकड़ जमीन घोटाले में भी आरोपित है। इस मामले में उसकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। अफसर अली जमीन की फर्जी दस्तावेज बनाने का मास्टरमाइंड था। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा मामले में 14 अप्रैल, 2023 को ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था। उसी समय से वह जेल में है। बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपितों को ईडी ने गिरफ्तार किया है।

### पर्यावरण संरक्षण जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण : प्रिया बागची

**रांची ।** उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से गांवों में वनों की कटाई से निपटने, जैव विविधता विकास, भूमि पुनर्स्थापन और समुदाय के भीतर पर्यावरण जागरूकता का अभियान शुरू किया गया है। अनगड़ा प्रखंड के मासू और उलातू गांवों में जन सहभागिता के माध्यम से पौधरोपण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर उषा मार्टिन की प्रबंधक प्रिया बागची ने कहा, फॉउंडेशन का लक्ष्य केवल पौधा रोपना नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को उनकी देखभाल, बचाव और विकास करने के तरीके के बारे में ज्ञान साझा करना है। ग्रामीणों की प्रतिबद्धता की भावना को बढ़ना ही इस पर्यावरण दिवस का उद्देश्य है। इस अवसर पर सामुदायिक स्तर पर करीब 50 पौधों का रोपण किया गया औरे 100 से अधिक पौधें ग्रामीणों के बीच वितरित किए गए। मासू गांव के सरपंच मदरा मुंडा ने कहा कि जल जीवन बचाने के लिए हर इंसान को पेड़ लगाना जरूरी है। ग्राम प्रधान देवराज पहान ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी केवल पेड़ लगाना ही नही है, बल्कि जिस तरह पालन बच्चों को लालन-पालन करते है ठीक उसी तरह पौधों का लालन-पालन करना है, ताकि पेड़ को बचाया जा सके। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से गांवों में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाएगा।

## एक नजर

### विश्व पर्यावरण दिवस पर दिए गए पौधे

**हजारीबाग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाज सेवी प्रदीप प्रसाद के द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने भी उपस्थित होकर उनके इस संकल्प की सराहना करते हुए उनके संकल्प में सहयोग का आश्वासन दिया।उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने विभिन्न पेड़ो के पौधे प्रदान किए।कहा कि पौधा रोपण से ज्यादा जरूरी उसे पेड़ का रूप प्रदान करने में उसकी सेवा व देखभाल आवश्यक है। कहा कि हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के घर घर पौधे संग जल्द देंगे दस्तक।कार्यक्रम मे पूर्व विधायक बरही मनोज यादव , प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी , वरिष्ठ भाजपा नेता बटेश्वर मेहता,हरिश श्रीवास्तव सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### जनादेश स्वागत योग्य : सुरेश ठाकुर

**हजारीबाग।** भारत में लोकसभा आम चुनाव 2024 में जो जनादेश जनता ने दिया है वह स्वागत योग्य है। इसके लिए देश के जनता बधाई के पात्र है। देश में सभी 543 लोकसभा क्षेत्र से चुन कर आए सांसद को बधाई देते है। खास कर हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र से जीत हासिल करने वाले मनीष जसवाल को हार्दिक अभिनंदन स्वागत करते हैं। यह जनादेश धार्मिक मुद्दा पर नहीं विकास के मुद्दा पर है। इस जनादेश से सभी राजनीतिज्ञ करने वाले दल को सिख लेने की जरूरत है। चुनाव के बाद और गिनती से पहले जो एक्जिट पोल आया वह आम जनता और राजनीतिक दलों को दिग्भ्रमित किया। जो गलत है अब आगे के चुनाव में एक्जिट पोल को बंद करना चाहिए। देश के विकास लिए धार्मिक मुद्दा नही विकास का मुद्दा होना चाहिए। देश के विकास के लिए सभी राजनीतिक दल को रोजगार, शिक्षा,स्वास्थ्य, रोड़, बिजली, पानी और सरकारी योजना आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए।

### मनीष जायसवाल का सांसद बनना ऐतिहासिक क्षण : टोनी जैन

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि पूर्व कोषाध्यक्ष वरिष्ठ नेता टोनी जैन ने हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनीष जायसवाल को प्रचंड बहुमत से जीत मिलने पर उनके आवासीय कार्यालय में मिलकर पुष्प देकर तथा अंग वस्त्र देकर बधाई दी । मौके पर उनके साथ वरिष्ठ नेता केपी ओझा ,सोनू गुप्ता ,शेखर गुप्ता ,विजय वर्मा, उपस्थित थे । सांसद से क्षेत्र के विषय में चर्चा की और कहा की अपने वक्तव्य में टोनी जैन ने कहा की जमीन से जुड़े ऐसे कर्मठ व्यक्ति मनीष जायसवाल का सांसद बनना हम लोगों के लिए तथा क्षेत्र के लोगों के लिए सौभाग्य की बात है। क्योंकि यह पिछले 10 सालों से लगातार विधायक रहते हुए जनता की सेवा में दिन रात लगे रहते हैं,समाज के अंतिम व्यक्ति तक इनकी पहुंच है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक

# नशे के लिए प्रयोग होने वाली सभी दवाओं पर रखें विशेष निगरानी, चलाएं सघन जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति (एनकॉर्ड) की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उप समाहर्ता सह प्रभारी सामान्य शाखा पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी द्वारा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, उन्होंने हाल ही में राज्य स्तर पर गृह सचिव, झारखंड सरकार, रांची की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों एवं जिला स्तर पर इस संबंध में किए जाने वाले अनुपालन को लेकर सभी को जानकारी दी। जिले में युवाओं को नशे की लत से बचाने एवं नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त ने ड्रग इंस्पेक्टर, रामगढ़ से नारकोटिक कोऑर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश में के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए पूरे जिले में योजनाबद्ध तरीके से दवा दुकानों आदि में सघन जांच अभियान चलाने एवं वैसी सभी दवाएं जिनका इस्तेमाल नशे के लिए किया जा सकता हो पर विशेष निगरानी रखते हुए दावों की बिक्री स्टॉक आदि से संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में नारकोटिक्स के विरुद्ध किए गए सराहनीय प्रयासों के उदाहरण के माध्यम से भी सभी अधिकारियों को जागरुक करते हुए इस दिशा में कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। युवाओं को नशे की लत से बचाने एवं राज्य स्तर पर गृह सचिव, झारखंड सरकार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।




### नशामुक्त जिला बनाने के लिए लोगों को करें जागरूक : एसपी

जिस तरह से नशा की परंपरा बढ़ती जा रही है इससे युवा पीढ़ी बहुत ज्यादा प्रभावित हो रही है। जिसका असर स्कूल और कालेजों तक पहुंचने लगी है। इस पर हम सभी काम करने की जरूरत है। जिले को नशामुक्त बनाने तथा व्यापक जन जागरूकता फैलाने में सभी संबंधित विभाग गंभीरतापूर्वक करें अपने कार्यों का निर्वहनः पुलिस अधीक्षक

### वन भूमि में औषधीय पौधे लगाकर हो सकती है बेरोजगारी दूर : अनूप भाई

**हजारीबाग।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश संयोजक जैविक कृषि प्रकोष्ठ किसान मोर्चा, भाजपा झारखंड प्रदेश के अनूप भाई के द्वारा वृक्षारोपण किया गया और कहा कि झारखंड समेत देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ रही है। बेरोजगारी को दूर करने के लिए वन भूमि में सरकार के द्वारा बेरोजगार युवा युवतियों को वन भूमि में औषधीय पौधे लगाकर बेरोजगार लोगों को देख रेख करने के लिए दिया जाए जिससे कई फायदे हो सकती है। एक बेरोजगारी दूर दूसरा जंगल कटने से बचेगा तीसरा उग्रवाद मुक्त होगा। औषधीय उत्पादन बढ़ेगा। जिससे देश के लोगों को सस्ते दरों पर औषधीय सामग्री प्राप्त हो सकेगा शुद्ध पर्यावरण और देश के लोग स्वस्थ रहेंगे। इस पर सरकार पहल करें तो देश से बड़े पैमाने में बेरोजगारी दूर हो सकती है ।क्योंकि अधिकांश जमीन जंगल भूमि है इस पर केंद्र और राज्य सरकार पहल करें तो हो सकती है, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी दूर उपयोग में लाने वाले औषधीय पौधे जैसे कपूर,लौंग इत्यादि अन्य पौधे शामिल हो। अनूप भाई ने लोगों से निवेदन किया इस मानसून में एक पौधा हर एक व्यक्ति जरूर लगाए।

## न्यूज बॉक्स

### पर्यावरण दिवस पर आर्मी जवान को बड़े भाई ने दिया पौधा, उतारी आरती



**बरही ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आर्मी ट्रेनिंग लेकर पहली बार घर पहुंचे गणेश कुमार को उनके बड़े भाई अर्जुन गुप्ता और मयंक ने पौधा देकर स्वागत किया. जिसका पौधरोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. वही मां ने अपने लाडले की घर वापसी पर आरती उतारकर स्वागत किया. बड़े भाई सह ए - वन कोचिंग के निदेशक श्री गुप्ता ने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई ने ग्लोबल वार्मिंग को जन्म दिया है. तपती धरती, शुष्क वातावरण और वर्षा की कमी इसके प्रमुख कारण है. प्रदूषण से वातावरण दिन प्रतिदिन जहरीला होता जा है. ऐसे में इसे सुरक्षित रखना हम सबों की पहली जिम्मेवारी होती है. जिसे आमजन पूरी गंभीरता से नहीं ले रहे है. आर्मी ने देश का रक्षक होता है, ऐसे में वन व पर्यावरण को सुरक्षित रखने में आर्मी की महत्पूर्ण भूमिका हो सकती है. मां ने अपने पुत्र को आर्मी ड्रेस में देखकर रोमांचित हो उठी और देश को सुरक्षित और संरक्षित रखने में निष्ठापूर्वक जिम्मेवारी निभाने की आशीर्वाद दिया.

#### अन्नपूर्णा देवी की जीत पर भाजपा ने निकाला विजय जुलूस

### क्षेत्र के विकास कार्य को मिलेगी गति : अमित कुमार यादव



**बरकट्ठा।** कोडरमा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को मिली बंपर जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकताओं ने बरकट्ठा के दिव्य कल्याण आश्रम परिसर में मिठाइयां बांटी और जमकर आतिशबाजी की। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव मौजूद रहे। वहीं कार्यकर्ताओं ने बरकट्ठा जीटी रोड पर विजयी जुलूस निकाल कर खुशियां मनाई और एक दूसरे को जीत की बधाई दी। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यह जीत कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की जनता की जीत है। भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का असर है कि कोडरमा लोकसभा में एक बार फिर भाजपा को बंपर जीत मिली है। उन्होंने कहा कि जीत से क्षेत्र में विकास कार्य को गति मिलेगी साथ ही केंद्र में मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनकर भारत की नई गाथा लिखी जाएगी। विजयी जुलूस में बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, अनिल कुमार आजाद, कुलदीप पाण्डेय, केदार साव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष टिंकू प्रसाद, अशोक कुमार गुप्ता, संजय यादव,नरेश प्रसाद, राजकुमार मंडल, रीतलाल प्रसाद, मुकेश यादव, बिरेंद्र मेहता , राजकुमार यादव, सरयू यादव, बिंदु सोनी समेत आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएवी में हुआ पौधरोपण प्राचार्य ने कहा- पेड़ बचेंगे, तो हम बचेंगे



**बरही ।** सिमटती हरियाली और ग्लोबल वार्मिंग से बचने का एकमात्र सरल और सहज उपाय वृक्षारोपण है. उक्त बाते विश्व पर्यावरण दिवस डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कही. उन्होंने कहा कि पेड़ है तो कल है क्योंकि पेड़ बचेंगे तो हम बचेंगे. ग्लोबल वार्मिंग और तपती धरती ने जनजीवन को अस्त व्यस्त किया है. वर्षा दूर हुई है. मिट्टियो का क्षरण बढ़ा है. खेती में रसायनिक खाद के उपाय बढ़े हैं. वातावरण जागरूक हुए हैं. जो हम सभी के लिए हानिकारक है. हम सबों को जागरूक मानव की भांति जंगलों की कटाई पर रोक लगाना होगा. हर एक इंसान को पर्यावरण संरक्षण के साथ वन्य जीवों के संरक्षण पर ध्यान देना होगा. हर एक व्यक्ति को एक वृक्ष लगाने और उसे संरक्षित रखने का संकल्प लेना होगा. तभी हम सभी जीवित रह सकते हैं अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य संग उपस्थित एलएमसी सदस्य इंद्रदेव यादव और विद्यालय के शिक्षको ने वृक्ष लगाकर किया.जिसके तहत विद्यालय प्रांगण में भरत यादव द्वारा दिए गए अशोक, आम, कटहल, महोगनी, शीशम, लीची आदि के कई पौधे लगाए गए. इस कार्य में विद्यालय विद्यार्थियों ने भी सराहनीय सहयोग किया. इस अवसर पर नरसिंह शर्मा , मुकेश कुमार, राजेश सिन्हा , रवि उदय सिंह, रंजीत कुमार, ललन यादव, अमित कुमार, प्रहलाद कुमार, मुकेश कुमार, गौतम अखौरी, ललित मिंज, विकास टोप्पो, अजय कुमार, अजय कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### 9 जून को सूर्यकुंड धाम में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**बरकट्ठा।** जिला परिषद सदस्य बरकट्ठा 07 की प्रेरणा प्रिया के अगुवाई में आगामी 9 जून को छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें बरकट्ठा व चलकुशा प्रखंड क्षेत्र के दसवीं और बारहवीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया ने बताया कि आगामी 9 जून 2024, दिन- रविवार को समय 9 बजे पूर्वाह्न से सूर्यकुण्ड धाम परिसर में छात्र सम्मान समारोह आयोजित कर छात्रों को सम्मानित की जाएगी।कहा कि छात्र छात्राओं को सम्मान मिलने से एक नई उर्जा का संचार होता है और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। उन्होंने बताया कि अब्बल छात्र छात्राएं 9905516517, 7979947154 6206890834 अंकित मोबाइल नंबर पर संपर्क कर अपना मार्कशीट व्हाट्सएप कर अपना नाम अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करवाएं जो बिल्कुल निःशुल्क है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि शनिवार 08 जून 2024, समय 1 बजे अपराहन तक निर्धारित है । कहा कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे ।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों लिए जलपान की व्यवस्था की गई है।

## चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने पर डीसी ने जताया आभार, कहा

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी की भूमिका रही महत्वपूर्ण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 14 हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन के घोषणा होने से लेकर लगातार तीन महीनों तक इसकी व्यापक तैयारियों तथा शांतिपूर्ण मतदान एवं मतगणना संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभाने वाले तमाम अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस प्रशासन के द्वारा उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए सफलतापूर्वक निर्वाचन को संपन्न कराने को लेकर अनेक बधाई व शुभकामनाएं। उक्त शुभकामना संदेश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने अधिकारियों व तमाम कर्मियों को दी। उपायुक्त ने मतदान कार्यों में लगाए गए सभी अधिकारी,मैजिस्ट्रेट, मतदान कर्मी, गणन कर्मियों के प्रति आभार जताया और कहा कि बेहतर टीम भावना का परिणाम है कि यह महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाया है, आगे भी अनेक चुनौतीपूर्ण कार्य आएंगे जिसे इसी आत्मविश्वास और धैर्य से अपने कार्यों को अंजाम देंगे। इस चुनाव में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया को भी धन्यवाद दिया और कहा चुनाव के परिणाम के बेहतर कवरेज से लोगों को सही और सटीक जानकारी जनता को अखबारों के माध्यम से मिली। अंत में उन्होंने एक बार फिर सभी को बेहतर कार्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

### विजेता उम्मीदवार को उपायुक्त ने सौंपा निर्वाचन प्रमाणपत्र

लोकसभा निर्वाचन में 14 हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से जीते बीजेपी प्रत्याशी मनीष जायसवाल को निर्वाचन प्रमाणपत्र सौंपा तथा जीत की बधाई दी। श्री जायसवाल ने 275775 मतों से जीत हासिल की है।

#### भीम आर्मी ने मनाया पर्यावरण दिवस

### पेड़-पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर बचाने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
भीम आर्मी प्रखंड इकाई बरकट्ठा के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास के नेतृत्व में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने बारी बारी से पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ पौधे को बचाने का संकल्प लिया।वहीं उपस्थित लोगों ने पेड़ पौधों को बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमोद रविदास ने कहा कि जिस प्रकार से पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है इसका परिणाम भी हम लोग भुगत रहे हैं। वर्तमान समय में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जा रही है जो भविष्य के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधा लगाने और पेड़ की सुरक्षा करने की अपील की। मौके पर जिला सचिव बच्चनदेव कुमार, प्रखंड सचिव अर्जुन तुरी, छोटी लाल रविदास, नारायण रविदास, लखन रविदास, युगेश्वर दास, विश्वनाथ दास, मनोज मूर्मू, दिनेश दास, सुंदर दास मुकेश पासवान सुनिल कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सिविल स्टैंडर्ड बनाए रखने के लिए समय पर ऋण की करें अदायगी : क्रिस्टोफर




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बैंक ऑफ इंडिया बरही शाखा ने अपने केसीसी एनपीए खाता धारकों के लिए कोनरा पंचायत भवन में ऋण वसूली सह समझौता शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में बरही शाखा के विभिन्न पंचायत से दर्जनों एनपीए खाता धारक पहुंचे. जिन्हे ऋण वसूली से संबंधित जानकारी दी गई. शिविर में मौजूद बैंक अधिकारी क्रिस्टोफर होरो ने बताया कि शिविर में कुल 110000 रुपए की ऋण वसूली की गई है. जिसमे 6 ऋणधारकों से 90 हजार रुपए की एकमुश्त अदायगी की गई है. 10 लोगों ने समझौता के बाद दो से तीन किस्त में ऋण अदा करने का लिखित आश्वासन दिया.वही एक ग्राहक का पर्सनल लोन के लिए लीड भी जेनरेट किया गया. बैंक अधिकारी क्रिस्टोफर ने बताया कि बैंक के साख बनाकर रहने से भविष्य में लाभ लेने के अवसर मिलते हैं. ऋण लेना अच्छी बात है पर उसकी अदायगी के लिए लोगो को सचेत और गंभीर होनी चाहिए. यह एक मुश्त योजना फिलहाल जारी है.एनपीए खाता धारकों को इसका लाभ लेने की आवश्यकता है. शिविर में बैंक कर्मी मधु दास, मोकीम अंसारी, बीसी जयदीप कुमार सिन्हा, मोती सिंह, शीला देवी, मो मंसूर, मनोज राणा मौजूद थे. ऋण वसूली शिविर में हकीम अंसारी ने भी सार्थक भूमिका निभाई. कई ऋण धारक अपने ऋण की राशि से अचंभित थे. आरोप था कि उन्हें अंकित राशि से कम ऋण मिला है.

# बरही पुलिस ने फोर्ड कार से अवैध शराब किया जब्त, चालक गिरफ्तार






**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रुप से बिना कागजात के फोर्ड गाड़ी संख्या डब्लूबी 06 एच 1875 पर अग्रेजी शराब ले जाते समय रंगे हाथ पकड़ा। इसके आरोप में बरही थाना कांड संख्या 224/24 दर्ज किया गया है। फोर्ड गाड़ी संख्या डब्लूबी 06 एच 1875 का विधिवत जप्ती तलाशी लेने पर गाड़ी पर लोड 07 कार्टून में इम्पिरियल ब्लू का 140 अदद एवं 04 कार्टून में मैकडोवेल्स का 80 अदद कुल 11 कार्टून में 375 एम0एल0 का 220 पीस अंग्रेजी शराब एवं फोर्ड गाड़ी संख्या डब्लू बी 06एच 1875 को विधिवत जप्त किया गया। साथ ही गाड़ी संख्या डब्लू बी 06 एच 1875 के चालक ओमकार कुमार उम्र 20 वर्ष पिता राजेश राम साकिन सपही थाना रजौली, जिला नवादा (बिहार) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार के नेतृत्व में की गई। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। कहा कि अवैध धंधा में संलिप्त लोगों पर बरही पुलिस लगातार कार्रवई कर रही है। इतना ही नही बल्कि बरही पुलिस जनता की सेवा में 24 घण्टे तत्पर है।

## खुलासा

## सुशीला हत्याकांड में फरार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से घर में की थी आगजनी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विगत 30 मई को सुबह समय करीब 9:00 बजे रामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पतरातू बस्ती विद्यानगर में सेवानिवृत्त रेलवेकर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में अपराध कर्मियों ने घूसकर उनकी पत्नी सुशीला प्रसाद की हत्या कर नकदी एवं आभूषण लूट-पाट कर साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से घर में अगजनी कर सनसनी खेज घटना को अंजाम दिया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड संख्या-150/24. 30.05.2024. धारा-394/302/436/448/427 भादवि० विरूद्ध अज्ञात अपराधकर्मियों के पंजीकृत कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ० बिमल कुमार के द्वारा घटना की संवेदनशीलता एवं गंम्भीरता को ध्यान में रखते हुए इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए स्वयं के नियमित, सतत एवं निकट निगरानी में कांड का उद्भेदन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं लूटे गये संपत्ति तथा घटना में प्रयुक्त सामानों की बरामदगी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों को संकलन किया गया। साक्ष्यों के आधार पर करीब 72 घंटे में इस कांड का उद्भेदन करते हुए कांड में शामिल मुख्य साजिशकर्ता कुमारी स्नेहा उनके पति आरिफ नैयर उर्फ आर्या एवं अफसर अली को गिरफ्तार कर दिनांक 04.06.2024 को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इस काण्ड में शामिल चौथे अभियुक्त कासिफ मुन अमीन उम्र करीब 22 वर्ष, पिता- इम्तियाज अंसारी पता-मगनपुर, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। यह जनाकारी बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने प्रेस वार्ता में दी दी। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के क्रम में उसने अपना अपराध स्वीकार किया।



#### पेड़ों की अंधाधुंध कटाई है तपती गर्मी का मुख्य कारण

### पेड़ लगाएं पर्यावरण बचाएं : राकेश गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हृदय स्थली झील परिसर में परफेक्ट डिफेंस एकेडमी द्वारा पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश देने हेतु बुधवार अहले सुबह जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें जदयू नेता समाजसेवी राकेश गुप्ता एवं परफेक्ट डिफेंस एकेडमी के निदेशक ए. के भारद्वाज शामिल हुए। जागरूकता रैली की शुरूआत झील परिसर से हुई। वहाँ से शहर का झंडा चौक जागरूकता रैली पहुंचा। उसके बाद पुनः झील परिसर पहुंचकर वृक्षारोपण किया गया। जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा हो रही अंधा-धुन पेड़- पौधों की कटाई को रोकना था। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में तपती गर्मी का मुख्य कारण सिर्फ अनियंत्रित व अंधाधुंध पेड पौधे की कटाई है। इसे रोकना एवं पर्यावरण का संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी मिलकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर अपने घरों एवं सार्वजनिक स्थानो पर दो- दो पेड लगाकर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दे। मौके पर परफेक्ट डिफेंस एकेडमी के निदेशक ए. के भारद्वाज ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए इस जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है।



## एक नजर

### चुनाव को लेकर मिथलेश तिवारी की सही हुई भविष्यवाणी

**रामगढ़।** ज्योतिष शास्त्री एवं बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र के संचालक मिथलेश तिवारी की भविष्यवाणी लोकसभा चुनाव को लेकर सही साबित हुई है। श्री तिवारी ने इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुनः प्रधानमंत्री बनने और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल एवं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से आजसू के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के विजय होने की भविष्यवाणी की थी। अपनी भविष्यवाणी सही होने पर मिथलेश तिवारी ने कहा कि यह प्रभु की कृपा है जिसके कारण हम ऐसा कर पाते हैं। कहा की आगे भी जो कार्य करेंगे वह प्रभु की कृपा से होगा। इधर, उनकी भविष्यवाणी सही होने से लोगों के बीच उनकी प्रसिद्धी लगातार बढ़ रही है। लोग उनसे ज्योतिष सम्बन्धी परामर्श लेने के लिए लगातार उनके आवास पर पहुंच रहे हैं ।

### जागरूक होकर पर्यावरण को बचाया जा सकता है : अरुण

**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को कोडरमा के मधुबन पंचायत भवन में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। एलएडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि जागरूक होकर ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेतरतीब विकास और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से पर्यावरण का संकट गहरा रहा है। यही कारण है कि आए दिन किसी न किसी हिस्से में प्राकृतिक तबाही होती रहती है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है, हमें सोचने की जरूरत है। इन सभी घटनाओं के मूल में जलवायु परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि सभी के योगदान से पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे से पृथ्वी की जैव विविधता बुरी तरह प्रभावित होती है।

### छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को 22 साल का कठोर कारावास

**कोडरमा।** छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले को कोर्ट ने 22 वर्ष की सजा सुनाई। अभियुक्त में आंबेडकर नगर तिलैया निवासी 24 वर्षीय विकास कुमार पिता कद्दू सिंह शामिल हैं। मामले में सोमवार को फैसला सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश गुलाम हैदर की कोर्ट ने दोषी पर 20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जबकि कोर्ट ने 363 भादवि के तहत दोषी पाते हुए सात साल कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपए जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर पांच माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 354 भादवि के तहत चार साल की सजा सुनाई और तीन हजार जुमार्ना लगाया।

जंगली हाथियों से बचाव के लिए 'अर्थ इंजन' समेत दो एप का हुआ शुभारंभ

# 'हमार हाथी' एप हाथियों के विचरण का देगा सतत जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सिमडेगा, वन प्रमंडल द्वारा विभागीय दो नवीन मोबाइल एप्लीकेशन एवं एसओपी का शुभारंभ उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास कुमार उज्ज्वल एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर दो मोबाइल एप्लीकेशन हमार हाथी एवं अर्थ इंजन ऐप्प का शुभारंभ किया गया। हमार हाथी' ऐप्प बताया गया कि यह एप्लिकेशन हाथियों के विचरण एवं अवस्थिति की सतत जानकारी मोबाईल एप्लीकेशन आधारित हाथी विचरण निगरानी प्रणाली, लोगों के जान-माल की क्षति को न्यूनतम करना, विशेषतायें मोबाईल एप पर आधारित निगरानी प्रणाली जन-साधारण के उपयोग हेतु विभाग के सर्वर से लिंक हाथियों के आगमन से ग्रामीण सचेत रहेंगे, हाथियों को मानव बसावटों से दूर रखने में मदद हाथियों से लोगों को सतर्क, सचेत एवं सुरक्षित किया जा सकेगा नजदीक सही समय की जानकारी देगी । वहीं 'अर्थ इंजन' ऐप्प हाथियों के विचरण एवं अवस्थिति का पूवार्नुमान लगाएगा तथा ए आई आधारित एप्पलीकेशन है वहीं लोगों के जान-माल की क्षति को न्यूनतम करना है।इसके अलावा मोबाईल एप्प पर पूवार्नुमान आधारित सतर्कता प्रणाली तथा वन विभाग फ्रंटलाइन वर्कर के द्वारा आंतरिक उपयोग के लिए साथ ही हाथियों के संभावित आगमन से ग्रामीण को सचेत करेगा एवं हाथियों को मानव बसावटों से दूर रखने में मदद हाथियों से लोगों को सतर्क, सचेत एवं सुरक्षित किया जा सकेगा उन्होंने बताया की देश में हाथियों के लिए पहला एआई बेस्ड रूट परिडक्सन है इसके अलावा संपर्दश से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

## जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक के जन्म दिन पर किया गया पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पर्यावरण प्रेमी स्व. घनश्याम मेहता के जन्मदिन के अवसर पर पौधा रोपण किया गया जिसमें जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक डॉ. विनय कुमार और जीएम कॉलेज के प्राचार्य शंभू कुमार के द्वारा सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और पुण्य आत्मा को याद किया गया। डॉ.विनय कुमार ने कहा कि अपने जीवन में स्व.घनश्याम मेहता ने जो कर दिखाया वह काबिले तारीफ है। शिक्षा जगत में पूरे झारखंड राज्य में गौरव हासिल है ही और पर्यावरण जगत में भी बहुत कम समय में अलख जगाने का कार्य किए है। समाज के प्रत्येक नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जगाने का कार्य किए है। आज उनके लगाए गए पौधा वृक्ष बनकर फल दे रहा है। शंभू कुमार ने कहा कि मानव द्वारा अपने हित के लिए लगातार पृथ्वी के संसाधनों का दोहन करने के कारण होने वाली क्षति को रोकने और पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण दिवस की शुरूआत की गई। मानव ने पिछले 200 वर्षों में अपनी उन्नति और प्रगति के नाम पर प्रकृति का जो शोषण किया है, उसी का परिणाम है जो आज हम अपने पर्यावरण में परिवर्तन देख रहें है। यदि इस पर अब भी दृढ़ता के साथ विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में हमें इसके भयंकर परिणाम भुगतने होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### कुरडेग के बड़कीबीउरा में कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय राम कथा शुरू



**कुरडेग।** प्रखंड के बड़कीबिउरा गांव में तीन दिनी श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। श्री राम कथा का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई।भव्य कलश यात्रा दस घरिया डैम से जल उठाव के साथ महिलाएं अपने सर पर मंगल कलश लेकर जय श्रीराम की जयघोष के साथ गांव में कथा स्थल पहूंची। जहां कथावाचक निर्मला कुमारी,यशोदा देवी बहनों द्वारा राम कथा के महत्व को बताया और कथा करना ,सुनना क्यों जरूरी है, इसको लेकर विस्तार से बताया गया।कथा का समापन आठ जून को सुबह भंडारे के साथ होगा। मौके पर आयोजनकर्ता मनोज साय,लक्ष्मी नारायण दास,पूर्णचन्द्र साय,घनश्याम साय,शंकर बड़ाईक,तरूण खेरवार वृचन्द्र साय,मोहन राम नायक सहित अन्य भक्त मौजूद थे।

### नशापान से दूर रहकर अपने करियर पर फोकस करें युवा : अजय एक्का



**सिमडेगा।** सिमडेगा धर्मप्रान्त के कुरुसकेला पल्ली में बिरु भिखारिएट दो दिवसीय युवा सम्मेलन विगत मंगलवार को संपन्न हुआ, जिसमें बिंधाईनटोली, तामड़ा, सोगड़ा, खांजालोया और कुरुसकेला पल्ली के लगभग आठ सौ युवक युवतियों ने भाग लिया। सम्मेलन में बतौर वक्ता कैथलिक युवा संघ सिमडेगा धर्मप्रान्त के अध्यक्ष सह ठेठईटांगर पश्चिमी जिला परिषद अजय एक्का ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय युवाओं के लिए विभिन्न चुनौतियों से भरा है। ऐसी परिस्थिति में युवाओं को नशा पान, बुरी संगति, दुनियावी चक्काचौंद से दूर रहकर अपने कैरियर पर फोकस करके मेहनत करने की आवश्यकता है। जिससे कि आने वाले समय में समाज को एक अच्छी दिशा दे सकें। कार्यक्रम को फा. फाबियान डुंगडुंग, फा. हेनरी, डॉ. जेकब लकड़ा, फा. प्रवीण, फा. हेरमन, फा. सिलबानुस एस जे ने भी संबोधित किया तथा रोशन डुंगडुंग, आनन्द सोरेंग, दिव्या रश्मि बिलुंग, शशि भूषण तिर्की, रीमिस हेमरोम, प्रदीप मिंज, सुकेश कुल्लू, संदीप बारला, मागरीता केरकेट्टा, युजिन सोरेंग, रंजित सोरेंग, रितेश मिंज सहित कई युवाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम में युवाओं को आध्यात्मिक, सामाजिक और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण दिया गया वहीं युवाओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा बाईबल प्रश्नोतरी प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। जिसमें बाईबल प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में प्रथम कुरुसकेला, द्वितीय तामड़ा और तृतीय खांजालोया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम तामड़ा, द्वितीय खांजालोया और तृतीय बिधाईनटोली पल्ली के युवाओं ने खिताब पर अपना कब्जा जमाया।

### कालीचरण मुंडा की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**बानो।** कॉंग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओ ने बुधवार को बानो बिरसा मुंडा चौक स्थित भगवान बिरसा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। खूंटी संसदीय क्षेत्र से कॉंग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के प्रचंड बहुमत से जीतने पर खुशी जाहिर किया। मालूम हो मंगलवार को कई प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता खूंटी गये थे। जिसके बाद बुधवार को कॉंग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष अजित कंडुलना, बानो प्रमुख सुधीर डांग आदि लोगो ने माल्यार्पण किया।कांग्रेस प्रत्यासी की जीत पर खुशी से खूब पटाखे फोड़े गये व मिठाई बाटे गये ।मौके पर अजित कंडुलना ने कहा जल्द ही कॉंग्रेस के जीत पर बानो में विजय जुलूस निकाली जाएगी।कार्यक्रम में सांसद कालीचरण मुंडा भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायत कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा। मौके पर मो आलम,सबन सुरीन,सुगढ़ सुरीन आदि लोग उपस्थित थे।

### पर्यावरण को संतुलित व सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण जरूरी : बालकृष्ण

**कोडरमा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कोर्ट कैंपस में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और न्यायिक पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया। जबकि जिले के विभिन्न प्रखंडों में पौधरोपण सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन पारा लीगल वोलेंटियर द्वारा किया गया। प्रधान जिला जज सह प्राधिकार अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित और सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि वृक्षों के माध्यम से हम पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं। लोग अज्ञानता के कारण प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रकृति के साथ अनावश्यक छेड़छाड़ से लोगों को ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए, यही आज के दिवस की सार्थकता है। प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि आज पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेवारी हो गई है।

सैंडीह में भक्तिभाव से मनी संत बोनीफास चर्च की 39वीं वर्षगांठ

# अच्छाई को अपनाकर ही गांव, समाज को बना सकते हैं खुशहाल : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** पाकरटाड़ प्रखंड के पंचायत सिकरियाटाड़ के सैंडीह गांव में संत बोनीफास चर्च का 39वीं वर्षगाठ भक्तिभाव के साथ मनाया गया। मौके पर फा सिलाबनुश केरकेट्टा की अगुवाई में मिस्सा पूजा सम्पन्न हुई। फा सिलाबनुश का सहयोग फादर गाब्रियेल डुंगडुंग,फादर एग्नासियूस मिंज,फादर फ्रांसिस मिंज ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुई। विधायक ने कहा कि परमपिता परमेश्वर की कृपा से आज यह ऐतिहासिक दिन हम सभी को एक साथ खुशियां मनाने का अवसर मिला है। हम सभी ऐसे आपस प्रेम भाव का संचार करें। आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ रहें। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि परमेश्वर की कृपा सभी पर बरसता रहे। हर किसी के चेहरे में मुस्कान हो। क्षेत्र में अमन, चैन और खुशहाली आये। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन से बुरी आदतों को त्याग करने की जरूरत है। अच्छाई के मार्गों को अपनाकर ही हम, हमारा समाज और देश खुशहाल बन सकता है। तरक्की आ सकती और हम सभी एक अच्छा इंसान बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने समाज से नशापान, अंधविश्वास, ईर्ष्या को दूर करना होगा। एक दूसरे का सहयोगी बनें। एक दूसरे के चेहरे में अमन, चैन और खुशहाली लाने का प्रयास करें। हम सब मिलकर अपने गांव समाज को ईश्वर का खुशहाल राज्य बना सकते हैं।

### नशापान छोड़ पढ़ने और भविष्य गढ़ने में जोर लगाएं युवा : जोसिमा

वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने संगठन मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है। हम सभी संगठित रहेंगे तो हमे अपना हक और अधिकार लेने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने युवाओं को नशापान छोड़ पढ़ाई में और अपना भविष्य निखारने में जोर लगाने की अपील की।जोसिमा ने समाज के लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के समाज के विकास की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम में सिस्टर मंजू मिंज, निरंता लकड़ा,प्रभा मिंज,इरेनियस मिंज सहित काफी संख्या में मसीही विश्वासी और ग्रामीण शामिल थे।

## खिलाड़ियों के साथ हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष ने मनाया अपना जन्मदिन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** अपना जन्म दिन हो या कोई त्योहार हमेशा नन्हे खिलाड़ियों के साथ मिलकर इस उत्सव को मानने वाले हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज ने विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपना जन्म दिवस जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती इलाका कुरकुरा में संचालित आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा के हॉकी खिलाड़ियों के साथ मिलकर मनाया और हॉकी खिलाड़ियों के साथ मिलकर जन्म दिन का केक काटा। इस अवसर पर बालक बालिकाओं का एक मैत्री हॉकी मैच का भी आयोजन किया गया।अहले सुबह अपने गांव के मैदान में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी को देखकर स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि भी मैदान पहुंच गए। उपस्थित खिलाड़ियों को हॉकी प्रशिक्षण के कुछ तकनीकी बारीकी बतलाने के बाद एक मैत्री मैच का आयोजन किया गया एवम मैच के समापन के उपरांत खिलाड़ियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से केक काटा गया। उपस्थित खिलाड़ियों की ओर से माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। उपस्थित खिलाड़ियों और ग्रामीणों से बैठक कर हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ एक वर्ष में ही आपके बच्चो के खेल में काफी निखर आया है।

नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा का निकला भव्य विजय जुलूस

# किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराना होगी पहली प्राथमिकता : कालीचरण मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** देश में लोकसभा चुनाव का मतगणना संपन्न हो चुका है। ऐसे में खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा को 1,46,000 से अधिक वोटो के साथ हराते हुए जीत दर्ज की । इधर जीत दर्ज करने के बाद कार्यकताओं में जश्न का माहौल था। बुधवार को सिमडेगा में इंडिया महागठबंधन की ओर से भव्य विजय जुलूस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा पहुंचे जहां पर सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय के पास उनका कांग्रेस एवं झामुमो के कार्यकताओं के द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। जिसके बाद जिला कार्यालय में ले जाया गया।मौके पर उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की जीत का श्रेय खूंटी लोकसभा क्षेत्र के जनता को जाता है। जहां पर तानाशाह सरकार के रवैया से परेशान होकर उन्होंने कांग्रेस को चुना और प्रचंड बहुमत के साथ मुझे दिल्ली भेजने का काम किया है। ऐसे में मेरी पहली प्राथमिकता इस क्षेत्र में सिंचाई को शुरू करना होगी ताकि यह क्षेत्र कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ओबीसी आरक्षण के मामले में भी काम किया जाएगा ताकि सिमडेगा और खूंटी जिले को जल्द से जल्द शून्य ओबीसी आरक्षण से हटाते हुए 27% आरक्षण जो उनका हक अधिकार है उसे दिलाया जा सके।

### कांग्रेस पार्टी 5 सालों में करेगी ऐतिहासिक काम

वहीं कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि देश ने ऐतिहासिक फैसला दिया है और ऐसे में अब खूंटी लोकसभा की जनता की विश्वास कांग्रेस पर टिकी है। कांग्रेस आने वाले इन 5 साल में कई बड़े ऐतिहासिक कदम उठाने वाली है जिससे कि क्षेत्र का भला हो सके ।उन्होंने यह भी कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि इस क्षेत्र को रेल लाइन से जोड़ा जाए ताकि यहां की विकास को गति दिया जा सके।

## पर्यावरण बचाएं

सिमडेगा के जंगल मरुस्थलीकरण की ओर अग्रसर, दे रहे हैं खतरे के संकेत

# जल छाजन पर कार्य कर बचाया जाएगा जंगल : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विश्व पर्यावरण दिवस पर वन प्रमंडल सिमडेगा द्वारा कार्यक्रम आयोजित वृक्षारोपण करते हुए पृथ्वी को बचाने के लिए प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान जिले के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बात सामने आई है कि सिमडेगा के जंगल मरुस्थलीकरण की तरफ अग्रसर होने लगे हैं। जो भविष्य के लिए खतरे का संकेत है। सिमडेगा वन प्रमंडल सिमडेगा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए, पर्यावरण को संरक्षित करते हुए पृथ्वी को बचाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के पहले चरण में पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा, डीसी अजय कुमार सिंह, डीएफओ विकास उज्ज्वल, डीएफओ सामाजिक वानिकी अरविंद कुमार गुप्ता, एसपी सौरभ, डीडीसी संदीप कुमार डोराईबुरु सहित कई लोगों ने जयप्रकाश उद्यान में वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिये।इसके बाद मुख्य कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर की गई। पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा ने पर्यावरण रक्षा के लिए शहरी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि जंगल में लगने वाली आग को रोकें इससे प्रदूषण नियंत्रण होगा। उन्होंने शहर में दादा दादी पार्क बनाने के लिए प्रशासन से कहा जिससे लोग वहां अपने पूर्वजों की याद में वृक्ष लगा कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दे सकें। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का जो संकट है वह अर्बन पॉल्यूशन का संकट है। अर्बन वेस्ट का इन संकटों से प्लैनेट अर्थ जो है पिछले कई दशकों से जूझ रहा है और इसको कैसे कॉम्बैट करें, कैसे इसको कम करें।

### सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मिले आजसू कार्यकर्ता, जताया हर्ष

**रामगढ़ ।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से जीत होने पर आजसू के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के आवास पर उनसे मुलाकात की। साथ ही बुके देकर बधाई दी। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत मोदी के सम्मन की जीत है। जीत पर बधाई देने वालो में पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, कोषाध्यक्ष सह मुखिया व्यास पांडेय, किसान मोर्चा जिला सचिव कृष्णा कुशवाहा, वरीय नेता पप्पू श्रीवास्तव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# खंडेलवाल युवा संघ का हुआ गठन, युवाओं ने समाज के प्रति कार्य करने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** खंडेलवाल वैश्य पंचायत के द्वारा युवाओं की एक आम बैठक अतिथि भवन के परिसर में आयोजित की गई इस आम बैठक में समाज के कई युवा सम्मिलित हुए बैठक की अध्यक्षता खंडेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष राहुल वैध एवं संचालन सचिव पवन रावत ने किया। बैठक विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, बैठक में मुख्य रूप से खंडेलवाल युवा संघ के गठन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुईं, चर्चा के दौरान युवाओं की सर्व सहमति से खंडेलवाल युवा संघ के अध्यक्ष के रूप में सी.ए अमित खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष निखिल खंडेलवाल, सचिव दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू, सहसचिव सिद्धार्थ खंडेलवाल उर्फ चंकी, कोषाध्यक्ष रोहित दुसाद, संगठन मंत्री के रूप में नीरज नाटाणी एवं विशाल वैध, वहीं संरक्षक के रूप में प्रवीण ढ़ोकरिया एवं चंदा दुसाध को युवाओं ने सर्वसम्मति से चयन किया। चयन प्रक्रिया के बाद खंडेलवाल युवा संघ के सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एक साथ समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। खंडेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष राहुल वैध सचिव पवन रावत, सह-सचिव विकास दुसाद ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### सड़क पर बह रहा नाले का गंदा पानी परेशानी बढ़ी



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के राजलाबांध पंचायत अंतर्गत पीडब्ल्यूडी मोड़ से गीता विद्या मंदिर होते हुए बाजार जाने वाली सड़क पर नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. इससे मंदिर और नमाज अदा करने के लिए मस्जिद जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही घनी आबादी होने के कारण इस सड़क का काफी इस्तेमाल होता है। लोग बाजार तथा स्कूल, कॉलेज जाने के लिए इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के पूर्व नाले की सफाई नहीं की गई तो बरसात के समय सड़क की स्थिति और भयावह हो जाएगी। वहीं नाले की सफाई होने पर भी कुछ ही दिन में लोगों के घरों से निकलने वाले कूड़े को नाले में डालने से नाले का प्रवाह बंद हो जाता है। उसमें बहने वाला गंदा पानी सड़क पर बहने लगा है। इसलिए ग्रामीण इसकी उचित व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

### मैथन में करंट लगने से मंदिर के पुजारी की मौत, छाया मातम



**धनबाद ।** एमपीएल ओपी क्षेत्र के भालाइट गांव स्थित काली मंदिर के पुजारी दक्षिणेश्वर चक्रवर्ती (51) की बुधवार को करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वह सुबह में शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान खेत में गिरे 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आ गए। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुजारी के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे गांव में मातम छा गया। पलारपुर पंचायत के पूर्व मुखिया विश्वरूप मंडल ने घटना की जानकारी बिजली विभाग को दी। विभाग ने पुजारी के अंतिम संस्कार के लिए उनके परिवार को तत्काल 10 हजार रुपये का भुगतान किया। विभागीय अधिकारियों ने कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। एमपीएल ओपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

# नीट में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, सत्यम बने स्कूल टॉपर

**सत्यम कुमार ने सर्वाधिक 695 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर होने का गौरव पाया है**



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

देश के मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए एनटीए की ओर से ली गई नीट (यूजी) -2024 परीक्षा में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने इस बार भी उम्दा प्रदर्शन किया है. अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय के करीब तीन दर्जन विद्यार्थियों ने शानदार कामयाबी पाई है। सत्यम कुमार ने सर्वाधिक 695 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर होने का गौरव पाया है। सफल रहे विद्यार्थियों में अनिकेत कुमार, सक्षम श्रीत गुप्ता, राहुल कुमार सिंह, सान्या कुमारी, रुचि प्रिया, आयुष कुमार, शशांक मेदिरेड्डी, साहिल शेखर, रोबाब फैजी, मनीषा कुमारी, तमन्ना रे, मुन्ना राज, अनुराग आशीष सहित अन्य विद्यार्थी शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ। एएस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नीट की परीक्षा में सफलता पर लोगो ने दी बधाई



**गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा पश्चिमी पंचायत के जगदीशपुर निवासी राजेश रंजन पिता नरेश प्रसाद को नीट प्रतियोगिता में सफलता मिली है। उन्होंने 91.11% अंक लाकर सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया है। राजेश रंजन की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिहरा में हुआ। राजेश की सफलता पर पूर्व प्राधानाचार्य रामस्वरूप प्रसाद यादव, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिनोद पांडेय, रामबचन प्रसाद यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रणधीर कुमार, मुखिया अमित कुमार गुप्ता आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म में साथ देने वाली महिला को उम्रकैद



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने के मामले में अदालत ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया. मामले में साथ देने की आरोपी महिला गुड़िया देवी को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 15 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। आरोपी गुड़िया देवी इस मामले में बीते पांच वर्षों से फरार है। उसकी अनुपस्थिति में ही अदालत ने फैसला सुनाया। इसके पूर्व इस मामले के नामजद आरोपी नन्हे पांडे को अदालत उम्रकैद की सजा सुना चुकी है। पीड़िता की मां की शिकायत पर सिंदरी थाने में 17 मई 2018 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता को अर्जुन पांडे और उनकी पत्नी गुड़िया देवी घूमने की बात कहकर अपने साथ ले गए थे। आठ दिनों के बाद पीड़िता को आसनसोल रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया था। आरोप था कि नन्हे पांडे ने गुड़िया देवी के उकसाने पर उसके साथ आठ दिनों तक दुष्कर्म किया था।

## केंद्र व राज्य सरकार सेल की लीज समस्या का जल्द करे समाधान : रामा पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष रामा पांडेय ने कहा है कि केन्द्र व राज्य सरकार सेल की लीज समस्या का समाधान जल्द करे. यह बात उन्होंने सामुदायिक भवन मेघाहातुबुरु में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ की बैठक सह मिलन समारोह के दौरान कही। बैठक में रामा पांडेय ने कहा कि केन्द्र व झारखंड सरकार सारंडा स्थित सेल समेत तमाम निजी खदानों की लीज से संबंधित समस्या का अविलम्ब समाधान कर उसे चलाने में गति प्रदान करे। खदानें चलेंगी तो बेरोजगारों को रोजगार सहित सेलकर्मियों की लंबित सारी सुविधाएं मिलने लगेंगी। इससे आसपास के गांवों का विकास होगा,पलायन रूकेगा और पूरे क्षेत्र में खुशहाली आयेगी।

**यूनियन बेहतर कार्य कर रहा है**

रामा पांडेय ने कहा कि आज हमारा यूनियन बेहतर कार्य कर रहा है। इससे प्रभावित होकर दूसरे यूनियन के लोग जुड़ रहे हैं। हम सभी नये सेलकर्मियों और ठेका मजदूरों का स्वागत करते हैं। बैठक में बीएमएस के दयानन्द कुमार, कमल रजक, अजीत कुमार, लाखो धनवार, भरत जेना, चन्द्रकला देवी, सुदर्शन पान, अरुण कुमार ने शैलेश बारी ने झारखंड मजदूर संघर्ष संघ की सदस्यता ली। बैठक में महासचिव अफताब आलम, इंतखाब आलम, कामता प्रसाद, आलम अंसारी, अमरनाथ यादव, केके पासवान, राजेश बनर्जी, शिव शंकर प्रसाद, राजनारायण शर्मा, जेएस गील, शशि नाग, बासुदेव करुवा, अजित गोप, आनंद हेस्सा पूर्ति, राम हेस्सा, मोहम्मद जाबेद, अन्तयार्मी महाकुड़ सहित दर्जनों उपस्थित थे।

### ट्रांसफॉर्मर बदलने से ग्रामीणों को मिली राहत



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के भुतिया पंचायत अंतर्गत मागड़ोशोल गांव के बलरामडीह टोला में नया ट्रांसफॉर्मर लग गया है. अब ग्रामीणों को अंधकार और गर्मी से राहत मिलने लगी है। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण करीब एक माह से लोग परेशान थे। ट्रांसफॉर्मर जलने की जानकारी ग्रामीणों ने क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य फुलमनी मुर्मू को दी। जिला परिषद सदस्य ने संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराते हुए यथाशीघ्र नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का आग्रह किया था। इस पर विभाग ने पहल करते हुए बुधवार को जले हुए ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर नया ट्रांसफॉर्मर लगा दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मानुषमुड़िया के मुखिया राम मुर्मू ने फीता काट कर नए ट्रांसफॉर्मर का शुभारंभ किया। इस मौके पर मानूराम हांसदा, सुंदर हांसदा, भोला नाथ मुर्मू, सुराई हांसदा, कारान सोरेन, गोपाल हांसदा, अभिनाथ मुर्मू , मुर्मू,जयना सोरेन,नानी मुर्मू, जोबा सोरेन, छिता मुर्मू , उप मुखिया गुरु चरण सोरेन, लिपू गिरि विश्वजीत राना, सोमनाथ राणा उपस्थित थे।

### सूर्या नर्सिंग कॉलेज परिसर में किया गया पौधरोपण

**चक्रधरपुर।** सूर्या नर्सिंग कॉलेज चक्रधरपुर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें करीब 10 छायादार पौधे लगाये गये। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के डायरेक्टर गौरी शंकर महतो शामिल हुए। इसके अलावा कॉलेज के प्रिंसिपल मीनू मीनाक्षी और प्रबंधक नर्सिंग महतो भी शामिल हुए। कार्यक्रम में डायरेक्टर गौरी शंकर महतो ने कहा कि जिस तरह से देश में पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, इससे भविष्य अंधकारमय लग रहा है। इसको बचाना अति आवश्यक है। मानव जीवन के लिए वृक्ष महत्वपूर्ण होते हैं। यदि वृक्ष को संभाल कर नहीं रखेंगे तो आने वाले समय में मनुष्य जीवन नाश हो जाएगा। जंगलों की रक्षा करना हर मानव का धर्म है। इसे बचा कर रखना ही हमारा कर्म होना चाहिए।

## रघुनाथपुर की टीम 13 ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता। नीमडीह**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को नीमडीह प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर की टीम 13 के युवाओं ने पौधरोपण कर पर्यवारण बचाने का संकल्प लिया. इस दौरान टीम 13 के अनूप कुमार दास के नेतृत्व में सदस्यों ने रघुनाथपुर में साल, पीपल, नीम, जामुन समेत विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये और इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया. मौके पर ह्यमानव जीवन है खतरे में इसमें है हम सबकी समझदारी पेड़ लगाएंगे और पेड़ बचाएंगे पर्यावरण सुरक्षा की ली जिम्मेदारीह्व, सूरज की किरणें जब पड़ती हैं धरती पर तभी होता है सबेरा, पेड़ लगाओ धरती बचाओ तभी कर पाओगे, इस पर बसेरा,पेड़ पौधों की हरियाली इसमें छुपी है हमारी खुशहाली, पेड़ लगाना है वरदान एक पेड़ दस पुत्र समानह्व जैसे नारे लगाए गए।

**पर्यावरण संरक्षण हमारा दायित्व**

इस अवसर पर अनूप कुमार दास ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड़ लगाने का शुभारंभ किया गया है। यह मुहिम पूरे बारिश के मौसम तक चलता रहेगा। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस 100 से अधिक देशों के लोग मनाते हैं। 1973 से विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा चलाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को रोकने के लिए पौधरोपण करना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग हमारे पर्यावरण की बबार्दी का मूल कारण है। इसलिए सभी का दायित्व है कि पर्यावरण की रक्षा करें और इसे नष्ट करने वाले सभी शोषण को रोकें। शुद्ध वातावरण जीवन के अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों के लिए बुनियादी जरूरत है।

## पर्यावरण की रक्षा हमारा मौलिक दायित्व : जस्टिस राम शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य धनबाद सिविल कोर्ट परिसर में बुधवार को न्यायिक पदाधिकारियों व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम ने पौधारोपण किया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहा कि हम अपने अधिकारों को याद रखते हैं लेकिन कर्तव्य भूल जाते हैं। पर्यावरण का संरक्षण भी हमारा मौलिक दायित्व है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक ने कहा कि हमारे चारों ओर के सभी जीव और निर्जीव तत्व पर्यावरण का हिस्सा हैं। प्रकृति के बिना मानव जीवन खत्म हो जाएगा, इस बात से भलीभांति परिचित होते हुए भी लोग प्रकृति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन ने कहा कि बढ़ते तापमान का एक कारण ग्लोबल वार्मिंग है, जो मानव जीवन को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में पर्यावरण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करके प्रकृति को हो रहे नुकसान को रोका जा सकता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह दिन न सिर्फ लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करता है, बल्कि उसकी रक्षा के लिए भी प्रेरित करता है।

## पौधरोपण का उद्देश्य धरती को हरा-भरा बनाना है : डॉ निशीत



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की 106वीं बटालियन ने पौधरोपण किया. रैफ ने मेरी लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत वृहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया था। रैफ तथा आरसीडब्ल्यूए 106वीं बटालियन ने एनजीओ ह्यशिल्प कला केंद्रह्व, जमशेदपुर (झारखंड) एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ पौधरोपण किया।

मेरी लाइफह्व कार्यक्रम का नेतृत्व रैफ के कमांडेंट डॉ। निशीत कुमार एवं आरसीडब्ल्यूए 106इठ की अध्यक्ष बबीता सिंह ने किया। कार्यक्रम में एनजीओ ह्यशिवम शिल्प कला केंद्र के सदस्यों, आसपास के स्कूली बच्चों एवं वाहिनी के अन्य कार्मिकों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आरसीडब्ल्यूए 106वीं बटालियन की अध्यक्ष बबीता सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया है, वह सराहनीय है। पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और हमें उनकी रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

मिया वाकी तकनीक के माध्यम से पौधे लगाने का यह प्रयास न केवल तेजी से हरियाली फैलाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय जैव विविधता को भी बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों और एनजीओ के सदस्यों ने भी पौधरोपण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और इस पहल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

मौके पर कमांडेंट डॉ। निशीत कुमार ने कहा कि आज के इस महत्वपूर्ण दिन पर हम सबने मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मिया वाकी तकनीक से पौधरोपण का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाना है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। यह आयोजन 106वीं बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हम आशा करते हैं कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित होते रहेंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देंगे।

## न्यूज बॉक्स

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जमुआ की प्रखंड प्रमुख ने किया पौधरोपण



**गिरिडीह।** अभी पूरी दुनियां ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में है. हर साल वैश्विक स्तर पर तापमान में वृद्धि हो रही है। उक्त बातें जमुआ की प्रमुख मिष्ठु देवी ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर जमुआ ब्लॉक परिसर के समीप नर्सरी में पौधारोपण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा भीषण गर्मी से बचने एवं ओजोन परत के अवक्षय को रोकने के लिए झारखण्ड में तकरीबन 7करोड़ पेड़ लगाने की जरूरत है। पौधारोपण कार्यक्रम में फलदार एवं पर्यावरण की दृष्टि से उपयोगी पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख मिष्ठु देवी,प्रतिनिधि संजीत यादव,मुकेश यादव,मनीष यादव,फरीद आलम, पीयूष यादव,पूरन यादव,भोला राम ,रंजीत यादव सहित कई लोग थे।

### कांग्रेसी नेता को पितृ शोक, मौके पर पहुंचे जिलाध्यक्ष



**गिरिडीह।** गावां प्रखंड के सेरुआ निवासी उपेंद्र सिंह के पिता सहदेव सिंह का 90 वर्ष के उम्र में देहांत हो गया। उनकी मृत्यु की सूचना पर कॉंग्रेस के जिलाध्यक्ष धनजंय कुमार सिंह गावां प्रखंड के सेरुआ गांव पहुँचकर शोक व्यक्त किया व ढाढस बंधाया और मृतक को श्रद्धांजलि दिया। मौके पर लंगटा बाबा कॉलेज मिजार्गंज के आचार्य प्रो कमल नयन सिंह, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रणधीर चौधरी, कपिलदेव राय, मो तनवीर, राजू रंजन समेत कई उपस्थित थे।

### गिरिडीह और कोडरमा लोकसभा सीट पर जीत को लेकर एनडीए ने निकाला जुलूस



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के दौरान गिरिडीह लोकसभा और कोडरमा लोकसभा से एनडीए के चंद्रप्रकाश चौधरी और अन्नपूर्णा देवी की हुई जीत से एनडीए गठबंधन के नेताओ में काफी हर्ष व्याप्त है। एनडीए गठबंधन की ओर से गिरिडीह शहर में बुधवार को विजय जुलूस निकाला गया। झंडा मैदान से बाजे गाजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान काफी संख्या में एनडीए के नेता व कार्यकर्ता नाचते गाते हुए शहर का भ्रमण किया और शहर के टावर चौक, बड़ा चौक सहित अन्य स्थानों पर जमकर दौरान आतिशबाजी की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर जीत का इजहार किया। मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक निर्भय शहाबादी, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, आजसू नेता गुड्डू यादव, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज, विनय सिंह, चुन्नुकांत, संदीप डंगायच, कंपू यादव, प्रोफेसर विनीता प्रियंका शर्मा सहित काफी संख्या में एनडीए गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए और शहर भ्रमण करने के साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

### करीम सिटी कॉलेज एनएसएस ने निकाली रैली




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी), करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग और एनएसएस) इकाई ने बुधवार को संयुक्त रूप से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया । इस अवसर पर पौधारोपण और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, नगर प्रबंधक रवि भारती एवं क्रिस्टीना कच्छप, स्वच्छ भारत के ब्रांड एंबेसडर तरुण कुमार, मोंदरिता चटर्जी, करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ आले अली, एनएसएस को-ऑर्डिनेटर सैयद साजिद परवेज समेत छात्र-छात्राएं और एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे। सर्वप्रथम पर्यावरण जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। इसके बाद प्राचार्य डॉ। मोहम्मद रियाज ने पर्यावरण दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। एनएसएस स्वयंसेवकों ने 30 पौधे लगाये भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ आले अली ने विषय प्रवेश कराया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने 30 पौधे लगाये। संगोष्ठी में जेएनएसी के अधिकारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस और जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### दोराबजी पार्क के पास बनेगा गुलाब उद्यान

**जमशेदपुर।** भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापनह्व वैश्विक थीम के तहत हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर की ओर से 51वां विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया. अवसर पर टाटा स्टील यूआईएसएल (जुस्को) टीम के साथ गुलाब उद्यान विकसित करने के लिए वृक्षारोपण कर जमीन चिन्हित की गयी. यह जमीन दोराबजी पार्क के निकट चिन्हित की गयी है. इस अवसर पर सोसाइटी की अध्यक्ष सुमिता नूपुर और कॉरपोरेट अफेयर्स, टीएसएल के चीफ सह सोसाइटी के उपाध्यक्ष प्रणय सिन्हा ने गुलाब का पौधा लगाया. सोसाइटी की ओर से बताया गया है कि यह टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा समर्थित एक परियोजना है।

**सुप्रभात**

जीवन की सफलता के लिए केवल एक ही मार्ग है और वो है सत्य का: मंगल पाण्डेय



# विजय पथ और अस्तित्व की लड़ाई बना चुनाव

***यह*** विकट चुनाव था और शुद्ध रूप से 'मोदी की गारंटी' की केंद्रीय सत्ता के इर्द-गिर्द लड़ा गया था। नरेंद्र मोदी ने एक अलग तरह की राजनीति को बढ़ाया है। 2014 में जब उनका पहला चुनाव था, तो परिस्थितियों में एक तात्कालिकता थी, धारणा से उपजी प्यास थी। इसलिए वे कथा-कहन के हिसाब से सबसे अच्छे 'वक्ता' थे और सबसे ज्यादा शेयर की जाने वाली कहानी। एक, आशा ने उनके रास्ते अपना रास्ता तलाशा। दूसरे, चुनाव में उस पहले के आभासी बिम्ब पर मुहर का मौका था। तीसरा, चुनाव उनके एक 'कल्ट' की शक्ल में स्थापित हो जाने के बाद का चुनाव था। फैसलों की तेजी और निर्णायक दृढ़ता ने उनकी व्यक्तिगत अपील को अंततः मोदी की गारंटी में तब्दील कर दिया। वह एक 'स्वंयसेवक' थे और अपनी पार्टी के मूल संकल्पों को पूरा करने में उन्होंने राजनीतिक शक्ति का रणनीतिक उपयोग किया। इस तरह रचे गए मुहावरे ने उन्हें ढेरों भक्त दिए, और विरोधी भी। विरोध का स्तर यह था कि उनकी विफलता की कामना ही कई लोगों के जीवन की साध बन गई। ताजा चुनाव में जो विपक्षी गठबंधन बना, वह ढीला-ढाला गठबंधन था, जिसका केंद्रीय बंधु तत्व मोदी-विरोध ही था। ईडी, तानाशाही, बेरोजगारी, मोहब्बत के श्लोक थे। अगर ध्यान से देखें, तो पाएंगे कि क्षेत्रीय पार्टियों ने एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस को इतना कम स्पेस दिया कि वह दबाव बनाने की स्थिति में न रह सके। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में, राष्ट्रीय जनता दल बिहार में और एनसीपी-शिवसेना महाराष्ट्र में कांग्रेस को पहली पायदान पर कुछ कैसे दे सकती थीं? रही बात 'आप' और 'टीएमसी' की, तो वे पंजाब-पश्चिम बंगाल में समझौते से दूर ही रहीं। कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन भी इससे कुछ अलग नहीं था। साफ है कि राज्यों में, वहां के भावी विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय वर्चस्व बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है और उन्होंने इस चुनाव के दौरान यह जमीन तैयार करने की पूरी कोशिश की है।उत्तर प्रदेश ऐसा ही एक उदाहरण है, जिससे समझा जा सकता है कि सोशल इंजीनियरिंग का कथित मुहावरा कैसे काम करता है। पहले मोदी-शाह ने क्रीमी लेयर वाली जातियों से त्रस्त छोटी-छोटी जातियों के समूहों को इकट्ठा कर नया समर्थक समूह बनाया था। इस बार सपा ने उम्मीदवारों के चयन में भी यह मानकर कि मोदी विरोध में मुस्लिम और परंपरागत यादव वोट तो हर हाल में उसके साथ आएंगे,जातीय पहचान के रणनीतिक प्रयोग किए। दलितों को जब लगा कि बसपा ने हथियार डाल दिए हैं, तो उनके वोट भी आरक्षण की बात करने वाले 'इंडिया' को शिफ्ट हो गए। इस तरह भाजपा जिस 'सोशल इंजीनियरिंग' के भरोसे पहले जीती थी, वह विफल हो गई। विशेषज्ञों का कहना है कि जाटों ने हरियाणा और राजस्थान में और राजपूतों ने उत्तर प्रदेश में राजनीतिक आकांक्षाओं के खाते से झटके को अपना योगदान दिया है। यह उस ओर इशारा करता है कि एकल हिंदुत्व की पुकार कैसे जातीय समीकरणों और स्थानीय यथार्थ में गुम हो जाती है। तभी तो राम मंदिर वाले अयोध्या तक में, फैजाबाद सीट सपा की झोली में गिरी है। अलबत्ता मध्य प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा समेत कुछ इलाकों से भाजपा को बड़ी सहायता मिली। यह तथ्य बताने के लिए काफी है कि आकांक्षाओं और राजनीतिक वास्तविकताओं का भूगोल व मनोविज्ञान किस तरह काम करता है। या, कैसे फॉमूर्लाबद्ध आदर्श अवधारणाएं हवा हो जाती हैं। तीखा, अर्थहीन मुहावरों के साथ शुरू हुआ यह चुनाव आखिर में संदेह पर समाप्त हुआ था। संदेह को एक मुद्रा की तरह चलाया गया। जैसा कि सूजी कासेम की उक्ति शुरू में कही गई है-संदेह जितने सपनों की हत्या करता है उतनी तो नाकामियां भी नहीं करती। इस लिहाज से यह चुनाव मुद्दों से उठकर 'अलंकारिक' और 'घात-प्रतिघात' का चुनाव बन गया। अब जब परिणाम आ गए हैं, शायद संदेह के सौदागर भी शांत होंगे और ईवीएम भी चैन की सांस लेगी। और हां, सबसे बड़ी घटना भारत के जीतने की, जम्मू-कश्मीर में हुई जहां पैंतीस साल बाद पहली बार 58 प्रतिशत से ज्यादा का मतदान हुआ। ताजा नतीजों ने फिर साझा सरकार के दिन लौटा दिए हैं। बकौल फ्रेंज काफ्का, रास्ते, चलने से ही बनते हैं। पर आगे मुश्किल मोड़ हैं। प्रधानमंत्री जो 'क्रांतिकारी' फैसले पहले सहज ढंग से कर सकते थे, अब वह सब उतना आसान नहीं रह जाएगा। सभी राजनीतिक चुनौतियां और ज्यादा जटिल होकर सामने आएंगी। समझौते और प्रहसन खड़े होंगे।

इन दिनों

# दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों को हो सीधे फांसी की सजा



आर.के. सिन्हा

***लोकसभा*** चुनाव के नतीजों के कोलाहल में बीते दिनों पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक देश के दुश्मन को दी गई उम्र कैद की सजा की खबर लगभग दब सी गई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा नागपुर जिला न्यायालय ने सुनाई। अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से जासूसी गतिविधियों के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया। आजीवन कारावास के साथ-साथ उन्हें 14 साल के कठोर कारावास और उन पर 3,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। देश के गद्दारों को इसी तरह की सख्त सजा मिलनी चाहिए, ताकि कोई मातृभूमि के साथ गद्दारी करने के बारे में सोचे भी नहीं। आपको याद होगा कि छह साल पहले 2018 में इस मामले ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी। क्योंकि, यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा जासूसी का पहला मामला था। अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट नेहा शर्मा और पूजा रंजन के जरिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था। इस्लामाबाद से चलाए जा रहे इन अकाउंट्स के बारे में माना जाता है कि इन्हें पाकिस्तान के खुफिया एजेंट चला रहे थे। ब्रह्मोस मिसाइल की जानकारी लीक करने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों ने दावा किया कि उसके कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच की गई और पाया गया कि संवेदनशील डेटा ट्रांसफर किया गया था। यह कौन नहीं जानता कि हमारे यहां सेना की जासूसी करने वाले जयचंद और मीर जाफर भी जगह-जगह मौजूद हैं। इनमें सेना के अंदर ही छुपे कुछ गद्दारों, सरकारी अफसरों से लेकर तथाकथित पत्रकार आदि भी बहुरूपिये शामिल हैं, जो दिखते कुछ और हैं और करते कुछ और हैं। ये आरटीआई के माध्यम से धीरे-धीरे सूचनाएं निकालने की जुगाड़ में लगे रहते हैं। इन्हें अपने आकाओं से मोटा पैसा जो मिलता है। इसलिए ये अपनी मातृभूमि का भी सौदा करने से पीछे नहीं हटते। इनका जमीर मर चुका है। दरअसल सूचना के अधिकार (आरटीआई) की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ देश विरोधी ताकतें सूचनाएं निकालने की फिराक में रहते हैं। यह ही तत्व सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगते हैं। यह सवाल इसलिए अहम हो जाता है, क्योंकि इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी अनावश्यक दिलचस्पी लेने लगे हैं। केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक 28 अप्रैल, 2022 को हुई थी जिसमें इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई थी कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले ही हुई थी। देश के नागरिकों को आरटीआई कानून के तहत सूचना पाने के अधिकारों की सीमाएं भी हैं। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को, अपने कार्य को और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है। लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन, आम जनता को यह अधिकार तो कतई नहीं दिया जा सकता कि वह देश की सुरक्षा और शत्रु का मुकाबला के लिए की जा रही तैयारियों की ही जानकारियां मांगने लगे। पाकिस्तान और चीन की तरफ से लगातार यह कोशिश बनी रहती है कि उन्हें हमारी रक्षा तैयारियों की जानकारी हासिल होती रहे। इसलिए यह दोनों देश हमारे नागरिकों को तरह - तरह के लालच देकर सूचनाएं लेते रहते हैं। अब माधुरी गुप्ता की कहानी जान लें। वह भारतीय विदेश सेवा की 'ग्रुप बी' श्रेणी की अधिकारी थी। अपनी 27 वर्षों की लम्बी सेवा में माधुरी ने इराक, लाइबेरिया, मलेशिया, क्रोएशिया और पाकिस्तान में नौकरी की। उर्दू पर अच्छी पकड़ और सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन, गुटका खाने और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खास तौर पर जानी जाती थी। कुछ साल पहले इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में द्वितीय सचिव के रूप में पोस्टिंग के दौरान माधुरी को उर्दू पर अच्छी पकड़ होने के कारण पाकिस्तानी मीडिया को मॉनिटर करने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छह महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद, जिसका कोड नाम जिम था, के द्वारा फंसा ली गई। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गई है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गई। परिणाम स्वरूप, खुफिया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया। भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने माधुरी गुप्ता को भारत वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरी तो खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया। पूछताछ से पता चला कि वह आईएसआई के दो जासूसों - मुन्नवर रजा राना और जमशेद उर्फ जिमी से सांठगांठ करके उन्हें खुफिया सूचनाएं सप्लाई करती थी। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 18 मई 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को तीन वर्षों की सजा सुनाई। कुछ साल पहले ही चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में राजधानी के एक कथित वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को पकड़ लिया गया था। राजीव शर्मा के बारे में यह पता चला था कि वह आरटीआई से जानकारियां निकाल कर चीन को सप्लाई करता था। उसे 'ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट' (ओएसएस) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसने सेना से जुड़े कई राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सूचनाओं वाले दस्तावेज चीन को दिए थे। चीन को संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध कराने की एवज में उसे मोटी रकम मिलती थी। इधर आरटीआई के तहत आवेदकों की बाढ़ सी आ गई है। बहुत से लोग अनाप-शनाप सवाल भी पूछते रहते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना होगा कि इस अधिकार का गलत इस्तेमाल न हो। इस बाबत बहुत सजग रहना होगा। एक बात और कि जो देश के साथ गद्दारी करे उसे सीधे मौत की सजा देने पर भी विचार किया जाना चाहिए। जरा सोचिए कि अग्रवाल को इस देश ने आईआईटी जैसे श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान में पढ़ने का मौका दिया। उसने आईआईट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की। इसके बाद वह ब्रह्मोस एयरोस्पेस में इंजीनियर के तौर पर काम करने लगा। उसकी विशेषज्ञता की वजह से उसे बहुत कम समय में ब्रह्मोस एयरोस्पेस में जरूरी पदों पर पदोन्नत किया गया और मिसाइल परियोजनाओं पर काम करने वाली टीम का एक जरूरी सदस्य बनाया गया। वही शख्स देश का दुश्मन बन गया। उसके जैसों को तो फांसी होनी ही चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### पंडरा बाजार समिति के समस्याओं का तत्काल समाधान हो : फेडरेशन

जितेश बाखला

***राजधानी*** रांची के पंडरा बाजार समिति की दुर्दशा और वहां पर व्यापारियों एवं मजदूर तथा किसानों के लिए सुविधाओं का घोर अभाव को देखते हुए फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन ने राज्य के मुख्यमंत्री और उपायुक्त, रांची को पंडरा बाजार समिति में तत्काल पानी की व्यवस्था के साथ-साथ खराब पड़े स्ट्रीट लाइट की स्थिति में सुधार, खराब पड़े चापाकलों के मरम्मत, सुरक्षा के उपाय, इत्यादि के संबंध में पत्र प्रेषित किया है। पंडरा बाजार समिति में करोड़ों का व्यापार होता है, और सरकार ने अपर बाजार, और अन्य क्षेत्रों से व्यापारियों को पंडरा बाजार समिति में इसी आश्वासन के साथ शिफ्ट किया था कि वह व्यापारियों को वहां पर सभी तरह सुविधाएं प्रदान करेंगी, लेकिन अभी वहां की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है, गंदगी का अंबार लगा हुआ है और आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है साथ ही साथ शौचालय, इत्यादि की समुचित व्यवस्था नहीं होने और स्ट्रीट लाइट खराब पड़े रहने एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं होने से अक्सर यहां पर अवांछित तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है और व्यापारियों के साथ अक्सर अपराध घटित होता रहता है। अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला और महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने व्यवसायियों, मजदूरों और किसानों के प्रति सरकार के इस उदासीनता पर चिंता व्यक्त किया है। पंडरा कृषि बाजार के दुर्व्यवस्था पर संगठन के सदस्यों ने इसमें अविलम्ब सुधार की मांग की है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, रेणुका तिवारी, विनोद कुमार वेगवानी, हरीश नागपाल, शाहिद, अमित कुमार जैन, आतिश कुमार अग्रवाल, बजरंग जैन, ललित अग्रवाल, मयूर पोद्दार, रंजीत मिश्रा, मनोज गोयल, संगीता अग्रवाल, आनंद केड़िया एव अन्य सदस्यों ने मांग की है।

राजनीति

# स्मृति ईरानी अमेठी को क्यों नहीं समझ पाई

गौरव अवस्थी

***अठारहवीं*** लोकसभा चुनाव में अमेठी से स्मृति ईरानी की हार ने सबको चौंका दिया। कारण, उन्होंने अपनी जीत का दावा बढ चढ़कर किया था और राहुल गांधी को सीधे मुकाबले के लिए ललकारा था। स्मृति ईरानी को पराजय का स्वाद गांधी परिवार के उस करीबी किशोरी लाल शर्मा से चखना पड़ा है जिन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने कोई महत्व ही नहीं दिया था। उनके इस दंभ का जवाब जनता ने ईवीएम का बटन दबा कर दिया। उन्होंने राहुल गांधी को 2019 के चुनाव में जितने वोटों से हराया था, उससे दोगुने से ज्यादा वोटो से गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने उन्हें परास्त कर दिया। चुनाव परिणाम जानने के बाद लोगों की जिज्ञासा अब यह जानने में हो गई है कि जिस अमेठी पर स्मृति ईरानी को पांच साल में ही नाज हो गया था, आखिरकार उसने इतनी जल्दी उन्हें खारिज क्यों कर दिया।

> **स्मृति ईरानी को पराजय का स्वाद गांधी परिवार के उस करीबी किशोरी लाल शर्मा से चखना पड़ा है जिन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने कोई महत्व ही नहीं दिया था।**

इसके एक नहीं अनेक कारण खोजे और गिनाए जा सकते हैं। पहले तो यह कि स्मृति ईरानी को यह अंदाज नहीं था कि राहुल गांधी अमेठी छोड़ देंगे। इसीलिए वह अमेठी में अपने काम गिनाने की बजाय पिछले 5 साल में गांधी परिवार और खास तौर पर राहुल गांधी को कोसने में ही लगी रहीं। अमेठी के लोगों में इसी से उनकी नकारात्मक छवि बनी और चुनाव आते-आते यह नकारात्मक छवि नाराजगी में तब्दील हो गई। वोटरों के इस नाराजगी को ईरानी और उनके प्रबंधक आखिर तक पहचान ही नहीं पाए। किशोरी लाल शर्मा समेत कई लोगों पर दबाव बनाकर एफआईआर दर्ज कराई गईं। इनमें दो तो यूट्यूबर थे। गांधी परिवार को हल्के में लेना स्मृति ईरानी की रणनीतिक भूल रही। गांधी परिवार ने 40 साल से रायबरेली-अमेठी के लोगों के अपने माध्यम से सेवा कर रहे किशोरी लाल शर्मा की छवि और काम को आगे करके स्मृति ईरानी को जवाब देने की रणनीति बनाई और प्रियंका गांधी ने उस रणनीति को अपने धुआंधार प्रचार से धार दी। यह ध्यान में रखने वाली बात है कि प्रियंका गांधी ने जितना समय भाई के लिए रायबरेली में दिया उतना ही समय अपने परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी सीट अमेठी में पार्टी प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के लिए भी दिया। किशोरी लाल शर्मा ने भी अपने प्रचार के दौरान गांधी परिवार से रिश्तों और विकास की कहानी ही बताई, स्मृति ईरानी का एक बार नाम भी नहीं लिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# प्रकृति को ओढ़ाते हरियाली की चादर

डॉ. सत्यवान सौरभ

***शिक्षक*** का ओहदा हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता है, जब वह छात्रों को प्रकृति के ऐसा जागरूक करे कि पूरा क्षेत्र ही हरियाली की चादर ओढ़ ले तो उसका स्थान अलग ही हो जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर हम आपको बता रहे हैं हरियाणा के भिवानी जिले के उपमंडल सिवानी के एक शिक्षक के बारे में जिनके पर्यावरण प्रेम ने छात्रों को इनता प्रोत्साहित किया कि क्षेत्र ने हरियाली की चादर ओढ़ ली। उनकी पर्यावरण की शिक्षा का ऐसा असर हुआ कि नगर के हजारों विद्यार्थी आज पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इतना ही नहीं ये अपने शिक्षक कर्तव्य के साथ भी मन से न्याय कर रहे है तभी इनके कठिन विषय इतिहास में स्कूल के बच्चे टॉपर रहे है और शत प्रतिशत परिणाम हासिल करते हैं। इनकी खास बात ये भी है कि हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम के बच्चों को पढ़ाते है। बिना प्रायोगिक विषयों में इनके छात्रों का शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त करना कोई जादू नहीं इनकी अथाह मेहनत और समर्पण का परिणाम है। सिवानी के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में पदस्थ शिक्षक राजबीर बेनीवाल (इतिहास प्रवक्ता) के पर्यावरण प्रेम ने नगर सहित पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। ये विद्यार्थियों के साथ वृहद स्तर पर पौधरोपण कर रहे हैं। बचपन से ही प्रकृति के प्रति राजबीर के बढ़ते तापमान और घट रही हरियाली के प्रति चिंतन को माता जी ने समझा और उन्हे पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। फिलहाल मास्टर राजबीर पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर पालिका के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिसका लाभ शहरवासियों को मिल रहा है। ये आज नगरपालिका सिवानी के स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर है। राजकीय मॉडल विद्यालय सिवानी में पदस्थापना के बाद इन्हें प्रिंसिपल सुरेश कुमार और सभी अध्यापकों सहित सुबेसिंह और पूनमचंद बड़वा का विशेष सहयोग मिला, विद्यालय परिसर में ही इसकी शुरूआत हुई, परिसर में पौधरोपण के बाद स्कूल के चारों ओर तथा स्कूल के सामने मार्ग के दोनों ओर वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया। शहर की विभिन्न सड़कों के साथ-साथ कृष्णा प्रणामी स्कूल, बिश्नोई मंदिर और नगर की श्मशान भूमि जहां हरियाली नहीं थी, जैसे विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया। शिक्षक राजबीर बेनीवाल के पर्यावरण प्रेम ने धीरे-धीरे सभी का ध्यान खींचा। उनके पर्यावरण प्रहरी नामक महाअभियान से अब नगर के सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों सहित प्रकृति प्रेमी जुड़े लगे। लोगों के जुड़ाव का ही यह परिणाम है कि नगर से लगभग 7-7 किलोमीटर दूर तक हजारों पौधों का लक्ष्य रखकर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। सिवानी का पर्यावरण प्रहरी आज अभियान बन गया है। मास्टर राजबीर ने नियमित रूप से खुद के खर्च से खुद ही बीज या कलम से पौधे तैयार करके आते-जाते रास्ते में लगाने शुरू कर दिए। साथ-साथ निःशुल्क लोगों को वितरित भी करते रहे। इसी प्रक्रिया को मास्टर राजबीर ने लगातार जारी रखा। राजबीर बताते हैं, शिक्षा विभाग में रहते हुए बार-बार स्थानान्तरण के चलते मुझे कई गांवों में सेवा का मौका मिला।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# रांची : बोडेया में 356 साल पुराना कृष्ण मंदिर

***राजधानी*** रांची से महज 8 किलोमीटर दूर बोड़ेया बस्ती कृष्ण भगवान का प्राचीन मंदिर स्थित है। जो मदन मोहन मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर में पूजा करने से भक्तों की हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस मंदिर में दूर- दूर से लोग पूजा करने आते है। ऐसा कहा जाता है कि वृंदावन की परंपरा के अनुरूप पूजा की जाती है। बता दें कि आज पूरा देश भगवान विष्णु के कृष्ण अवतार का जन्मोत्सव मना रहा है। हिंदू पंचांग के मुताबिक भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को प्रभु श्री कृष्ण ने धरती में जन्म लिया था और कई चमत्कार किया था। इसलिए इस दिन भक्त काफी उत्साह के साथ भगवान कृष्ण के आगमन की तैयारी करते है। बोडेया के मदन मोहन मंदिर की मान्यता है कि इस गांव के लोग



किसी भी शुभ काम से पहले मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करते है। इस मंदिर की स्थापना लक्ष्मी नारायण तिवारी ने 1665 में कराया था। इस मंदिर में राधा कृष्ण की प्रतिमा विराजमान है। जिसकी पूजा वृंदावन की परंपरा के अनुरूप होती है।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# स्कैमर्स के निशाने पर हैं बुजुर्ग!

***देश*** में ठगी के मालमे कई सामने आ रहे है। स्कैमर्स ठगी के नए-नए तरीकों के जरिए लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। जाने इसे स्कैम से कैसे बचा जाएं।



साइबर क्राइम के मामले देश भर में बढ़ते ही जा रहे हैं। स्कैम के नए-नए प्रकार लोगों को इससे बचने का कम चांस देते हैं। स्कैमर्स लोगों को ठगने का नए-नए तरीके तलाश रहे हैं। एक नए प्रकार का स्कैम सामने आया है, ग्रैंडपैरेंट स्कैम के जरिए जालसाज अब लोगों को चूना लगा रहे हैं। दरअसल, इस स्कैम के बारे में बेहद ही कम लोग जानते हैं। इसी वजह से अधिकतर लोग इसका शिकार आसानी से हो रहे हैं। इस स्कैम में साइबर ठग बुजुर्ग लोगों से पैसे भेजने के लिए और किसी तरह की पर्सनल जानकरी की मांग करते हैं। वहीं, ठगी करने वाले फर्जी रिश्तेदार बनकर पैसों की मांग के अलावा अन्य तरह की मांग करते हैं। कई बार तो स्कैमर्स कई बार विदेश में फंसने का झूठा दावा करते हैं और मेडिकल और आपात की मदद के नाम पर बुजुर्गों से पैसों की मांग करते हैं।

**ग्रैंडपैरेंट स्कैम से कैसे बचें** - अगर आपके साथ कभी भी ग्रैंडपैरेंट के पास इस तरह का फोन आए, जिसमें सामने वाला इंसान खुद को पोता या पोती और कोई रिश्तेदार होने का दावा करें तो आपको सावधान रहने की जरूरत है।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पर्यावरण संरक्षण चुनौती... सजगता ही सही जवाब




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ लगाया।




गुवाहाटी के बोरागांव क्षेत्र में एक लैंडफिल साइट पर कूड़े का लगा अंबार और कूड़ा बिनते लोग, वहीं आहार तलाशते पशु-पक्षी, वास्तव में यह दृश्य आज हर शहर की सच्चाई है।

## जोर : मध्य प्रदेश में अब उपचुनाव की तैयारी!

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव निपटते ही उपचुनाव की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधायक से सांसद बन गए हैं और राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया अब गुना से लोकसभा का चुनाव जीत गए हैं। इन नेताओं की जगह कौन लेगा, यह बड़ा सवाल है। वहीं इन स्थानों पर कब्जा जमाने की कोशिश भी शुरू हो गई है। इस चुनाव में कांग्रेस के पांच विधायक और एक राज्यसभा सदस्य को हार का सामना करना पड़ा है। राज्य की 29 लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। इस चुनाव में दो सदनों के निर्वाचित सदस्य भी निर्वाचित हुए हैं। इनमें एक हैं पूर्व मुख्यमंत्री और बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान, जो विदिशा से लोकसभा का चुनाव जीते हैं। वहीं राज्यसभा सदस्य व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से लोकसभा का चुनाव जीत गए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान के लोकसभा का चुनाव जीतने पर बुधनी



विधानसभा सीट रिक्त होगी, इसी तरह सिंधिया के गुना से निर्वाचित होने पर राज्यसभा सीट रिक्त होगी। इन दोनों स्थानों पर अपनी संभावनाएं तलाशने के लिए नतीजे आते ही कई नेताओं ने हाथ पैर मारना शुरू कर दिया है। इन दोनों नेताओं के लोकसभा सदस्य की सदस्यता लेने और विधानसभा व राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद सियासी गलियारों में दावेदारों के नाम भी जोर पकड़ने लगेंगे।

राज्य में लोकसभा चुनाव में 6 विधायकों और दो राज्यसभा सदस्यों ने भाग्य आजमाया था। इनमें से सिर्फ दो चौहान और सिंधिया को ही सफलता मिली, जबकि अन्य राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के उम्मीदवार दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से हार का सामना करना पड़ा।

## आज का राशिफल

**मेष** — लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**वृषभ** — आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन** — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क** — श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह** — अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा।

**तुला** — जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु** — मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर** — धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुम्भ** — सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन** — उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

## उप्र : भाजपा ने 25 सीटों पर लगाई की हैट्रिक

एजेंसी

**लखनऊ।** 18वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए को उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार उसकी सीटें घटकर लगभग आधी रह गई हैं। इस चुनाव में भाजपा ने 33 सीटें जीती हैं। इनमें से 25 सीटें ऐसी हैं जिस पर पार्टी ने हैट्रिक लगाई है। वहीं पांच सीटों पर लगातार चौथी बार जीती है। लखनऊ सीट पर भाजपा ने लगातार 9वीं बार जीत दर्ज की है। वहीं 2018 के उपचुनाव को छोड़ दें तो गोरखपुर में भाजपा लगातार सातवीं बार जीती है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य में 62 सीटें जीती थीं। वीआईपी सीटों में शुमार लखनऊ संसदीय सीट पर भाजपा 1991 से लगाातर जीत रही है। वर्ष 1991 से 2004 तक लगातार पांच चुनाव यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जीते। वर्ष 2009 में लालजी टंडन ने यहां जीत का कमल खिलाया। वर्ष 2014, 2019 में राजनाथ सिंह जीते। इस बार भी राजनाथ सिंह यहां कमल खिलाने में कामयाब रहे। लखनऊ में भाजपा की ये नौंवी जीत है जबकि राजनाथ सिंह की हैट्रिक है। गोरखपुर सीट पर 1998 से लेकर 2014 तक लगातार पांच चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने जीत दर्ज की। वर्ष 2019 में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर रवि किशन मैदान में उतरे और विजयी रहे। वर्ष 2024 में रवि किशन ने यहां जीत का फिर कमल खिलाया है। आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद 2018 में हुए उपचुनाव में सपा के प्रवीण निषाद यहां से जीते थे। इस बार के चुनाव में भाजपा ने जिन 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाई है उनमें गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, फतेहपुर सीकरी, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फरुर्खाबाद, कानपुर, अकबरपुर, झांसी, फूलपुर, बहराइच, कैसरगंज, गोण्डा, डुमरियागंज, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, वाराणसी और भदोही शामिल हैं। पांच सीटों पर चौथी बार जीती भाजपा-प्रदेश की पांच सीटों- मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, पीलीभीत और बांसगांव में भाजपा ने लगातार चौथी जीत दर्ज की है।



### राहुल जनता से संवाद स्थापित करें : दिनेश प्रताप



**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव 2024 में रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को हार का स्वाद चखाते हुए यहां जीत का परचम लहराया है। राहुल ने इस बार दो सीटों पर चुनाव लड़ा था। वो दोनों पर जीत गए। वहीं, रायबरेली से हारने के बाद दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी से कहा कि मैं उन्हें बधाई देना चाहूंगा, वो रायबरेली की जनता की सेवा करें। लोगों के विकास के लिए काम करें। उन्होंने कहा, राहुल गांधी को रायबरेली की जनता के साथ संवाद स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा, यह हार दिनेश प्रताप सिंह सहित भाजपा के लिए चिंतन का विषय है कि आखिर हमारी यहां पर हार क्यों हुई? यही नहीं, जहां 500 वर्षों के बाद भगवान राम का मंदिर बनाया गया, एयरपोर्ट बनाया गया, बुनियादी संरचना का विकास किया गया, वहां भी बीजेपी हार गई। ऐसे में निसंदेह यह हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है।

### चुनाव से ठीक पहले पाला बदलने वालों को हुआ भारी नुकसान

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जिन लोगों ने आखिरी समय में पार्टी बदली थी, उनके लिए यह चुनाव बुरी खबर लेकर आया। अधिकांश दल-बदलुओं को हार का सामना करना पड़ा है। दल-बदलुओं में सबसे बड़ा उलटफेर अंबेडकर नगर से रितेश पांडे का हुआ। चुनाव से ऐन पहले बीएसपी सांसद बीजेपी में चले गए, लेकिन समाजवादी पार्टी के लाली वर्मा से 1.37 लाख वोटों से हार गए। बीएसपी से कांग्रेस में आए दानिश अली भी अपनी सीट गंवाने वाले सांसद रहे। दानिश अली अमरोहा सीट पर करीब 30,000 वोटों से हार गए। बीएसपी से टिकट नहीं मिलने पर भदोही के सांसद रमेश बिंद आखिरी समय में मिजार्पुर सीट से चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी में चले गए और 38,000 वोटों से हार गए। बीएसपी से बीजेपी में आए अन्य उम्मीदवारों में सुरेश सिंह, हितेंद्र कुमार, नंद किशोर पुंधीर, सारिका सिंह बघेल, सच्चिदानंद पांडे और राजेंद्र सिंह सोलंकी शामिल हैं। ये सभी चुनाव हार गए। जिन लोगों को हार का सामना करना पड़ा उनमें विजेंद्र सिंह बिजनौर (आरएलडी से बीएसपी में गए), आबिद अली (एसपी से बीएसपी में गए) और माजिद अली (आजाद समाज पार्टी से बीएसपी में गए) शामिल हैं। हालांकि इस बीच पार्टी बदलने के बावजूद दो उम्मीदवार अपनी सीट बचाने में सफल रहे इनमें गाजीपुर से अफजाल अंसारी और श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा शामिल हैं। दोनों नेता चुनाव से पहले बीएसपी से एसपी में चले गए थे।

## दिल्ली से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से टोरंटो (कनाडा) जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस के मुताबिक एयर कनाडा फ्लाइट एसी43 को बम की धमकी वाला ई मेल मिला है। यह धमकी मंगलवार रात दिल्ली से रवाना होने से ठीक पहले ई-मेल के माध्यम से दी गई। सुरक्षा उपायों के लिए विमान को आइसोलेशन बे में भेज दिया गया है और स्क्रीनिंग प्रक्रिया चल रही है। पुलिस के अनुसार बीती रात 10.50 बजे, आईजीआई एयरपोर्ट स्थित दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) कार्यालय में एक ई मेल प्राप्त हुई, जिसमें एयर कनाडा की उड़ान के अंदर बम होने की धमकी दी गई थी, जो टोरंटो के लिए प्रस्थान करने वाली थी। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान का गहन निरीक्षण किया गया और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि 31 मई को दिल्ली से 177 यात्रियों को लेकर श्रीनगर जा रही विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके-611 को बम की धमकी मिली थी। कॉल पर धमकी मिलने के बाद एयरलाइन और सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई कर फ्लाइट को श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित तरीके से उतारा था।

## एनडीए गठबंधन एक है, अच्छा काम कर रहा है : जायसवाल



एजेंसी

**पटना।** बिहार की पश्चिम चंपारण सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय जायसवाल ने 1,36,568 वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी को करारी शिकस्त दी है। जीत के बाद सांसद संजय जायसवाल दिल्ली रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने जनता का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा, एनडीए गठबंधन पूरी तरह एक है। भाजपा की कम सीट आने पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है, राजनीति में थोड़ा बहुत इधर-उधर होता रहता है। केंद्र में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बन रही है। देश क्या दुनिया के इतिहास में किसी भी लोकतांत्रिक देश में अभी तक यह देखने को नहीं मिला था कि तीन बार लगातार एक ही सरकार पूर्ण बहुमत से बन रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गरीबों के लिए जो काम किया है कि उसी का नतीजा है कि एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है और पीएम तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। नीतीश को विपक्ष से ऑफर मिलने के सवाल पर जायसवाल ने कहा कि एनडीए गठबंधन पूरी तरह से एक है, अच्छे से काम कर रहा है।

## राष्ट्रपति ने पीएम के नेतृत्व वाले मंत्रिपरिषद को दी विदाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार रात राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाले निवर्तमान केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए रात्रिभोज (डिनर) का आयोजन किया।

परंपरा के अनुसार, राष्ट्रपति ने मंत्रिमंडल के सदस्यों को विदाई डिनर दिया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित डिनर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत सभी केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ भी विदाई डिनर में शामिल हुए। बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री के आवास पर बुधवार को हुई एनडीए की बैठक में सभी



दलों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। टीडीपी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित एनडीए के सभी नेताओं ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक में एनडीए के 16 पार्टियों के प्रमुख नेता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने सर्वप्रथम जनता-जनार्दन का आभार प्रकट किया और एनडीए को लगातार तीसरा कार्यकाल देने के लिए धन्यवाद दिया।

## केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम बेल याचिका हुई खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। फैसला सुनाने के दौरान केजरीवाल के वकील ने उनके स्वास्थ्य पर चिंता जताई। इस पर कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन को केजरीवाल के स्वास्थ्य संबंधी जरूरी टेस्ट कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आपको जब भी स्वास्थ्य की चिंता हो, आप कोर्ट आ सकते हैं। कोर्ट ने एक जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अंतरिम जमानत या नियमित जमानत के लिए मनी लांड्रिंग कानून की धारा 45 की प्रक्रिया का पालन होना चाहिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस / पेड़ और जल ही जीवन का सच्चा आधार

# गंगा नदी की सफाई-प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प

एजेंसी

**वाराणसी।** विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इस दिन लोगों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण से संबंधित कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में वाराणसी में गंगा नदी की सफाई की गई और पौधे लगाए गए। 'पेड़ और जल ही जीवन का सच्चा आधार है', इस मैसेज को देने के लिए नमामि गंगे मिशन के तहत एकजुट हुए लोगों ने दशाश्वमेध और प्रयाग घाट पर गंगा नदी की सफाई की। गंगा जल को प्रदूषित कर रही सामग्रियों को बाहर निकाला और जल के संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस दौरान लोगों ने जमकर नारे भी लगाए - 'हम सभी ने ठाना है, गंगा को स्वच्छ बनाना है', 'हम सब ने ठाना है, पर्यावरण को बचाना है'। एक ने कहा, "हम संकल्प लेते हैं, इस पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को बचाने में अपना योगदान देंगे। हम जल का संरक्षण करेंगें। हम पौधे लगाएंगे और पौधों का संरक्षण भी करेंगे। हम संकल्प लेते हैं कि गंगा किनारे कोई भी गंदगी नहीं करेंगे। गंगा पर पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करते हुए गंगा को प्रदूषित करने वाली सामग्रियों का विसर्जन नहीं करेंगे। "अहिल्याबाई घाट पर पर्यावरण को शुद्ध रखने और वृक्षारोपण की भावना को जगाने के लिए लोगों को तुलसी के पौधे दिए गए। पर्यावरण के प्रमुख स्त्रोत सूर्य देव, जल रूपी मां गंगा और वनस्पति रूपी तुलसी की आरती की गई।



### कई मुद्दों पर जागरूक होना जरूरी

उन्होंने आगे कहा कि पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित करने, पेड़ों को न काटने, नदियों को साफ रखने, जल का संरक्षण और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए हमें जागरूक होना चाहिए। इस बार हम सब को मिलकर पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए आगे आना चाहिए। आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, सोहन सिंह, राजेंद्र सिंह, रमेश चौहान, रतनलाल, नागेंद्र शर्मा मौजूद रहे। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 5 जून 1972 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की शुरूआत की थी। तब से पूरी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

## भागलपुर का जदार्लू आम राष्ट्रपति, पीएम सहित अन्य अतिथियों के लिए भेजा गया

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर का जदार्लू आम रसीले और सुपाच्य आमों के श्रेणी में शुमार किया जाता है। यह आम अपने लजीज स्वाद के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। भागलपुर का जदार्लू आम हर साल प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति समेत अन्य गणमान्यों को भेजा जाता है। इस बार फिर बुधवार को जदार्लु आम प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों को भेजा गया है। वर्ष 2007 से लगातार हर साल प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति इसका स्वाद चखते आ हैं। लेकिन इस बार यह खास है। क्योंकि यह पहला मौका है जब किसी प्रधानमंत्री के जीत के बाद संदेश के रूप में जदार्लु आम भेजा गया है। भागलपुर का जदार्लु आम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सौगात के रूप में



भेजा जाता है। इस बीच प्रधानमंत्री को जदार्लू आम का सौगात भेजा जाना भी खास है। सुलतानगंज के किसान मैंगो मेन अशोक चौधरी के बगान से कृषि विभाग के अधिकारियों ने आम की पूरी तरह से जांच कर उसे तोड़कर पैकिंग करवाया था। आज विक्रमशिला एक्सप्रेस से 2000 किलो आम भेजा गया है। आनंद विहार टर्मिनल से कल बिहार भवन ले जाया जाएगा। उसके बाद वहां से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्रियों और अन्य विशिष्ट अतिथियों को भेजा जाएगा।

# विश्व कप जीतना मेरा एकमात्र सपना है : कुलदीप यादव



**न्यूयॉर्क।** भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने मौजूदा टी 20 विश्व कप में भारत के लिए ट्रॉफी जीतने की इच्छा जताई है। कुलदीप ने भारत के 2019 और 2024 में पिछले वनडे विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी लेकिन वह अब तक टी 20 विश्व कप में नहीं खेल पाए हैं। वह इस मेगा इवेंट में तब उतरेंगे जब भारत बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ अपना पहला विश्व कप मैच खेलेगा।

उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के पॉडकास्ट में कहा,"जब आप भारत के लिए लम्बे समय से खेल रहे हैं तो आपको विश्व कप जीतना चाहिए।भारत के लिए विश्व कप जीतना मेरा सपना है। यह मेरा पहला टी 20 विश्व कप है। मैं 29 साल का हूं और जब तक संभव हो सके खेलना चाहता हूं। विश्व कप जीतना मेरा लम्बे समय से सपना है और इसके पीछे काफी मेहनत लगती है। यदि आप भारत के लिए लम्बे समय से खेल रहे हो तो आपको विश्व कप जीतना चाहिए। मुझे लगता है कि आखिर में ट्रॉफियां मायने रखती हैं और आप ट्रॉफियां जीतने के लिए खेलते हैं। इसलिए विश्व कप जीतना मेरा एकमात्र सपना है। "

चाइनामैन गेंदबाज ने आगे क्रिकेट से परे अपने सपनों को साझा किया और कहा, ''क्रिकेट से परे, मुझे फुटबॉल कोचिंग में लाइसेंस मिलने की उम्मीद है। मैं परफेक्ट नहीं हूं, लेकिन मुझे इस पर बहुत काम करने की जरूरत है। उम्मीद है, जब मैं क्रिकेट छोड़ूंगा , तो मैं इसमें समय लगा सकता हूं और उचित प्रशिक्षण ले सकता हूं, मेरे पास ऐसे दोस्त हैं जो खेल से जुड़े हैं और क्रिकेट के बाद, अगर मैं कुछ करना चाहता हूं, तो मैं निश्चित रूप से फुटबॉल में योगदान देना चाहूंगा।"

बाएं हाथ के लेग स्पिनर ने सनसनीखेज प्रदर्शन किया जिसके कारण उन्हें टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया। हालाँकि, कुछ साल पहले उन्हें एक बुरे दौर का सामना करना पड़ा। 2022 में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होने से पहले, उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोई अवसर नहीं मिलने से संघर्ष करना पड़ा और उनके अंतरराष्ट्रीय करियर पर भी असर पड़ा।

# नॉर्वे शतरंज : प्रज्ञानानंद राउंड-8 में कार्लसन से हारे, वैशाली जीतीं

**एजेंसी। स्टावेंजर**



भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंद मंगलवार को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें राउंड में आमार्गेडन गेम में विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन से हार गए। इस जीत से कार्लसन ने 14.5 अंकों के साथ अपनी बढ़त को पूरे एक अंक तक बढ़ाया, जबकि हिकारू नाकामुरा 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, वहीं, प्रज्ञानानंद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। हिकारू नाकामुरा ने क्लासिल शतरंज में फिरौजा को हराया। इस बीच, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन ने दो जीत के स्थान गंवा दिया और अंततः आर्मगेडन टाईब्रेकर में फैबियानो कारुआना से हार गए।महिलाओं के इवेंट में, विश्व चैंपियन जू वेनजुन ने पिया क्रैमलिंग के खिलाफ क्लासिकल गेम जीतकर स्टैंडिंग में बढ़त हासिल की।उ इस बीच, लेई टिंगजी ने जीएम कोनेरू हम्पी को हराकर अपनी पहली क्लासिकल जीत हासिल की।

पिछली लीडर अन्ना मुजीचुक वैशाली रमेशबाबू से आर्मगेडन में हार गईं।

दो राउंड शेष रहते, वेनजुंग 14.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, उनके बाद मुजिचुक 13 अंकों के साथ दूसरे और वैशाली 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# हम अपनी कमजोरियों पर काम कर रहे हैं : नवनीत



**एक टीम के रूप में एकजुट हैं**

**एजेंसी। लंदन**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में चुनौतीपूर्ण यूरोपीय चरण का सामना किया है, जिसमें बेल्जियम और इंग्लैंड जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ छह मैच खेले हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, टीम ने लचीलापन और प्रगति दिखाई है, जिसका लक्ष्य अपने आगामी मैचों में इन अनुभवों का लाभ उठाना है।

अब तक के सफर पर विचार करते हुए, उप कप्तान नवनीत कौर ने जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ बचे हुए मैचों के लिए अपनी अंतर्दृष्टि और टीम की रणनीति साझा की।

उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हमने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में कड़ी चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन प्रत्येक मैच हमारे लिए एक मूल्यवान सीखने का अनुभव रहा है। असफलताओं के बावजूद, हमारी टीम ने लचीलापन और सुधार दिखाया है, खासकर बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ हमारे करीबी मुकाबलों में। उन्होंने कहा, हम अपने बचे हुए दो मैचों में जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन का सामना करने के लिए तैयार हैं, इसलिए हम अपने पिछले प्रदर्शनों का विश्लेषण करने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपनी कड़ी मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है। हमें अपनी क्षमताओं पर विश्वास है और हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए दृढ़ हैं। यूरोपीय चरण में अब तक भारत को अपने पहले मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा, उसके बाद बेल्जियम (0-2 और 1-2) से भी उसे हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना के खिलाफ अपने रीमैच में भारत 0-3 से हार गया। टीम को जर्मनी (1-3) और ग्रेट ब्रिटेन (2-3) से भी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट में अब तक दो गोल करने वाले नवनीत ने कहा, अब तक का सफर चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन इसने हमें एक टीम के तौर पर और भी करीब ला दिया है।

## बारिश के कारण इंग्लैंड-स्कॉटलैंड मैच रद्द

**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में टी20 विश्व कप 2024 का छठा मैच मंगलवार देर रात बारिश के कारण रद्द कर दिया गया।



**टी 20 विश्व कप**

स्कॉटलैंड ने टॉस जीतकर गत विजेता इंग्लैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जॉर्ज मुन्से (31 गेंदों पर 41* रन, 4 चौके और 2 छक्के) और माइकल जोन्स (30 गेंदों पर 45* रन, 4 चौके और 2 छक्के) ने स्कॉटिश टीम के लिए ओपनिंग की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 रनों की साझेदारी निभाई। सातवें ओवर की दूसरी गेंद के बाद बारिश के कारण मैच रोक दिया गया था, लेकिन बारिश रुकते ही खेल फिर से शुरू हो गया और इसे 10-10 ओवर का कर दिया गया।उ दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और इंग्लिश गेंदबाजों के खिलाफ जमकर रन बनाए, जिससे 10 ओवर की समाप्ति के बाद स्कॉटलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 90 हो गया।

## युथ हॉस्टलस एसोसिएशन की ओर से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस




**रांची।** युथ हॉस्टलस एसोसिएशन ऑफ इंडिया झारखण्ड राज्य शाखा के के विभिन्न इकाइयों के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस को काफी धूमधाम से मनाया गया। झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के बैनर तले और युथ हॉस्टलस एसोसिएशन के सहयोग से झारखण्ड ओलम्पिक कार्यालय परिसर में फलदार वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी जिसमे पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया ईसके अलावे मनरखन ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में इसके बी एडकॉलेज परिसर में पर्यावरण संकल्प के साथ वृक्षारोपण किया गया जिसमे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए संकल्प लिया। सिल्ली में संत माइकल स्कुल परिसर में खिलाड़ियों और युथ हॉस्टल के पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।

# हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं : सुनील छेत्री



**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी। फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह मेरे और मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं है। मैं इसे इस तरह से नहीं देखता हूं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं। यह आसान नहीं होने वाला है, लेकिन हम तैयार हैं। हमें जबरदस्त समर्थन मिलेगा।'इस 39 साल के स्ट्राइकर ने अपने आगे की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, अगर हम कल जीतते हैं तो हम लगभग क्वालीफाई (तीसरे चरण के लिए) कर लेंगे। हमें घरेलू और विदेशी सरजमीं पर पांच-पांच मैच खेलने का मौका मिलेगा। मैं अच्छे सूट पहनूंगा और जहां भी टीम खेलेगी वहां मैच देखूंगा।' छेत्री ने कहा, मैं हर दिन टीम के खिलाड़ियों से बात करता हूं। मैं उन्हें इस सपने के बारे में बताता रहता हूं। मुकाबले से पहले लंबा शिविर मददगार होता है। आपके पास टीम की खामियों को दूर करने के लिए अधिक समय होता है।' छेत्री से जब पूछा गया कि वह संन्यास के अपने फैसले पर फिर से विचार कर सकते हैं तो उन्होंने इसका ना में जवाब दिया।

## मनोज कोनबेगी ने सुदूरवर्ती इलाके के हॉकी खिलाड़ियों के साथ मनाया अपना जन्म दिन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा के खिलाड़ियों के साथ मिलाकर काटा जन्म दिन का केक ग्रामीणों से बैठक कर कहा अपने बच्चो को मोबाइल, नशा और कुसंगतियो से रखे दूर और भेजे खेल का मैदान



अपना जन्म दिन हो या कोई त्योहार हमेशा नन्हे खिलाड़ियों के साथ मिलकर इस उत्सव को मानने वाले हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज अपने जन्म दिवस जिला मुख्यालय से 40 किलो मीटर दूर सुदूरवर्ती इलाका कुरकुरा में संचालित आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा के हॉकी खिलाड़ियों के साथ मिलकर मनाया। और हॉकी खिलाड़ियों के साथ मिलकर जन्म दिन का केक काटा। इस अवसर पर बालक बालिकाओं का एक मैत्री हॉकी मैच का भी आयोजन किया गया। अहले सुबह अपने गांव के मैदान में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी को देखकर स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि भी मैदान पहुंच गए। उपस्थित खिलाड़ियों को हॉकी प्रशिक्षण के कुछ तकनीकी बारीकी बतलाने के बाद एक मैत्री मैच का आयोजन किया गया एवम मैच के समापन के उपरांत खिलाड़ियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से केक काटा गया।

## कोको गॉफ ने दूसरी बार सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**पेरिस।** खेले गए महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ट्यूनीशियाई खिलाड़ी ओन्स जाबेउर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



# लक्ष्य, प्रियांशु जीते, वेन ची सू के खिलाफ शुरूआत करेंगी सिंधु



**एजेंसी। जकार्ता**

लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर 1,300,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इंडोनेशिया ओपन 2024 बीडब्लूएफ 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। लक्ष्य ने जापान के कांता सुनेयामा को मंगलवार को 40 मिनट में 21-12, 21-17 से पराजित किया जबकि राजावत ने हमवतन एच एस प्रणय को 30 मिनट में ही 21-17, 21-12 से चौंका दिया। पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहंचने वाली ट्रीसा जोली और गायत्री गोपीचंद ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे की जोड़ी चेंग यू-पेई और सुन यू-सिंग को मात्र 29 मिनट में पहले दौर में 21-15, 21-11 से हरा दिया। बी सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी ने पहले गेम हारने के बाद वापसी करते हुए 57 मिनट में अमेरिकी जोड़ी विनसन चियू और जैनी गई को 18-21, 21-16, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस बीच किरण जॉर्ज को पुरुष एकल में चीन के होंग यांग वेंग से तीन गेमों के संघर्ष में 21-11, 10-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। पी वी सिंधु अपने अभियान की शुरूआत बुधवार को चीनी ताइपे की वेन ची-सू के खिलाफ करेंगी जबकि आकर्षि कश्यप भी पहले राउंड में पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन से भिड़ेंगी।



## जीप ने लांच की मेरिडियन एक्स स्पेशल एडिशन एसयूवी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

जीप मेरिडियन एक्स एडिशन भारत में लॉन्च कर दी गई है और इस स्पेशल एडिशन एसयूवी को काफी सारी ऐसी खूबियों के साथ पेश किया गया है, जो अपने सेगमेंट की टॉप सेलिंग टोयोटा फॉर्च्यूनर समेत और भी गाड़ियों में नहीं है। स्लीक बॉडी कलर वाले लोअर्स, ग्रे रूफ और ग्रे पॉकेट्स वाले अलॉय व्हील समेत कई और खूबियों से लैस इस एसयूवी में बेहतर ड्राइविंग एक्सपीरियंस के लिए मोडिफिकेशन की कई सुविधाएं दी गई हैं, जिनमें साइड मोल्डिंग, पडल लैंप्स, प्रोग्राम किए जाने वाले एंबिएंट लाइटिंग, सनशेड्स, एयर प्यूरिफायर, डैशबोर्ड कैमरा, प्रीमियम कार्पेट मैट्स और ऑप्शनल रियर सीट एंटरटेनमेंट पैकेज प्रमुख हैं।

### बुकिंग शुरू

जीप मेरिडियन एसयूवी की भारत में एक्स शोरूम प्राइस 29.49 लाख रुपये से शुरू होती है। जीप मेरिडियन एक्स स्पेशल एडिशन की बुकिंग देशभर में जीप डीलरशिप शुरू हो गई है। आप इसकी तत्काल डिलीवरी करा सकते हैं। इंजन-पावर और फीचर्स की बात करें तो इस फुलसाइज एसयूवी में 1956 सीसी का इंजन दिया गया है, जो कि 172.35 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 350 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है। इस 7 सीटर को 4व्हील ड्राइव और फ्रंट व्हील ड्राइव ड्राइवट्रेन विकल्प के साथ पेश किया गया है।

### शानदार ड्राइविंग एक्सपीरियंस

जीप मेरिडियन एक्स स्पेशल एडिशन को उबड़-खाबड़ रास्तों के साथ ही शहरों में मक्खन जैसी सड़कों पर भी सही से चलाने के लिए पेश किया गया है। मौके पर जीप इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर कुमार प्रियेश ने कहा कि मेरिडियन हमारी इनोवेशन और बेहतरी से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को निरंतर दिखाती है। ये कमिटमेंट ग्राहकों को अपने प्रोडक्ट्स के जरिये शानदार ड्राइविंग एक्सपीरियंस देने से जुड़ा है। अब काफी सारी ऐक्सेसरीज ऑफर करते हुए हम ग्राहकों को मेरिडियन के दोहरे व्यक्तित्व से रूबरू करा रहे हैं।

# एयर इंडिया के कई विमानों में किया जाएगा सुधार : कैम्पबेल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया 100 से अधिक विमानों में बदलाव करेगी, जिनमें 40 बड़े आकार के विमान शामिल हैं। विमानों में नवीनीकरण के लिए करीब 25 हजार सीट का ठेका भी दिया गया है।

**एयर इंडिया में परिवर्तन के हिस्से के रूप में बहुत सी चीजें चल रही हैं**

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने बुधवार को सीएपीए इंडिया एविएशन समिट को संबोधित करते हुए कहा कि एयर इंडिया अपने 100 से ज्यादा विमानों में सुधार करेगी। कंपनी के सीईओ ने एयरलाइन उद्योग की लागत के बारे में कहा कि हवाई किराया समग्र मुद्रास्फीति की तुलना में कम ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया में परिवर्तन के हिस्से के रूप में बहुत सी चीजें चल रही हैं। विल्सन ने कहा कि एकीकरण, विकास, अनुकूलन और ग्राहक अनुभव पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

टाटा समूह अपने विमानन कारोबार को मजबूत करने के लिए एआईएस कनेक्ट (पूर्व नाम एयरएशिया इंडिया) का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ और विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय कर रही है।

## ग्राहकों की दूसरी पसंद बनकर उभरा ओला एस1

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने स्कूटर मार्केट में धुंआ-धुंआ तक दिया है। जी हां, इस साल अप्रैल में इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बिक्री की रफ्तार धीमी जरूर पड़ी, लेकिन मई में ओला इलेक्ट्रिक ने फिर से मोमेंटम पकड़ लिया और महीने भर में 37,191 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेच डाले। ओला इलेक्ट्रिक ने ऑफर्स की बरसात कर ग्राहकों के सामने इतने सारे विकल्प दे दिए कि वे टीवीएस, बजाज, ऐथर समेत अन्य कंपनियों के मुकाबले ज्यादा स्कूटर बेचने में कामयाब रही। ओला इलेक्ट्रिक का मार्केट शेयर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में 49 पर्सेंट है, यानी अपने लिए ई-स्कूटर खरीदने वाला हर दूसरा ग्राहक ओला एस1 सीरीज के स्कूटर खरीदता है।बेंगलुरु बेस्ड ओला इलेक्ट्रिक भारतीय बाजार में एस1 सीरीज के तहत प्रीमियम सेगमेंट में ओला एस1प्रो, मिड रेंज में ओला एस1 एयर और एंट्री लेवल सेगमेंट में ओला एस1एक्स जैसे मॉडल बेचती है। ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर्स में 2 किलोवॉट से लेकर 4 किलोवॉट तक की बैटरी लगी है, जिनकी सिंगल चार्ज रेंज 95 ` से लेकर 195 किलोमीटर तक की है। ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर्स लुक और फीचर्स के मामले में भी अच्छी हैं। साथ ही इनकी पावर और स्पीड भी जबरदस्त है।

# 14 जून तक नि:शुल्क अपडेट होगा आधार कार्ड




**एजेंसी। नई दिल्ली**

यदि आपके पास भी 10 साल पुराना आधार कार्ड है और अभी तक अपडेट नहीं कराया तो यह खबर आपके लिए है। सरकार ने आधार अपडेट कराने के लिए 14 जून 2024 की तारीख तय की है। वहीं, 14 जून में कुछ ही दिन बाकी है। इस तारीख तक आप अपने आधार को फ्री में अपडेट करा सकते हैं। अगर आपने अभी तक नहीं करवाया अपडेट तो इस पर जुमार्ना भी लगे तो फिर आधार अपडेट की हालत पैन अपडेट जैसी हो जाएगी। आइए आपको आधार कार्ड अपडेट कैसे करें बताते हैं।

### इन दास्तावेज का होना जरुरी है

**आधार अपडेट के लिए आपको दो जरुरी डॉक्यूमेंट की जरुरत होगी। पहला पहचान पत्र और दूसरा एड्रेस प्रूफ। वैसे आधार अपडेट के लिए आधार सेंटर पर 50 रुपये का शुल्क लगता है लेकिन UIDAI के मुताबिक 14 जून तक यह सेवा फ्री है। पहचान पत्र के तौर पर आप पैन कार्ड और एड्रेस के लिए वोटर कार्ड दे सकते हैं।**

### घर बैठें करें ऐसे अपडेट



- मोबाइल या लैपटॉप से UIDAI की वेबसाइट के जरिए आधार अपडेट आधार के विकल्प पर क्लिक करें।
- इसके बाद आधार नंबर डाले फिर ओटीपी के जरिए लॉगिन करें।
- इसके बाद डॉक्यूमेंट पर क्लिक करें और वेरिफाई करें।
- अब नीचे ड्रॉप लिस्ट से पहचान पत्र और एड्रेस प्रूफ की स्कैन की हुई कॉपी को अपलोड करें।
- इसके बाद सबमिट पर क्लिक कर दें। इसके बाद आपको एक रिक्वेस्ट नंबर मिलेगा और फॉर्म सबमिट हो जाएगा। वहीं, आप रिक्वेस्ट नंबर से आप अपडेट का स्टेटस भी चेक कर सकेंगे।

## निवेशकों को 1 दिन में 12.96 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को मतगणना के नतीजे की वजह से लगे झटकों के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज जोरदार वापसी की। केंद्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावना से शेयर बाजार 3 प्रतिशत से भी अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में 2,655 अंक और निफ्टी ने 875 अंक से अधिक की छलांग लगाई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 3.20 प्रतिशत और निफ्टी 3.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, दो रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य सड़क के गम्हरिया गांव के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल तीनों घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्हरिया गांव निवासी गुड्डू यादव, अमही गांव निवासी दौतल कुमार की स्थिती को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि दीपक कुमार की प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिती को सामान्य देखते हुए उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**हुसैनाबाद।** थाना अंतर्गत जपला पथरा मुख्य सड़क पर अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस रात्रि गस्ती में थी, उसी समय अवैध बालू लेकर आ रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने तिवारी बिगहा गांव के समीप से पकड़ा हैं। बताया जाता है कि ट्रैक्टर पथरा नदी से बालू उठाकर हुसैनाबाद की ओर आ रहा था,इसी क्रम में पुलिस ने उसे पकड़कर ट्रैक्टर को थाना में पार्क कर उसके विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को भेज दिया है।

### बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**लातेहार।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान है। एक तो प्रचंड गर्मी पड़ रही है। ऊपर से लोगों को 24 घंटे में मुश्किल से केवल आठ से दस घंटे ही बिजली लोगों को मिल पा रही है। अनियमित बिजली आपूर्ति से इस पर आधारित व्यवसाय तो प्रभावित हो ही रहा है। साथ ही घरेलु कार्य भी बाधित हो रहा है। मोटर नहीं चलने के कारण लोगों के घरों में पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। दुकानदार खासे परेशान हैं।

## चुनाव जीतने पर सांसद ने वोटरों एवं कार्यकर्ताओं का जताया आभार

# लोगों की उम्मीद पर खरा उतरने की होगी पूरी कोशिश : वीडी राम

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** 13 पलामू संसदीय सीट से चुनाव जीतने के बाद बीजेपी कैंडिडेट वीडी राम ने वोटरों एवं कार्यकताओं का आभार जताया। डालटनगंज में अपने आवास पर बुधवार को पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए यह जनादेश मिला है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता और पार्टी नेताओं ने हर एक स्तर पर जीत सुनिश्चित करने के लिए उनका साथ दिया। उनका अभिनंदन करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण हम वोटरों का आभार जताते हैं, जिन्होंने तीसरी बार उन पर विश्वास जताया और अपार समर्थन दिया। एक बार फिर दुगनी एनर्जी से पलामू संसदीय क्षेत्र का विकास करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। सांसद ने कहा कि जिस आशा और उम्मीद से उन्हें मौका दिया गया है, उस पर वे खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि जिस उम्मीद से पलामू सहित पूरे देश में एनडीए पर भरोसा जताया गया है, उस पर प्रधानमंत्री हर हाल में खरा उतरने का प्रयास करेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश का अभूतपूर्व विकास करेंगे। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि वीडी राम ने झारखंड में सार्वधिक वोट से जीत हासिल कर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने में इनका सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि सांसद वीडी राम ने अपने दो टर्म के दौरान संसदीय क्षेत्र के मामले को प्रमुखता से सदन में उठाया और उसका रिजल्ट इस चुनाव में उन्हें मिला। मौके पर सांसद वीडी राम का पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने पुष्प गुच्छ देकर एवं फूलमाला पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया।

## एनडीए की जीत पर आजसू व भाजपा ने मनाया जश्न



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** एनडीए की जीत पर भाजपा तथा आजसू पार्टी ने हरिहरगंज में जश्न मनाया। जहां भाजपा ने विष्णु दयाल राम को तीसरी बार सांसद बनने पर हरिहरगंज में भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर, पटाखे फोड़कर व मिठाई बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया। जबकि आजसू पार्टी ने गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी तथा पलामू से वीडी राम को सांसद बनने पर भगत तेंदुआ में आजसू कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की लगातार तीसरी जीत से हम सब कार्यकर्ता उत्साहित हैं। वही आजसू के जिला सचिव सह पिपरा प्रभारी जितेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि एनडीए की जीत हम सभी कार्यकर्ता काफी खुश हैं। जश्न मनाने वालों में आजसू के जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, रंजीत गुप्ता, इरशाद आलम, इस्तेखार आलम के अलावे टंटू मिश्रा, अवधेश मेहता, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, विकाश, रवि, विनोद, मुकेश, राजू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व लोग उपस्थित थें।

## तीन हजार के लिए तीन दोस्तों ने की थी सुनेश्वर की हत्या, गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी /पलामू।** पलामू की पांकी पुलिस ने सुनेश्वर यादव की हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सुनेश्वर यादव पलामू के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पिंड्रा गांव का रहने वाला था। गत दो जून को पुलिस ने बरदाग के जंगल में उसका शव बरामद किया था। बाद में शव की शिनाख्त सुनेश्वर यादव के रुप में हुई थी। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने जब सुनेश्वर के परिजनों से जानकारी ली, तो पता चला कि वह 30 मई से लापता था। वह अपने दोस्त सोनू कुमार, मुकेश कुमार व कुलदीप उरांव के साथ निकला था। जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान तीनों ने पुलिस को बताया कि सोनू कुमार ने चार माह पहले सुनेश्वर यादव के तीन हजार रुपये लिए थे। मोटरसाइकिल का किस्त भरने के लिए उसने रुपए लिए थे। जब सुनेश्वर ने पैसे की वापसी के लिए तकादा करना शुरू किया तो सोनू ने पहले तो टाल-मटौल किया। फिर हत्या की योजना बना डाली। पुलिस ने बताया कि योजना के मुताबिक सोनू ने हत्या में अपने दोस्त कुलपीद और मुकेश की मदद ली। पार्टी को नाम पर सुनेश्वर को बरदाग जंगल में बुलाया और वहां पत्थर से कूच कर उसकी हत्या कर दी। तीनों के इस बयान के बाद पुलिस ने सबी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।



## पेज एक का शेष

### देश के एससी-एसटी सीटों पर भाजपा पिटी....

**खूंटी का अभेद्य किला नहीं बचा पाए अर्जुन मुंडा :** खूंटी भाजपा का अभेद्य किला माना जाता था, जहां भाजपा के कद्दावर नेता कड़िया मुंडा ने आठ बार जीत दर्ज की है, उस सीट पर भाजपा ने अर्जुन मुंडा को 2019 में मौका दिया था, लेकिन जैसे-तैसे डेढ़ हजार से जीत मिली, इसके बावजूद भाजपा ने उन्हें केंद्र में जनजातीय मामलों के मंत्री पद दिया, इसके बावजूद वे अपने पूरे राज्य को छोड़ दीजिए अपने संसदीय के आदिवासियों को साधने में पूरी तरह विफल साबित हुए। भाजपा ने दुमका में अपने सीटिंग सांसद सुनील सोरेन का टिकट काटकर सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन को मैदान में उतारा था। भाजपा को काफी उम्मीदें थी कि सीता के आने से आदिवासी वोट बैंक पर असर पड़ेगा। दुमका के 6 में से 4 विधानसभा में सीता सोरेन आगे भी रहीं, लेकिन शिकारीपाड़ा और जामताड़ा में पिछड़ गई, जो उनके हार का कारण बना। सिंहभूम में पूर्व सीएम मधू कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा की हार काफी अचरज भरी रही। कोल्हान कोड़ा दंपति का वर्चस्व वाला क्षेत्र माना जाता है, लेकिन हो आदिवासी बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन की संथाली प्रत्याशी जोबा मांझी ने डेढ़ लाखा से भी अधिक मतों से जीत दर्ज कर सभी हैरानी में डाल दिया है। राजमहल और लोहरदगा में भाजपा को करारी हार की कतई उम्मीद नहीं थी, क्योंकि दोनों जगह झामुमो के विधायक बागी प्रत्याशी के रूप में मैदान में थे और जानकार यह संभावना जता रहे थे कि राजमहल में झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम और लोहरदगा में झामुमो विधायक चमरा लिंडा इंडी प्रत्याशी का ही वोट काटेंगे और भाजपा की राह आसान करेंगे, लेकिन सभी का यह आकलन गलत साबित हो गया।

**मोदी का नहीं चलता है जादू :** पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों पर गौर करें, तो अधिकांश आदिवासी सीटों पर पीएम नरेंद्र मोदी का जादू चलता नहीं दिखता। कोल्हान में हर बार पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार किया, लेकिन 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया, ठीक इसी तरह 2019 और 2024 लोकसभा चुनाव में भी मोदी ने जनसभा की, लेकिन जीत नहीं मिली।

**बाबूलाल पर फूटेगा हार का ठिकरा :** 2019 में हार के बाद भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को पार्टी में इस उम्मीद से शामिल कराया था कि वे आदिवासियों का विश्वास जीतने में सफल रहेंगे। चुनाव से पहले उन्हें हर तरह से पूरी छूट दी गई, लेकिन भाजपा के उम्मीदों पर बाबूलाल खरे नहीं उतर पाए। अर्जुन मुंडा और बाबूलाल मरांडी जैसे बड़े आदिवासी चेहरा के होने के बावजूद भाजपा की हार निश्चित रूप से चिंतन और मंथन करने की जरूरत है।

**राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा को नुकसान :** लोकसभा की 543 सीटों में से 412 सीटें सामान्य, 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इस चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित कुल 84 सीटों में से भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। लेकिन, उसे नुकसान भी इस पर हुआ। इन 84 में से भाजपा के हिस्से में कुल 28 सीटें ही आई। जबकि, 36 सीटें अन्य दलों के हिस्से में आई। कांग्रेस ने 20 और आप ने एक सीट पर जीत दर्ज की। अनुसूचित जनजाति की 47 सीटों में भी भाजपा के हिस्से में ज्यादा सीटें आई। उसे इसमें से 25 सीटों पर जीत हासिल हुई। लेकिन, यह 2019 के मुकाबले 6 कम है। इसके बाद कांग्रेस के हिस्से में इसमें से 11 और अन्य के हिस्से में 11 सीटें आई। मतलब साफ है अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीटों पर भाजपा को तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। इसके साथ ही देशभर में भाजपा के वोट में भी 2019 के मुकाबले कमी आई है। कुल मिलाकर 131 एससी-एसटी सीटों में से भाजपा के हिस्से में इस बार 53 सीटें आई हैं, 31 कांग्रेस के हिस्से में गई है बाकी अन्य के हिस्से में आई है। जबकि, 2019 में इसमें से 77 सीटें भाजपा और 10 सीटें कांग्रेस को मिली थी। इसके साथ ही जिस अयोध्या के राम मंदिर के नारे के साथ भाजपा चुनाव लड़ रही थी, वह उस सीट पर भी जीत दर्ज नहीं कर पाई। भाजपा ने हिंदी बेल्ट में ही केवल 67 सीटें अपने हिस्से की गंवा दी, जिन पर 2019 में उसने जीत दर्ज की थी।

### लोगों की इच्छा साकार करने उचित समय पर उचित कदम उठाएंगे

यह हमारा निर्णय है कि हमने जनता से जो भी वादा किया है उसे निभाएंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हमारे गठबंधन को मिले जबरदस्त समर्थन के लिए भारत के लोगों को धन्यवाद देते हैं। लोगों के जनादेश ने भाजपा और उनकी नफरत एवं भ्रष्टाचार की राजनीति को करारा जवाब दिया है। यह भारत के संविधान की रक्षा के लिए, महंगाई, बेरोजगारी और सांठगांठ वाले पूंजीवाद के खिलाफ और लोकतंत्र को बचाने के लिए एक जनादेश है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया गठबंधन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के फासीवादी शासन के खिलाफ लड़ना जारी रखेगा। हम भाजपा सरकार द्वारा शासित न होने की लोगों की इच्छा को साकार करने के लिए उचित समय पर उचित कदम उठाएंगे। बहुमत से दूर रहा इंडिया गठबंधन अब अन्य राजनीतिक दलों का स्वागत करने को भी तैयार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध हैं। इंडिया गठबंधन के घटक दलों की बैठक बुधवार शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई। उन्होंने गठबंधन के सहयोगी दलों से कहा कि मैं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताकत से लड़े। आप सबको बधाई। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है।

### बंधक बना बांग्लादेशी लड़कियों से कराया जा रहा था जिस्मफरोशी...

इसी दौरान उनके आधारकार्ड बनवाए गए। पुलिस कस्टडी में ली गई तीनों लड़कियों के नाम निम्पी बरुआ (21), सरमीन अख्तर (20), निपा अख्तर उर्फ खुशी (21) है। वहीं भारत में बनाये गये आधार कार्ड में इनका नाम पायल दास, अनिका दत्ता और खुशी नाम लिखा है। तीनों बांग्लादेश के चटगांव की रहने वाली हैं। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड के अतिरिक्त तीन मोबाइल और एक आईफोन बरामद हुआ है। लड़कियों ने बताया कि तीनों को रात के अंधेरे में तार काट कर बार्डर क्रॉस कराया गया था। अभी भी तीन अन्य लड़कियों का रेस्क्यू करना बाकी : पूछताछ में इन तीनों लड़कियों ने बताया कि इनके साथ तीन और लड़कियां बांग्लादेश से आयी थीं, जो रांची में ही किसी मनीषा रॉय के साथ कहीं छिपी हुई हैं। इनके नाम परवीन, झुमा और हासी अख्तर हैं। रेस्क्यू की गई तीनों लड़कियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### साढ़े तीन करोड़ का डोडा और दस लाख जब्त

पुलिस ने जब वाहन को रूकने का इशारा किया चालक तेजी से गाड़ी भागने लगा। एक्सयूवी व ट्रक को मुरपा मोड़ से पहले सर्विस लेन पर पुलिस ने रोका लिया। इसके बाद चालक भागने लगा। लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से पुलिस ने दोनों वाहनों में सवार व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। यह जानकारी बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि छोटा 6 चक्का ट्रक (जेएच02बीएम-1998) में बैठे चालक ने पूछताछ में अपना नाम बलेश्वर गंझू (40 वर्ष, कांसीयातू-चोरबोरा टोला, थाना-सिमरिया, जिला-चतरा) बताया और कहा कि ट्रक में डोडा लोड किया हुआ है। वहीं एक्सयूवी कार में बैठे व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि ये डोडा पंजाब ले जा जाया जा रहा था। एक्सयूवी में बैठे युवकों के पास से दस लाख आठ हजार छह सौ रुपये भी मिले। ट्रक का जांच करने पर डाला के अन्दर अलग-अलग कुल-117 बोरा में कुल 2407 किलोग्राम डोडा चूर्ण पाया गया। इसके साथ 25 बोरा चावल भूसी बरामद किया गया। कार के पकड़े गए लोगों में आजम अंसारी उर्फ बब्लू उर्फ सीन्दु उम्र 22 वर्ष, लोहरदगा, मो. रासीद उर्फ गोल्डेन 24 वर्ष, लातेहार शामिल हैं। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## झारखंड

## जेएमएफ कर्मियों ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, पौधरोपण किया



नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड के विभिन्न दुग्ध प्रसंस्करण इकाई जैसे होटवार, सारठ, साहिबगंज, पलामू, कोडेरमा, लातेहार इत्यादि में जेएमएफ कर्मियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को पौधरोपण किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह ने सारे कार्मिकों को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने में ये वृक्ष हमारे कितने काम आते हैं। साथ ही, सभी उपस्थित कार्मियों को कम से कम 5 पौधे लगाने की सलाह दी। उन्होंने मेधा डेयरी से सम्बद्ध सभी दुग्ध उत्पादकों में निःशुल्क पौधा वितरण करने की घोषणा की। विश्व पर्यावरण दिवस को झारखंड के ग्रामीण स्तर पर डेयरी सहकारी समितियों ने भी काफी हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर श्री जयदेव बिस्वास ( उप प्रबंध निदेशक, जेएमएफ), पवन कुमार मरवाहा ( महाप्रबंधक, जेएमएफ), ग्रुप प्रमुख एवं जेएमएफ के समस्त कर्मचारी मौजूद थे ।

### आरडीसीआईएस सेल ने मनाया पर्यावरण दिवस

**रांची।** आरडीसीआईएस सेल ने वर्ष 2024 के थीम 'भूमि पुनरुद्धार, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता' पर बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस समारोह के पूर्वार्ध में रांची की सेल इकाइयों के सभी कर्मचारियों के लिए इस्पात उद्योग के संदर्भ में प्रासंगिक विषयगत दिशा में निबंध-सह-प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसके अलावा, सेल कर्मचारियों के बच्चों और कुछ स्थानीय स्कूलों के बच्चों के बीच एक चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। बुधवार की सुबह, सेल सैटेलाइट कॉलोनी में फुटबॉल ग्राउंड के पास एक पौधरोपण समारोह का आयोजन किया गया था। दोपहर में, इस दिवस को भव्य तरीके से मनाने के लिए आरडीसीआईएस व्याख्यान कक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं ने पौधरोपण किया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं ने इस वर्ष के थीम 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता' पर बुधवार को पर्यावरण दिवस मनाया। साथ ही, पौधरोपण भी किया। पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रांची के अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में उप-अंचल प्रमुख शशिकांत तथा क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार एवं उप-क्षेत्र प्रमुख नीरज कुमार कंधवे की उपस्थिति में किया गया।



श्यामली शाखा ने जेवीएम श्यामली व सर्वशिक्षा अभियान, झारखंड, धुर्वा, रांची, डोरंडा शाखा ने बिशप वेस्टकॉट डोरंडा स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय हिनू, रातू शाखा ने लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल तथा एमएच नामकुम शाखा ने बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स सहित ब्वायज स्कूल, नामकुम, मांडर शाखा ने वंडरलैंड स्कूल, मोरहाबादी शाखा ने रामकृष्ण मिशन, अरगोड़ा शाखा ने केंद्रीय विद्यालय, एचईसी, धुर्वा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सर्व शिक्षा अभियान के जयंत मिश्रा, उप प्रशासक एवं उनकी टीम, मेकॉन के संदीप सिन्हा, उप-अध्यक्ष एसएमसी (सीजीएम मार्केटिंग), जेवीएम श्यामली स्कूल से समरजीत जेना, प्राचार्य, संतोष कुमार झा, वरिष्ठ उप-प्राचार्य, विभूति नाथ झा, उप-प्राचार्य, संजय कुमार, उप प्राचार्य तथा अन्य शैक्षिक एवं गैर शैक्षक स्टाफ, एवं केंद्रीय विद्यालय हिनू के प्राचार्य चंदन कुमार चौधरी, तथा बिशप वेस्टकॉट स्कूल के नामांकन प्रभारी एमडी शहाबुद्दीन तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कारोबार संपर्क प्रबंधक रॉबिन लकड़ा, शाखा प्रमुख इशलीन कौर, श्वेता नारायण सिंह, अभय शंकर, रितेश कुमार, डिंपल रानी, विजयेंद्र कुमार एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## रिम्स डायरेक्टर ने एजेंसी को दी चेतावनी कहा काम करो नहीं तो होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची




राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के डायरेक्टर प्रो (डॉ) राजकुमार ने वीडियो जारी कर रिम्स के सभी सफाई एजेंसी को चेतावनी दी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि एजेंसी काम नहीं करती है, तो उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

इस संदर्भ में डायरेक्टर ने अपने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एजेंसियों के सभी एग्रीमेंटों को पढ़ें और उसमें उनके कार्यों के लिए क्या दिशा निर्देश लिखा गया है, इसकी मॉनीटरिंग करते हुए सारी जानकारी दें। डायरेक्टर ने वीडियो में कहा है कि अस्पताल में जगह-जगह पर सिविल गारबेज जमा है, तो कहीं हॉस्पिटल वेस्ट जमा है। शुरू से देख रहा हूं एजेंसी अपना एग्रीमेंट भुल जाते है और पैसे लेते रहते हैं। रिम्स उन्हें मेंटेनेंस तो दे रहा है, लेकिन वे अपनी ड्यूटी भूल रहे हैं। सफाई एजेंसी से पूछने पर वे पीएचडी की जिम्मेदार ठहराते हैं, तो पीएचडी से पूछने पर सफाई एजेंसी को जिम्मेदार ठहराते हैं। सभी एजेंसी एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। विभागों में साफ-सफाई समय पर नहीं होने से वहां दुर्गंध भरा रहता है। ऐसे में उन्होंने सफाई कर्मी सहित सभी लोगों को काम पर वापस आने की हिदायत दी है। साथ ही, कहा कि कन्फ्यूजन पैदा करने के बदले अपने-अपने एग्रीमेंट पढ़ें और काम पर ध्यान दें, तो अच्छा होगा।

### रिम्स में जल्द ही सिंगल विंडो सिस्टम शुरू हो जाएगा

**रांची।** रिम्स के निदेशक प्रो राजकुमार ने कहा कि संस्थान में जल्द ही सिंगल विंडो सिस्टम शुरू हो जाएगा। इसके शुरू होने से मरीजों को एक जगह से दूसरी जगह जांच के लिए नही जाना होगा। सारी जांच एक ही जगह से पूरी हो जाएगी। मरीज वेटिंग एरिया में बैठे रहेंगे और वे अपना नंबर टोकन के माध्यम से डिस्प्ले पर देखेंगे। जब मरीज नाम और नंबर आएगा, तो वे काउंटर पर जाकर अपना सैंपल जमा करेंगे और इस काउंटर से अपनी रिपोर्ट भी ले सकेंगे। इसके लिए बार कोर्ड की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा है कि इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसमें तकरीबन 3 करोड़ रुपये के बजट से सारी मशीनरी को स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रिम्स में रोजाना ढाई हजार मरीजों की जांच होती है। ऐसे में मरीज एक जगह से दूसरी जगह जांच के लिए दौड़ते रहते हैं, जिसका फायदा बाहरी संस्थाओं के दलाल उठाते हैं। रेडियोलोजी से लेकर ब्लड तथा यूरीन सहित सभी टेस्ट के लिए अब मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा।

## सेंट जेवियर्स कॉलेज के छात्रों ने किया पौधरोपण



नवीन मेल संवाददाता। रांची

1/3 कंपनी एनसीसी सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा वितरण किया। साथ ही, पौधरोपण अभियान भी चलाया। वाइस प्रिंसिपल रेव्ह फादर अजय अरुण मिंज ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और पृथ्वी पर जीवन का समर्थन करने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में 40 कैडेटों ने भाग लिया। कैडेटों के बीच विभिन्न पेड़ों के पौधे वितरित किए गऐ। कार्यक्रम ने कैडेटों को पर्यावरण संरक्षण अपनाने और पेड़ लगाने के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सफल बनाया गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## 'एक पेड़ मां के नाम'



नई दिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री ने बुद्ध जयंती पार्क में पौधरोपण करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की। मौके पर पीएम के साथ केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहे।

# बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा शुरू

## कई इलाकों में भाजपा समर्थकों के घरों पर 'हमला'

एजेंसी

**कोलकाता ।** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। बीती रात सूबे के कई इलाकों में भाजपा कार्यकताओं और उनके घरों पर हमले हुए हैं। कुछ मामले तो पुलिस में रिपोर्ट भी हुए हैं।

उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में बीती देर रात तृणमूल कांग्रेस की विजय रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला हुआ। तृणमूल उम्मीदवार पार्थ भौमिक की जीत के बाद बैरकपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 24 के तृणमूल कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाला था। आरोप है कि विजय जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ता बाबू नाग के घर में तोड़फोड़ की गई। उस समय बाबू घर पर नहीं थे। वहां उनकी मां, पत्नी और बच्चे थे। जब बाबू नहीं मिला तो उसके घर पर कांच की



बोतलें और ईंटें फेंकी गईं। भाजपा कार्यकर्ता के परिजनों ने कहा कि पार्थ भौमिक की जीत की घोषणा के बाद विजय जुलूस की ओर से हमारे घर पर हमला किया गया। महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में भी बीती देर रात भाजपा समर्थकों के कई घरों में तोड़फोड़ की गई। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस अपराधियों को पनाह दे रही है। बारासात लोकसभा सीट पर इस बार भी तृणमूल की काकली घोष दस्तीदार ने जीत हासिल की है। कथित तौर पर काकली की जीत पक्की होने के बाद मध्यमग्राम के नेताजीपल्ली में कई भाजपा समर्थकों के घरों पर हमला किया गया। बीती रात नेताजी पल्ली में भाजपा समर्थकों के घर पर हमला हुआ। हमलावरों ने लोहे की रॉड, बांस और बंदूक से निवासियों को आतंकित किया। इलाके में भाजपा पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की कोशिश की गई।

### न्यूटाउन में भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला और बाइक में तोड़फोड़ की घटना हुई

कथित तौर पर कई लोगों की पिटाई की गई। जादवपुर लोकसभा क्षेत्र में अनिर्बान गांगुली के पोलिंग एजेंट समीर मिस्त्री के घर में तोड़फोड़ को लेकर दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर में तनाव फैल गया। नरेंद्रपुर के खेयादह के खुदीराबाद में समीर मिस्त्री डर के कारण बेघर हैं। हालांकि नरेंद्रपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है लेकिन फिलहाल आरोपित लापता हैं। कहा जा रहा है कि नतीजे घोषित होने के बाद समीर के घर पर हमला किया गया। समीर की पत्नी और मां से गाली-गलौज की गई। उस वक्त समीर घर पर नहीं थे। हालांकि हमले से इनकार करते हुए तृणमूल ने इसे भाजपा खेमे के गुटीय संघर्ष को जिम्मेदार ठहराया है। बीती रात हावड़ा के डोमजूर थाना अंतर्गत के तहत जोधगिरी इलाके में भाजपा कार्यकर्ता स्वरूप धारा ने आरोप लगाया कि बीती रात करीब 12:30 बजे तृणमूल से जुड़े बदमाशों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि घरों में तोड़फोड़ की गई और बम फेंके गए। घटना से पूरा परिवार डरा हुआ है। सोनारपुर के ख्वाड़ा में भाजपा के पोलिंग एजेंट के घर में तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप तृणमूल पर लगा है। न्यूटाउन में भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला और बाइक में तोड़फोड़ की घटना हुई है। कथित तौर पर बीती रात 12-14 लोगों ने भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला कर दिया। खिड़की का शीशा टूटा हुआ था। दो बाइकें भी तोड़ दी गईं।

## पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए की जीत पर चीन ने बधाई दी

एजेंसी

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को नियमित प्रेस वार्ता में कहा कि भारत के आम चुनाव के परिणाम निकले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन ने आम चुनाव में जीत हासिल की है। चीनी पक्ष इस पर बधाई देता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व स्थिर चीन भारत संबंध दोनों पक्षों के समान हित में है और इस क्षेत्र, यहां तक कि पूरे विश्व की शांति व विकास के लिए लाभदायक भी है। चीन भारत के साथ समान कोशिश कर दोनों देशों व दोनों देशों की जनता के मूल हितों से आम स्थिति पर ध्यान देते हुए भविष्य के उन्मुख द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगा।

## नवीन पटनायक ने ओडिशा के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद बुधवार को राज्यपाल रघुबर दास से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। सीएम पटनायक अपने दो दशक से अधिक लंबे राजनीतिक करियर में पहली बार विधानसभा में विपक्ष की बेंच पर बैठेंगे। पटनायक बुधवार सुबह राज्यपाल के घर गए और अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की पटनायक के आवास पर एक बैठक हुई जिसमें भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। पटनायक ने पहली बार 5 मार्च, 2000 को ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। तब उनकी पार्टी अपने पिता और पूर्व सीएम बीजू पटनायक की लोकप्रियता पर सवार होकर सत्ता में आई थी।

## अयोध्या से भाजपा हारी नहीं, बुजुर्ग और दलित को दिया सम्मान : जगतगुरु परमहंस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने आने के बाद जीत-हार को लेकर हर जगह मंथन का दौर जारी है। हर कोई चकित है कि आखिर अयोध्या जैसी सीट पर भारतीय जनता पार्टी को क्यों शिकस्त मिली। इसी बीच अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के हारने को लेकर तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य ने बड़ा बयान दिया है। जगतगुरु परमहंस आचार्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी हारी नहीं है, इसके पीछे एक रहस्य है। भाजपा ने जानबूझकर अयोध्या की सीट छोड़ी है। इसका कारण यह था कि गठबंधन ने यहां से एक



*अयोध्या की हार में देखें भगवान राम की शिक्षा पार्टी में दलितों का सम्मान सर्वोपरि*

दलित व्यक्ति को टिकट दिया था। जो अत्यंत बुजुर्ग हैं, इतने बुजुर्ग हैं कि ये समझिए कि उनका साल और 6 महीने चलना मुश्किल है। भारतीय जनता पार्टी में बुजुर्गों और दलितों का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने रामायण का जिक्र करते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के समय रामराज था। उस वक्त भगवान राम प्रत्येक व्यक्ति की खबर रखते थे, चारों तरफ देखते थे, किसी को कोई कष्ट तो नहीं है। उस समय पता चला है कि एक दलित ने कहा था, मैं चाहता हूं भगवान राम सीता का परित्याग कर दें। तो, प्रभु श्रीराम ने सीता का परित्याग कर दिया था।

उस वक्त मंथरा ने कहा था कि भगवान राम को 14 साल के लिए वनवास पर जाना चाहिए। उन्हें जब यह पता चला था कि मंथरा ने कहा है जो कि एक दलित महिला थी तो प्रभु श्रीराम खुशी-खुशी 14 साल के लिए वन चले गए। माता शबरी के जूठे बेर भी खाए।

**लगा बधाईयों का तांता**

## जूनियर एनटीआर ने चंद्रबाबू नायडू व बालकृष्ण को दी बधाई

एजेंसी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनाव में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस मौके पर टॉलीवुड के जाने-माने एक्टर जूनियर एनटीआर ने पार्टी के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू को बधाई दी।

एक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने चाचा चंद्रबाबू नायडू को 'हार्दिक बधाई' दी। उन्होंने कहा कि यह जीत आंध्र प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएगी। जूनियर एनटीआर ने चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश को भी जीत के



*नायडू के बेटे नारा लोकेश को भी जीत के लिए बधाई दी।*

लिए बधाई दी। बता दें कि टीडीपी नेता लोकेश ने मंगलगिरी विधानसभा क्षेत्र से 90,000 से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

## भारत-नेपाल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट पूरा होने के करीब, पीएम प्रचंड ने किया साइट का दौरा

एजेंसी

**काठमांडू ।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने संखुवासभा जिले में 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना (हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट) की 11.8 किलोमीटर लंबी हेड रेस टनल के लिए उत्खनन का काम पूरा होने के बाद साइट का दौरा किया। अरुण-3 जलविद्युत परियोजना का निर्माण एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (एसएपीडीसी) कर रही है। यह एसजेवीएन की मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी है।



एसएपीडीसी एसजेवीएन और नेपाल सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है। इसका मकसद अरुण नदी बेसिन में सतत जलविद्युत उत्पादन से क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना है। सुरंग निर्माण कार्य के शुभारंभ समारोह में नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री शक्ति बहादुर बस्नेत, नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव, एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुशील शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सीएमडी ने प्रधानमंत्री को परियोजना की प्रगति और इससे संबंधित 217 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि परियोजना का 74 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। शेष काम तेजी से जारी है। अरुण-3 जल विद्युत परियोजना अगले साल तक बिजली उत्पादन शुरू कर देगी और इसमें हर वर्ष 3,924 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन की क्षमता है।

**जश्न का माहौल** / तृणमूल ने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 29 पर जीत हासिल की

# ममता ने अपने दम पर जीता बंगाल, विपक्ष ढेर

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर अपने मंझे हुए राजनीतिक अनुभव को लोकसभा चुनाव में साबित किया है। उन्होंने केवल भाजपा के सपने को चकनाचूर किया, बल्कि अपने बलबूते बिना किसी सहयोगी दल के बंगाल के किले पर फतह बरकरार रखी है। तृणमूल ने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 29 पर जीत हासिल की है। पार्टी ने भाजपा को पिछली बार की 18 सीटों से पीछे धकेल कर उसे 12 तक ही सीमित कर दिया।



### भाजपा की आकांक्षाओं को लगा करारा झटका

इस चुनाव में भाजपा ने अभूतपूर्व प्रचार अभियान चलाकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। चुनावी रणनीतियों के कारण तृणमूल 215 सीटों पर पहुंच गई और भाजपा को उसने 77 सीटों तक सीमित कर दिया। हालांकि, भाजपा अपनी पिछली तीन सीटों की संख्या से कई गुना अधिक सीटें हासिल करने में सफल रही और उसने विधानसभा में एकमात्र विपक्ष के रूप में खुद को स्थापित किया, लेकिन राज्य में भाजपा की राजनीतिक आकांक्षाओं को करारा झटका देने का श्रेय बनर्जी और अभिषेक को दिया गया। मौजूदा लोकसभा चुनाव में ममता ने अपने बलबूते पर पश्चिम बंगाल में अपने सबसे मजबूत किले पर पकड़ बरकरार रखी है।

भाजपा को 39 प्रतिशत से भी कम वोट मिले। हालांकि, दीदी ने जीत का श्रेय राज्य की जनता को दिया और चुनावी नतीजों को बंगाल के विरोधियों को जनता का ठेंगा करार दिया, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि ममता का राजनीतिक करिश्मा उनके समर्थकों के विश्वास को बनाए रखने में कहीं अधिक काम आया। बनर्जी अपनी व्यक्तिगत लोकप्रियता के अलावा जिस कारण से जीत को बरकरार रखने में कामयाब रहीं, वह है लाभार्थी राजनीति। इसे उन्होंने राज्य में अपने कार्यकाल के दौरान सक्रिय रूप से अपनाया। इसने विपक्ष के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों और सत्ता-विरोधी ज्वार को कम कर दिया। लक्ष्मी भंडार और कन्याश्री जैसी योजनाओं के लाभार्थियों ने भी बनर्जी को बड़े पैमाने पर समर्थन दिया।

उन्होंने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि तृणमूल प्रमुख के कई नेता जेल में हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियां उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी सहित कई अन्य लोगों पर शिकंजा कस रही हैं। केंद्रीय कोष पर प्रतिबंध लगा हुआ है, जिससे राज्य की कल्याणकारी योजनाएं कथित तौर पर पटरी से उतर गई हैं। इस प्रक्रिया में उन्होंने खुले तौर पर पीड़ित कार्ड खेला और बाहरी लोगों से राज्य के लोगों की रक्षक के रूप में अपनी छवि को बढ़ावा दिया।उन्हें शायद 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा के जबरदस्त प्रभाव का सफलतापूर्वक प्रतिरोध करने के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाएगा।

## वाम मोर्चे के खराब प्रदर्शन पर सीएम विजयन ने कहा

### आत्म निरीक्षण करेंगे

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव में वाम मोर्चे के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को कहा कि इसका मंथन किया जाएगा। सीएम विजयन ने एक बयान में कहा, 2019 में भी हमें इसी तरह का जनादेश मिला था। हम इस जनादेश को स्वीकार करते हैं और हम आत्म मंथन करेंगे और जरूरी सुधार करेंगे, शासन में गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। हम लोगों के बीच जाकर उन्हें यह बताएंगे कि सरकार को कैसे बदनाम किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में वाम मोर्चे का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। उसे सिर्फ एक सीट मिली जबकि कांग्रेस नीत यूडीएफ 18 सीटों पर विजयी रहा। भाजपा ने एक सीट पर जीत के साथ पहली बार राज्य में अपना खाता खोला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधाकरन ने कन्नूर लोकसभा सीट पर बड़ी जीत के साथ अपनी सांसदी बरकरार रखी। उनकी जीत का अंतर बढ़कर एक लाख के पार हो गया। उन्होंने सवाल किया, आत्म चिंतन के लिए बचा ही क्या है?

सीएम विजयन और सुधाकरन दोनों कन्नूर से ताल्लुक रखते हैं। कॉलेज के दिनों से ही दोनों की प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है। सीएम विजयन के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन ने कहा कि त्रिशूर में भाजपा की जीत मुख्यमंत्री और भाजपा के बीच गुप्त समझौते का नतीजा है।